# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 3 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-137 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# स्वास्थ्य संस्थान में अनावश्यक रेफरल पर रोक लगाएं : सीएम

## हर व्यक्ति को समय पर गुणवत्तापूर्ण व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं : सम्राट

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार देर शाम स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थान में अनावश्यक रेफरल पर रोक लगायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को समय पर, गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसके लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करें। अनावश्यक रेफरल की प्रवृत्ति पर रोक लगायें, इसके लिये प्रभावी व्यवस्था विकसित करें और स्पष्ट नीति के साथ कार्रवाई करें। 15 अगस्त 2026 से अनुमण्डलीय अस्पताल एवं जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज, उच्च स्वास्थ्य संस्थान में अनावश्यक रेफरल पर रोक लगायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैथोलॉजी सेवाओं, एनेस्थीसिया, एमआरआइ एवं मैमोग्राफी जैसी आधुनिक जांच सुविधाओं का विस्तार करें तथा इन्हें इन्हें अधिक सुलभ बनायें। हड्डी रोग एवं न्यूरो से संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु विशेष तौर पर ट्रॉमा सेंटर का सुदृढ़ीकरण एव क्रियाशील करने पर फोकस किया जाय। प्रमण्डलीय आयुक्त, जिला पदाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारी सरकारी अस्पतालों का नियमित रूप से रात्रिकालीन निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से आपातकालीन सेवाओं, एम्बुलेंस सेवाओं सहित अन्य जानकारियों को प्रमुखता से प्रदर्शित करायें। जिला अस्पतालों में उपलब्ध



उपकरणों का नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा मेडिकल कॉलेजों की सतत निगरानी जिला पदाधिकारियों के माध्यम से की जाए। रोगी कल्याण समिति के सदस्यों का पुनर्गठन किया जाय तथा समिति को सक्रिय एवं क्रियाशील बनाया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्सों की पदस्थापना पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा यथासंभव इन्हें उनके गृह जिलों में पदस्थापित करने पर विचार किया जाय। नए मेडिकल कॉलेजों के संचालन एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए आवश्यक परियोजनाओं को पीपीपी मॉडल के माध्यम से आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार करें। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण समिति के गठन के निर्देश दिए, जिसकी अध्यक्षता संबंधित जिला पदाधिकारी करेंगे। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी निर्माण में तेजी लाने को कहा।

## मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो के मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का किया उद्घाटन

### पटना मेट्रो प्री-पेड स्मार्ट कार्ड की शुरुआत

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को पटना मेट्रो के मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन करते हुए मेट्रो सेवा का विस्तार भूतनाथ रोड स्टेशन तक कर दिया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री स्वयं मेट्रो ट्रेन में सवार होकर मलाही पकड़ी से भूतनाथ रोड स्टेशन तक पहुंचे। उनके साथ प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव मौजूद रहे।

मलाही पकड़ी और भूतनाथ रोड स्टेशन के बीच की दूरी करीब तीन किलोमीटर है। इस स्टेशन के शुरू होने का इंतजार स्थानीय लोग कई महीनों से कर रहे थे। अब उद्घाटन के बाद आम यात्री भी मलाही पकड़ी स्टेशन से मेट्रो सेवा का लाभ उठा सकेंगे। मलाही



पकड़ी स्टेशन के संचालन के साथ अब इस कॉरिडोर पर कुल चार मेट्रो स्टेशन—मलाही पकड़ी, भूतनाथ, जीरो माइल और बैरिया आईएसबीटी—संचालित होंगे। मलाही पकड़ी से बैरिया आईएसबीटी तक 6.2 किलोमीटर की दूरी महज 16 मिनट में तय की जा सकेगी। सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक हर 35 मिनट के अंतराल पर मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी। फिलहाल इस रूट पर एक ही मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाएगा। मलाही पकड़ी से बैरिया आईएसबीटी तक यात्रा के लिए 30 रुपये किराया निर्धारित किया गया है, जो वर्तमान में इस रूट का अधिकतम किराया है। इस विस्तार से खासकर कंकड़बाग, राजेंद्रनगर और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। उद्घाटन से पहले स्टेशन को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

# ट्रिपल टी से बनेगा भ्रष्टाचार मुक्त बिहार सुशासन को मिलेगी नई मजबूती : सम्राट

## बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस व जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ट्रिपल टी यानि ट्रांसपेरेंसी, टेक्नोलॉजी एंड ट्रस्ट से बिहार भ्रष्टाचार मुक्त बनेगा और इससे सुशासन को भी नई मजबूती मिलेगी। गुरूवार को उन्होंने बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस एवं बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ के मौके पर कही। राजधानी के ज्ञान भवन में निगरानी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने निगरानी अनवेषण ब्यूरो के नवीन लोगो का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम के समक्ष निगरानी विभाग के कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गयी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि बिहार के सभी 9 प्रमंडलों में विशेष निगरानी न्यायालय (स्पेशल विजिलेंस कोर्ट) की स्थापना की जाएगी, ताकि भ्रष्टाचार के मामलों का त्वरित निस्तारण हो तथा दोषियों को शीघ्र दंड मिल सके। बिहार में अपराध एवं आर्थिक अपराध से जुड़े मामलों में सरकारी गवाहों को यदि गवाही देने के लिए कहीं जाना पड़े, तो उन्हें परिवहन भत्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को ध्यान में रखते हुए बिहार के प्रत्येक जिले में निगरानी थाना तथा सभी अनुमंडलों में निगरानी ओपी स्थापित की जाएगी। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई एवं निगरानी अन्वेषण ब्यूरो अपने साथ विशेषज्ञ व्यक्तियों को जोड़ते हुए ऐसी आधुनिक एवं स्मार्ट कार्यप्रणाली विकसित करे कि विशेष परिस्थिति में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भी इनके सहयोग की आवश्यकता महसूस हो। सीएम ने कहा कि भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, स्पेशल विजिलेंस यूनिट तथा आर्थिक अपराध इकाई सीधे कार्रवाई करे। भ्रष्टाचार करनेवाले लोगों को चिन्हित कर बिहार सरकार उनके जब्त किए गए परिसरों में विद्यालय संचालित करेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त मंत्रियों, विधायकों तथा शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों के विरुद्ध हमारी सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। गरीबों को न्याय दिलाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सहयोग शिविर' कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। न्याय के साथ विकास तभी संभव है, जब सरकार की नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी गड़बड़ी के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि शॉर्टकट की संस्कृति छोड़कर ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा अपनाना होगा। विद्यालयों में भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास किया जाएगा।

**मुख्य बिंदु**

- बिहार के सभी 9 प्रमंडलों में विशेष निगरानी न्यायालय की होगी स्थापना
- प्रत्येक जिले में निगरानी थाना तथा अनुमंडलों में निगरानी ओपी की जाएगी स्थापित
- भ्रष्टाचारियों को चिन्हित कर सरकार उनके जब्त परिसरों में खोलेगी विद्यालय

## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुर में अब भी हालात सामान्य नहीं हुए : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर में हुई हालिया घटना को लेकर केंद्र को घेरा है। उन्होंने कहा कि मणिपुर वर्षों से हिंसा की आग में जल रहा है और अब भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। राज्य में राष्ट्रपति शासन भी लगाया गया था लेकिन स्थिति में कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिला। राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि मणिपुर में एक बार फिर नफरत और हिंसा की आग में 20 घर जलकर नष्ट हो गए। हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और अनगिनत परिवार उजड़ चुके हैं।

### पंडारक में ठनका गिरने से दो किसानों की मौत

**बाढ़।** पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत पंडारक प्रखंड के भदौर थाना क्षेत्र के ललपुरा गांव में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो किसानों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों की पहचान ललपुरा गांव निवासी सीताराम महतो (50) एवं गुप्ता महतो के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों किसान धान के खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज गरज-चमक के बीच आकाशीय बिजली गिर गई।

### 13 से शुरू होगा लखनऊ कानपुर 6 लेन एक्सप्रेसवे

**लखनऊ।** 63 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे का होगा लोकार्पण। एनएचएआई ने 13 जुलाई की तारीख की पुष्टि की। इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के फ्लाईओवर का भी होगा शिलान्यास। लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम कानपुर रोड पर आयोजित होगा। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे उद्घाटन, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहेंगे मौजूद। एक्सप्रेसवे पर सफर के लिए टोल शुल्क देना होगा। नए मार्ग से लखनऊ-कानपुर के बीच यात्रा होगी तेज और सुगम। एक्सप्रेसवे शुरू होने से दोनों शहरों की कनेक्टिविटी को मिलेगा बड़ा फायदा।

### लालू यादव के करीबी सुबोध राय गिरफ्तार



**पटना (एनएसबी)।** झारखंड के रांची जिले में अवैध शराब बनाने के आरोप में बड़ी कार्रवाई की गई है. पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के करीबी माने जाने वाले सुबोध राय को गिरफ्तार कर लिया गया है. उनके ओरमांझी स्थित बॉटलिंग प्लांट को भी सील कर दिया गया है। कार्रवाई रांची के ओरमांझी में पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त छापेमारी के बाद की गई. मंगलवार रात अधिकारियों ने तरंगनी बॉटलर्स के परिसर में छापा मारा. जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई. इसके बाद सुबोध राय को गिरफ्तार कर लिया गया।

### हिरासत में मौत के मामले में 9 पुलिसकर्मियों को उम्रकैद

**मुंबई।** महाराष्ट्र के वाशिम जिले की एक अदालत ने 2011 के हिरासत में मौत के मामले में नौ पुलिसकर्मियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जे. पी. झापटे ने तत्कालीन रिसोड पुलिस थाने के प्रभारी माधव धांडे समेत 9 पुलिसकर्मियों को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया। यह मामला भेग्या पवार नाम के एक युवक की मौत से जुड़ा है।

## 20 साल बाद लालू-राबड़ी ने खाली किया 10 सर्कुलर सरकारी बंगला

**पटना (एनएसबी)।** राजद सुप्रीमो लालू यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली कर दिया है। दोनों अब कौटिल्य नगर स्थित अपने निजी आवास में शिफ्ट हो गए हैं। वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने परिवार के साथ 1 पोलो रोड स्थित सरकारी आवास में रहेंगे। दरअसल, 10 सर्कुलर रोड लंबे समय तक लालू परिवार का प्रमुख सरकारी आवास रहा। राबड़ी देवी को साल 2006 में बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद यह सरकारी आवास अलॉट किया गया था। तब से यह बंगला बिहार की राजनीति के कई अहम फैसलों का केंद्र माना जाता रहा है। इसी आवास में रहते हुए तेजस्वी यादव ने भी साल 2015 में पहली बार बिहार के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अब परिवार के नए आवास में शिफ्ट होने के साथ ही इस बंगले से जुड़ा एक लंबा राजनीतिक अध्याय भी समाप्त हो गया है।

## वेतन आयोग के अवर सचिव 20 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

### निगरानी ने ऑफिसर्स फ्लैट से रंगे हाथों पकड़ा

**पटना (एनएसबी)।** भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार सुबह निगरानी विभाग की टीम ने वेतन आयोग के अवर सचिव आमोद मिश्रा को 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र में इस्कॉन मंदिर के पास स्थित वेतन आयोग कार्यालय में की गई।

निगरानी विभाग की टीम ने कार्यालय में ही जाल बिछाकर आरोपी अधिकारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ा लिया। आमोद मिश्रा मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के वेतन कोषांग शाखा में अवर सचिव के पद पर कार्यरत हैं। जानकारी के मुताबिक, एसबीएम कॉलेज, बिहारशरीफ में उमाशंकर उमरेबी के पिता प्रयोग प्रदर्शक के तौर पर पोस्टेड थे। सेवानिवृत्त के बाद एरियर का करीब 17 लाख रुपये का भुगतान लंबित था।



### नालंदा में 22 हजार रुपए रिश्वत लेते लिपिक धराया

**नालंदा।** जिले के हिलसा अनुमंडल कार्यालय में बुधवार की देर शाम निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रधान सहायक (प्रधान लिपिक) को 22 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के दौरान उनके एक सहयोगी सुनील चौधरी को भी हिरासत में लिया गया है। दोनों को पूछताछ के लिए पटना ले जाया गया है।

## बांकीपुर सीट पर 30 जुलाई को मतदान

**पटना (एनएसबी)।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को निविन नवीन के इस्तीफे के बाद खाली हुई बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। 30 जुलाई को यहां वोटिंग होगी और 3 अगस्त को वोटों की गिनती की जाएगी। भाजपा ने अब तक यहां उम्मीदवार नहीं उतारा है। जबकि तेज प्रताप सबसे पहले उम्मीदवार का ऐलान कर चुके हैं। तेज प्रताप यादव ने जनशक्ति जनता दल में शामिल हुई वीणा मानवी को इस सीट से टिकट दिया है। वीणा मानवी एक सामाजिक कार्यकर्ता रही हैं, वे मुख्य रूप से पटना और बिहार में महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक मुद्दों पर मुखर रहने के लिए पहचानी जाती हैं। वे पहले भाजपा महानगर (पटना) की महिला विंग में कोषाध्यक्ष के रूप में भी जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (एश्ट) और श्ढअळ का उपयोग किया जाएगा।

## फैसलों में AI फर्जी उदाहरण खतरनाक : सुप्रीम कोर्ट

### ये मिथाइल आइसोसाइनेट जैसे, इससे न्याय व्यवस्था को नुकसान

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से बनाए गए नकली कानूनी उदाहरणों का इस्तेमाल खतरनाक है। कोर्ट ने इसकी गंभीरता समझाने के लिए कहा कि यह खतरा उतना ही बड़ा है, जितना भोपाल गैस त्रासदी में जहरीली (AI) गैस का रिसाव था।



जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने गुरुवार को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) का फैसला रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा-कोर्ट ने कहा कि नकली कानूनी जानकारी दिखने में छोटी बात लग सकती है, लेकिन यह बहुत खतरनाक होती है। इससे न्यायिक प्रक्रिया खराब होती है और अदालत के फैसलों पर लोगों का भरोसा भी कम हो

### NCLT का फैसला रद्द

सकता है। यह मामला एस्सेल इन्फ्राप्रोजेक्ट लिमिटेड, जम्मू-कश्मीर बैंक लिमिटेड और पूजा रमेश सिंह से जुड़े दिवालियापन विवाद का है। इस मामले में NCLT मुंबई ने IBC की धारा-7 के तहत एक याचिका स्वीकार की थी, जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। NCLT ने अपने फैसले को सही साबित करने के लिए जिन कानूनी मामलों का हवाला दिया था, उनमें से कई मामले असल में थे ही नहीं। फैसले में कुछ ऐसे मामलों का नाम लिखा गया था, जो पूरी तरह से मनगढ़ंत यानी नकली थे। उनकी कानूनी साइटेशन भी बनाई गई थीं और उनका कोई वास्तविक रिकॉर्ड मौजूद नहीं था।

## बेंगलुरु : पत्थर खदान में चट्टान गिरी, बिहार के 7 मजदूरों की मौत

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु दक्षिण तालुक के मादपट्टण गांव के समीप स्थित कावेरी क्रशर पत्थर खदान में गुरुवार को विशाल चट्टान गिरने से 7 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आरआर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। केंद्रीय परिक्षेत्र के आईजीपी गिरीश ने बताया कि मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उनके अनुसार लगभग 40 फीट ऊंचाई से एक विशाल चट्टान अचानक टूटकर नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। हादसे के समय खदान में उत्तर भारत के 10 से 15 मजदूर तथा 2 से 3 स्थानीय श्रमिक कार्य कर रहे थे। मृतकों की पहचान मध्य प्रदेश निवासी राजपाल सिंह, सत्यनारायण सिंह, रामअवतार सिंह, भुवनेश्वर सिंह और राजेंद्र प्रसाद, छत्तीसगढ़ निवासी नूहर तथा कर्नाटक निवासी रामु के रूप में हुई है। स्थानीय विधायक एसटी



सोमशेखर ने कहा कि 10 मजदूरों में से 7 की मौत होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि खदानों की सुरक्षा को लेकर पहले भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन लापरवाही बरती गई। उन्होंने स्थानीय पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ भी मामला दर्ज करने तथा हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

## हथियार के बल पर कलेक्शन एजेंट से 60 हजार की लूट

**कटिहार (एनएसबी)।** जिले के मनिहारी प्रखंड स्थित नवाबगंज आईटीआई के समीप गुरुवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने एक निजी कंपनी के कलेक्शन एजेंट से 50 से 60 हजार रुपये लूट लिए। अपराधी बंदूक की नोक पर घटना को अंजाम देकर तेज रफ्तार बाइक से फरार हो गए। व्यस्त मार्ग पर दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित कलेक्शन एजेंट सोनू कुमार बोलिया क्षेत्र में दुकानों और ग्राहकों से रुपये का कलेक्शन करने गया था। वहां से नकदी लेकर वह वापस मनिहारी लौट रहा था। इसी दौरान नवाबगंज आईटीआई के पास पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। अपराधियों ने सोनू को हथियार दिखाया और डरा-धमका कर उसके पास रखे कलेक्शन के 50 से 60 हजार रुपये नकद छीन लिए।

## भारत-जापान रिश्तों में टेक्नोलॉजी बनेगी सबसे मजबूत आधार : मोदी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया भरोसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जापान भारत का एक बहुत महत्वपूर्ण साझेदार है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में नई दिल्ली और टोक्यो के बीच संबंध और भी मजबूत होंगे और इसमें टेक्नोलॉजी साझेदारी सबसे मजबूत आधार बनेगी।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जापानी प्रधानमंत्री के साथ दिल्ली में हुई बातचीत के बाद लिखा, ह्लजापान भारत का एक अहम साझेदार है और हमें पूरा भरोसा है कि आने वाले समय में हमारे रिश्ते और मजबूत होंगे। आज हमारी बातचीत भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के सभी पहलुओं पर हुई। इसमें टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रक्षा और सुरक्षा, दवाइयां और कई अन्य मुद्दे शामिल रहे। पीएम ने कहा,



आर्थिक संबंधों की बात करें तो हमारा लक्ष्य साफ है। अगले दस वर्षों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन येन का निवेश और भारत में जापानी कंपनियों की संख्या को दोगुना करना है। दोनों नेताओं ने 16वीं भारत-जापान वार्षिक शिखर बैठक में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने दोनों देशों के बीच सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की और उसे और मजबूत करने पर बात की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, प्रधानमंत्री ताकाइची और मैं मानते हैं कि हमारी साझेदारी में तकनीक सबसे मजबूत आधार बनेगी। इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए आज हमने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में एक संयुक्त बयान जारी किया है। भारत के एआई क्षेत्र की कई प्रमुख संस्थाओं ने भी आज अपने जापानी सहयोगियों के साथ समझौते किए हैं। हमने ऊर्जा, लोगों के बीच संपर्क और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा की। जापान की प्रधानमंत्री ने भी भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में 'फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक (एफओआईपी)' को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार बताया।

## खबरें : एक नजर में

### दीघा के नामचीन स्कूल के छात्र ने विवाद के बाद जूनियर को जबरन उठाकर ले गया फिर छोड़ा

**पटना / एनएसबी।** दीघा थाना क्षेत्र के सेंट माइकल स्कूल के सामने से सीनियर छात्र ने विवाद के बाद जूनियर छात्र को जबरन उठाकर कर ले गया। बाद में विवाद गहराने छात्र को स्कूल के सामने लाकर छोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र को अपने साथ ले जाकर परिजन के हवाले कर दिया। डीएसपी विधि व्यवस्था एक कृष्ण मुरारी प्रसाद के मुताबिक बृहस्पतिवार को दीघा थाना क्षेत्र स्थित एक विद्यालय के सामने से एक बच्चे के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पटना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी के उपरांत बच्चे से पूछताछ की गई, जिसमें प्रारंभिक तौर पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि विद्यालय में एक जूनियर छात्र के साथ हुए विवाद के बाद यह घटना हुई। बच्चे ने यह भी बताया कि उसे साथ ले जाने वाला कुछ समय बाद पुनः विद्यालय के समीप छोड़कर चला गया। प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे का स्पष्ट कारण बच्चों द्वारा नहीं बताया जा सका है। पटना पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के साथ-साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का परीक्षण सहित प्रत्येक महत्वपूर्ण बिंदु की जांच की जा रही है।

### अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया गया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी, पटना कुन्दन कुमार के निदेश पर जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पटना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल, पाटलिपुत्र अंचल, अजीमाबाद अंचल एवं नगर परिषद दानापुर के क्षेत्रों के अलावे कंकड़बाग अंचल, पटना सिटी अंचल, बाँकीपुर अंचल, नगर परिषद खगौल एवं नगर परिषद फुलवारीशरीफ में अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया गया। नूतन राजधानी अंचल के अंतर्गत गया लाइन गुमटी से सिपारा पुल के नीचे तक रोड के दोनों तरफ से, पाटलिपुत्र अंचल में विजय नगर एस्.एस्.बी. कैम्प, जगदेव पथ एवं राजा बाजार से, अजीमाबाद अंचल में जनता होटल अशोक राज पथ से गुड़हट्टा चौक अशोक राज पथ तक एवं जीरो माईल से मसौढ़ी मोड़ तक, नगर परिषद दानापुर निजामत में ददन हांडी खगौल रोड से विजय सिंह यादव पथ तक, कंकड़बाग अंचल में ओल्ड बाईपास, मलाही पकड़ी एवं 90 फीट रोड से, पटना सिटी अंचल में पटना साहिब स्टेशन से मोर्चा रोड होते हुए मंसूरगंज तक, बाँकीपुर अंचल में कदमकुआँ से दरियापुर तक, नगर परिषद खगौल में कार्यालय नगर परिषद खगौल से मौर्य बिहार कालोनी तक तथा नगर परिषद फुलवारीशरीफ के एनएच-139 थाना गोलम्बर से नोहसा मोड़ तक अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाए गए जिसमें कई प्रकार की सामग्रियाँ जब्त की गई तथा स्थायी एवं अस्थायी रूप से निर्मित कई अबसंरचनाओं को तोड़ा गया।

# महिलाएं भी भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर होकर करने लगी हैं शिकायतें : जितेंद्र सिंह गंगवार

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राज्यभर से किसी पद पर बैठे भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ निगरानी ब्यूरो में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शिकायत करने लगी हैं। 2025 में 8 महिलाओं ने आगे बढ़कर भ्रष्ट लोकसेवकों के बारे में घूस मांगने की शिकायत निगरानी ब्यूरो से की। जबकि, इस वर्ष जून तक ही 8 महिलाओं की शिकायतें आ गई हैं। यह संभव हो सका है, निगरानी ब्यूरो में चौबीस घंटे किसी भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ शिकायत करने की सुविधा बहाल होने और लगातार हो रही कार्रवाई की वजह से लोगों में एक भरोसा कायम होने के कारण। वर्ष अंत तक इसकी संख्या बढ़ेगी। ये बातें निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक (डीजी) श्री जितेंद्र सिंह गंगवार ने कही।

वे गुरुवार को शहर के ज्ञान भवन में आयोजित बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। इस मौके पर उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य मंत्री, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, डीजीपी विनय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने निगरानी ब्यूरो के नए लोगो का अनावरण भी किया। इसके गठन के करीब 80 वर्ष बाद इस ब्यूरो को अपना लोगो मिला है, जो इसे अपना खास पहचान प्रदान करता है।

डीजी श्री गंगवार ने कहा कि निगरानी ब्यूरो में भ्रष्टाचार के खिलाफ पिछले 25 वर्षों यानी वर्ष 2000 से 2024 तक सालाना औसतन 72 एफआईआर होती थी। पिछले वर्ष इसमें 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और एफआईआर की यह संख्या बढ़कर 122 हो गई।



ज्ञान भवन में आयोजित बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया।

मौजूदा वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में इसमें दो गुणा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसी तरह ट्रैप के मामले में पिछले 25 वर्षों में सालाना औसतन 49 होते थे, जो 2025 में बढ़कर 101 हो गई और इस वर्ष इसमें तीन गुणा की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि इसी तरह सजा दिलाने की मुहिम में भी काफी तेजी आई है। पिछले 25 वर्षों के दौरान सालाना औसतन 5.6 आरोपियों को सजा दिलाई गई, लेकिन सिर्फ पिछले वर्ष 30 आरोपियों को सजा दिलाई गई। इसमें छह गुणा की बढ़ोतरी हुई है। इस वर्ष सजा दिलाने की दर इससे कहीं आगे पहुंच जाएगी।

महानिदेशक ने कहा कि अवैध तरीके से संपत्ति जमा करने वाले लोक सेवकों के खिलाफ भी तेजी से कार्रवाई की जा रही है। अब तक भ्रष्टाचारियों की 102 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें 32 करोड़ रुपये की संपत्ति अंतिम रूप से जब्त कर ली गई है।

### मुख्यमंत्री ने निगरानी ब्यूरो के नए लोगो का अनावरण भी किया

### पिछले 24 वर्षो में प्रति वर्ष औसतन 72 एफआईआर होती थी, सिर्फ पिछले वर्ष 122 मामले किए गए दर्ज

महानिदेशक ने कहा कि शिक्षकों की वर्ष 2006 से 2015 के बीच हुई बहाली में गड़बड़ी की जा रही है। इसमें अब तक 3.50 लाख शिक्षकों के 6.70 लाख प्रमाण-पत्रों की जांच हो गई है, जिसमें 1830 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। कुछ मामलों की जांच चल रही है। इस जांच में नेपाल के अलावा दूसरे राज्यों के भी 378 बोर्ड या विश्वविद्यालय से विभिन्न तरह के डिग्रियों की जांच कराई गई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बदौलत ही समृद्ध भारत और विकसित बिहार के सपने को साकार किया जा सकता है। इसके लिए ब्यूरो का प्रत्येक प्रमंडल स्तर पर एक-एक थाना होना आवश्यक है। साथ ही कोर्ट में लंबित मामलों का निपटारा कराने के लिए विशेष न्यायालयों की संख्या भी बढ़ाने की आवश्यकता है।

महानिदेशक के इस मांग को बाद में मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान समर्थन करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रमंडल में एक-एक थाना और जिला स्तर पर एक-एक ओपी (आउट पोस्ट) का गठन करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सहयोग की त्रिवेणी यानी शिविर का आयोजन, ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन और ऑनलाइन समस्याओं का समाधान करने जैसे प्रयासों से भ्रष्टाचार पर नकेल लगेगा।

### मोतीपुर में ई मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी की नई शाखा शुरू, आधुनिक दवा सेवा अब स्थानीय लोगों के लिए सुलभ

**मुजफ्फरपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी की नई शाखा का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती वीणा देवी (सांसद, वैशाली लोकसभा) ने फीता काटकर स्टोर का उद्घाटन किया और इस पहल को क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

स्टोर के फ्रेंचाइजी ओनर अभिलाष कुमार ने कहा कि ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी का उद्देश्य मोतीपुर एवं आसपास के लोगों को ब्रांडेड एवं प्रमाणित दवाइयाँ उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को पारदर्शी बिलिंग, होम डिलीवरी और बेहतर ग्राहक सेवा जैसी सुविधाएँ भी प्रदान की जाएँगी।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अरविंद कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह (विधायक, बरूराज विधानसभा), राजेश कुमार सिंह (प्रमुख, मोतीपुर प्रखंड), मनोज कुमार सिंह (मुखिया संघ अध्यक्ष), देवेंद्र कुंवर (जिला परिषद प्रतिनिधि), कुमार आशुतोष (एजीएम, इंडियन बैंक, लखनऊ) एवं सुरेंद्र प्रसाद सिंह (पूर्व मुखिया, बरियारपुर पश्चिमी) उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने ई-मेडिक्स की संगठित फार्मेसी व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवा सेवाओं का लाभ मिलेगा।

ई-मेडिक्स की ओर से वकार सिद्दीकी (जनरल मैनेजर) एवं अमनदीप भारद्वाज (अपरेशंस मैनेजर) उपस्थित रहे। इस अवसर पर जीएम वकार सिद्दीकी ने कहा कि ई-मेडिक्स का उद्देश्य केवल नए स्टोर खोलना नहीं, बल्कि हर शहर और कस्बे तक भरोसेमंद, पारदर्शी और किफायती दवा सेवा पहुँचाना है।

# राज्य के विद्यालयों के विकास के लिए केंद्र से 1120 करोड़ की वित्तीय सहायता का अनुरोध

## शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

### शिक्षा मंत्री ने बिहार के लिए विशेष बजट आवंटित करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर राज्य में विद्यालयी शिक्षा के सुदृढ़ीकरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार के लिए 1120 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने इस दिशा में सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। पदभार ग्रहण करने के बाद शिक्षा मंत्री की प्रधान से यह दूसरी मुलाकात थी।

इस दौरान शिक्षा मंत्री ने प्रधान को बताया कि राज्य सरकार के सात निश्चय-3 (2025-30) 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' कार्यक्रम तथा समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण योजनाएं प्रस्तावित हैं। इनमें जीविका के सहयोग से 542 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के विद्यार्थियों के लिए विशेष यूनिफर्म की व्यवस्था, व्यावसायिक शिक्षा के तहत 1068 विद्यालयों में प्रयोगशालाओं की स्थापना, 2577 आईसीटी लैब तथा 2522 स्मार्ट क्लास का विस्तार शामिल है।

उन्होंने प्रधान के समक्ष समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक शिक्षण कार्यक्रम, बालिकाओं के लिए रोबोटिक लर्निंग एवं कोडिंग गतिविधियां, पारंपरिक कला आधारित उद्यमिता प्रशिक्षण, प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों के लिए 'खेल पिटारा' किट तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में जेंडर एवं इटी से संबंधित सुविधाओं के विस्तार का प्रस्ताव भी रखा।


शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से की मुलाकात।

श्री तिवारी ने कहा कि बिहार में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने, डिजिटल संसाधनों का विस्तार करने तथा सभी बच्चों तक समान अवसर पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बिहार के लिए विशेष बजट के आवंटन का आग्रह करते हुए कहा कि इससे विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सभी प्रस्तावों को ध्यानपूर्वक सुना और बिहार को वित्तीय सहायता मुहैया कराने की दिशा में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बिहार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की सराहना की।

शिक्षा मंत्री तिवारी ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रस्तावित योजनाओं के क्रियान्वयन से राज्य के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण, आधुनिक तकनीक आधारित सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। इससे राज्य के शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक व दूरगामी बदलाव आएगा।

# मिशन उड़ान के तहत चयनित विद्यार्थियों की हुई विशेष काउंसलिंग

### पटना नगर निगम के अधिकारियों ने सफाई कर्मियों के बच्चों को दिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के मंत्र

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गुरुवार को मौर्य लोक परिसर स्थित मौर्य मंडपम में मिशन उड़ान के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के वरीय अधिकारियों ने 75 विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं (यूपीएससी, बीपीएससी, एनईईटी एवं जेईई) की तैयारी से जुड़ी विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

काउंसलिंग सत्र के दौरान विद्यार्थियों को इन प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम (सिलेबस), परीक्षा की रूपरेखा, अध्ययन सामग्री, तैयारी की रणनीति तथा सफलता के लिए आवश्यक अध्ययन पद्धति के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, नियमित रिवीजन, नोट्स तैयार करने की तकनीक, मॉक टेस्ट के महत्व तथा आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी उपयोगी सुझाव दिए।

कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित रेडियो मिर्ची के लोकप्रिय आरजे शशि ने विद्यार्थियों को प्रभावी संचार कौशल, भाषाई दक्षता तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के इंटरव्यू चरण में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक व्यवहारिक कौशल, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति की कला पर चर्चा करते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए, जिससे विद्यार्थियों को काफी प्रेरणा मिली।



मिशन उड़ान के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर निगम के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने-अपने प्रतियोगी परीक्षा के अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को सफलता के लिए आवश्यक व्यावहारिक टिप्स दिए। काउंसलिंग सत्र पूरी तरह संवादात्मक रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अध्ययन सामग्री, समय प्रबंधन, करियर विकल्प तथा परीक्षा रणनीति से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। अधिकारियों ने सभी जिज्ञासाओं का विस्तारपूर्वक समाधान करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

काउंसलिंग सत्र में दीपक कुमार (आईएएस), राजन सिन्हा, अपर नगर आयुक्त, रामाशीष शरण तिवारी, उप नगर आयुक्त, श्रीमती जया, उप नगर आयुक्त, सुशील झा, कार्यपालक अभियंता सहित नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि पटना नगर निगम केवल शहर की स्वच्छता सुनिश्चित करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सफाई कर्मियों एवं उनके परिवारों के सामाजिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। इसी उद्देश्य से मिशन उड़ान की शुरुआत की गई है।

इस पहल के माध्यम से सफाई कर्मियों के प्रतिभाशाली बच्चों को यूपीएससी, बीपीएससी, एनईईटी एवं जेईई जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक शैक्षणिक संसाधन, विशेषज्ञ मार्गदर्शन, काउंसलिंग एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर समाज में एक नई पहचान बना सकें।

# 846 डिप्लोमा फार्मासिस्टों की पदस्थापना सूची जारी, फार्मासिस्टों ने स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 846 डिप्लोमा फार्मासिस्टों की पदस्थापना सूची जारी किए जाने पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट आर्गेनाइजेशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

संगठन के अध्यक्ष अरुण कुमार एवं महामंत्री शिवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्ष 2006 के बाद नियमित रूप से फार्मासिस्टों की नियुक्ति होने से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में वर्षों से चली आ रही फार्मासिस्टों की कमी काफी हद तक दूर होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मेडिकल कॉलेज, जिला, अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य सरकारी अस्पतालों में नियमित फार्मासिस्टों की कमी के कारण औषधियों के वितरण एवं भंडारण जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में कठिनाइयाँ आ रही थीं।

उन्होंने कहा कि फार्मासिस्टों की कमी के कारण कई स्वास्थ्य संस्थानों में विवशतावश चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों, एएनएम एवं स्टाफ नर्सो से भी दवा वितरण एवं दवा प्रबंधन से जुड़े कार्य कराए जा रहे थे। अब प्रशिक्षित एवं पंजीकृत डिप्लोमा फार्मासिस्टों की नियुक्ति से अस्पतालों में औषधियों का वैज्ञानिक भंडारण, सुरक्षित वितरण, दवा प्रबंधन तथा मरीजों को बेहतर फार्मेसी सेवाएँ सुनिश्चित हो सकेंगी।

ऑल इंडिया फार्मासिस्ट फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव रजत राज ने कहा कि राज्य में फार्मासिस्टों की कमी को दूर करने के उद्देश्य से बिहार सरकार ने बिहार तकनीकी सेवा आयोग के माध्यम से विज्ञापन संख्या 22/2025 प्रकाशित कर भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। अब 846 डिप्लोमा फार्मासिस्टों की पदस्थापना सूची जारी होने से अस्पतालों में औषधि प्रबंधन व्यवस्था मजबूत होगी और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं और सुरक्षित, तर्कसंगत एवं गुणवत्तापूर्ण दवा उपयोग सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नई नियुक्तियों से सरकारी अस्पतालों की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार होगा।

संगठन ने बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव कुमार रवि के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सकारात्मक प्रयासों से यह महत्वपूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ी और पदस्थापना सूची जारी हो सकी। संगठन ने आशा व्यक्त की कि शेष रिक्तफार्मासिस्ट पदों पर भी शीघ्र नियुक्ति कर राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त संख्या में फार्मासिस्ट उपलब्ध कराए जाएंगे।

संगठन ने सभी नवनियुक्त डिप्लोमा फार्मासिस्टों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

## खबरें खास-खास

### प्रशांत किशोर के बांकीपुर से चुनाव लड़ने पर 5 जुलाई को होगा अंतिम निर्णय

#### पार्टी ने नेता और कार्यकर्ता चाहते है प्रशांत किशोर स्वयं लड़ें चुनाव : मनोज भारती

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज पार्टी ने बांकीपुर सीट पर होने वाले उप-चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस कन्फ्रेंस की। जन सुराज पार्टी ने बांकीपुर विधानसभा उप-चुनाव में अपना उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय लिया है। बांकीपुर से जन सुराज के उमीदवार की घोषणा पार्टी की कोर कमेटी की बैठक के बाद 5 जुलाई को की जाएगी। बांकीपुर की जनता भाजपा के कुशासन के त्रस्त हो कर यह मांग कर रही है कि जन सुराज की तरफ से प्रशांत किशोर को यहां से चुनाव लड़ना चाहिए। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की भी यह मांग है कि जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर बांकीपुर विधानसभा उप-चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ें। जन सुराज की तरफ से बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उप-चुनाव के लिए उम्मीदवार की औपचारिक घोषणा 5 जुलाई को की जाएगी। प्रेस कान्फ्रेंस को जन सुराज पार्टी के बांकीपुर प्रभारी रामबली चंद्रवंशी ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार, ललन यादव, जितेंद्र मिश्रा एवं मीडिया प्रभारी ओबेदुर रहमान भी उपस्थित रहें।



प्रेस कान्फ्रेंस में जन सुराज पार्टी के नेता।

### अभियान 40 (आईएएस) का सम्मान समारोह 5 जुलाई को

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अभियान 40 (आईएएस) द्वारा 70 वी बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल शुभकामनाएं दी जाएगी । यह कार्यक्रम रविवार को सुबह 10 बजे सिन्हा लाइब्रेरी के सामने छज्जुवाग पटना बीआईए हॉल में आयोजित की जाएगी । इस बात की जानकारी अभियान 40 (आईएएस) के संस्थापक व निदेशक विलास कुमार ने दी ।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर मढ़ौरा की डा. निशान्धिता राज सम्मानित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2026 के अवसर पर मढ़ौरा की बेटी एवं सुप्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डा निशान्धिता राज को निशुल्क भौतिक चिकित्सा शिविर के आयोजन तथा अपने क्षेत्र में रियायती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए, बिहार विधान परिषद सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, पूर्व सलाहकार विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा कुलाधिपति दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय पद्मभूषण डा सीपी ठाकुर, पूर्व केंद्रीय पर्यावरण वन तथा जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री अश्विनी चौबे तथा पूर्व विधान पार्षद एवं विभागाध्यक्षा, हिंदी विभाग, पटना विमेंस कॉलेज, प्रो. किरण घई के द्वारा डा. वैद्यनाथ मिश्रा सम्मान से सम्मानित किया गया। मौके पर डा. निशान्धिता राज ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर इस प्रकार का सम्मान पाना मेरे लिए अविस्मरणीय एवं प्रेरणादायी क्षण है। चिकित्सा सेवा पर हर एक व्यक्ति का एक समान अधिकार होना चाहिए और मुझे यह सम्मान इस दिशा में कार्य करने के लिए और अधिक प्रेरित कर किया है। मेरा भी प्रयास समाज के हर तबके को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का रहेगा। कार्यक्रम में चिकित्सा शोध एवं सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया।



डा. वैद्यनाथ मिश्रा सम्मान से सम्मानित होती डा. निशान्धिता राज ।

### दसवीं और बारहवीं में बेहतर करने वाले एसआर पब्लिक स्कूल के छात्र सम्मानित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित समारोह में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, नालंदा खुला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. के.सी. सिन्हा, गोल इंस्टीट्यूट के निदेशक बिपिन सिंह तथा आईएसएम की एडमिन नीरू कुमारी ने संयुक्त रूप से सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह में पटना जिले के बिक्रम प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर स्थित एसआर पब्लिक स्कूल के कौटिल्य कुमार, अंशुमान कुमार, पीयूष कुमार को दसवीं बोर्ड परीक्षा तथा सत्यम कुमार, आर्यन कुमार व नैन्सी कुमारी समेत विद्यालय के आधा दर्जन विद्यार्थियों को बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उनके बेहतर प्रदर्शन हेतु दैनिक जागरण जीनियस अवार्ड समारोह में अतिथियों ने प्रमाण-पत्र व मेडल देकर उनका हौसला बढ़ाया। विद्यालय के निदेशक विनय कुमार ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई द्वारा आयोजित दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। प्राचार्या शिखा शर्मा समेत शिक्षकों ने इसे विद्यालय की उपलब्धि बताते हुए सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई दी।


श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित समारोह में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### कांटी विधायक अजीत कुमार बिहार विधानसभा के सभाकक्ष में आयोजित प्राक्कलन समिति की बैठक में हुए उपस्थित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधानसभा के सभाकक्ष में आयोजित प्राक्कलन समिति की बैठक में कांटी विधायक सह प्राक्कलन समिति के सदस्य ई. अजीत कुमार शामिल हुए एवं नगर विकास एवं आवास विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर समिति के सदस्यों एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ विस्तृत रूप से चर्चाएं की। बैठक में विकास योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन, पारदर्शिता तथा जनहित से जुड़े कार्यो को और अधिक गति देने पर विशेष रूप से विचार-विमर्श हुआ एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। प्राक्कलन समिति के सभापति मंगल पांडेय के अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में समिति के सभी सम्मानित सदस्य एवं विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कांटी विधायक सह प्राक्कलन समिति के सदस्य अजीत कुमार ने कहा कि जनहित, विकास और जवाबदेही के प्रति हमारी प्रतिबद्धता निरंतर जारी है। कांटी विधायक सह प्राक्कलन समिति के सदस्य अजीत कुमार ने कहा कि कांटी विधानसभा क्षेत्र के विकासात्मक, जनहितकारी व जनउपयोगी मामले को शासन व प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष लगातार रखकर उसकी कार्यान्वयन करवाते हैं।


प्राक्कलन समिति के सभापति मंगल पांडेय के अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में ई. अजीत कुमार व अन्य लोग शामिल हुए ।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व जनसंख्या दिवस पर सदर पीएचसी मे जनसंख्या स्थिरता पर मंथन

**दरभंगा सदर (एनएसबी)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर में अंतर-विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने जनसंख्या स्थिरता, परिवार नियोजन, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और सामुदायिक भागीदारी पर गहन विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण के महत्व को रेखांकित करना और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। स्वास्थ्य प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमाशंकर प्रसाद ने कहा, परिवार नियोजन का महत्व केवल जनसंख्या स्थिरीकरण तक सीमित नहीं है। यह महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने और परिवार के सामाजिक-आर्थिक विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। दो बच्चों के जन्म में उचित अंतराल रखने से मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहते हैं। बैठक में परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के प्रचार-प्रसार, योग्य दंपत्तियों की पहचान सामुदायिक जागरूकता अभियान, परिवार नियोजन सेवाओं की सुलभ उपलब्धता तथा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11-24 जुलाई के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आशा व एएनएम घर-घर जाकर परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी देंगी और इच्छुक लाभार्थियों को पी एच सी में निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराई जायगी।



### सनहपुर डिग्री कॉलेज की प्रस्तावित जमीन से मिट्टी कटाई मामले में एफआईआर दर्ज

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सनहपुर में स्थित डिग्री कॉलेज के प्रस्तावित जमीन से अवैध रूप से मिट्टी काटने के मामले में सिंहवाड़ा थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें 39 लाख 73 हजार 88 रुपए के राजस्व की क्षति बताई गई है। खनन निरीक्षक रांची के बुड्डू थाना क्षेत्र के नवाडीह टोली निवासी दीपक कुमार महतो ने अज्ञात मिट्टी काटने के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उसने बताया है कि ग्यारह जून को खनिज विकास अधिकारी की छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की गई है। उसने बताया है कि 74 हजार आठ सौ घन फीट से मिट्टी काटी गई है। उसने बताया है कि खनिज विकास अधिकारी की छापेमारी के बाद जब सनहपुर डिग्री कॉलेज पहुंचे। वहां मौजूद शिक्षक अभिषेक कुमार एवं अन्य ग्रामीणों से डिग्री कॉलेज के प्रस्तावित जमीन से मिट्टी काटने के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की। लेकिन आरोपी के नाम एवं पहचान का पता नहीं लग पाया। उन्होंने बताया है कि बिहार खनिज नियमावली के अनुसार यह दंडनीय एवं वसूलनीय है। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि इस मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।

### पीएमश्री प्लस 2 उच्च विद्यालय पड़री को मॉडल स्कूल बनाने की हो रही पहल : डा गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा(एनएसबी)।** पीएम श्री प्लस 2 उच्च विद्यालय पड़री के प्राचार्य के सभा कक्ष में विद्यालय के पठन पाठन व्यवस्था को पहले की तरह सुचारू करने, विद्यालय में छात्र छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य किए जाने, विद्यालय में पहले की तरह आवासीय व्यवस्था को प्रारंभ किए जाने, स्टेडियम निर्माण कार्य को शुरू किए जाने, निमार्णाधीन भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने सहित अन्य दो दर्जन से अधिक विषयों को लेकर का स्थानीय सांसद सह लोकसभा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर की मौजूदगी में विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य सह बिरौल के प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन बुधवार की देर संध्या आयोजित की गई।बैठक में सांसद डा ठाकुर के साथ साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी , प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बिहार राज्य शिक्षा आधारभूत



संरचना निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता एवं अन्य अधिकारी, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि तथा शिक्षाविदों के साथ बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, शिक्षाविद तथा छात्र छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे।बैठक के बाद सांसद डा ठाकुर ने सभी अधिकारियों, अभियंताओं तथा ग्रामीणों के साथ सांसद डा ठाकुर ने लगभग पौने तीन करोड की लागत से निमार्णाधीन विद्यालय के नए भवन का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के उपरांत विद्यालय के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई एवं बैठक में उपस्थित अधिकारियों, गांव के प्रबुद्धजनों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच विद्यालय के समग्र विकास हेतु चर्चा की गई हुई। चर्चा के क्रम में सांसद डा ठाकुर ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर संसाधन उपलब्ध कराकर नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए एनडीए सरकार को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि इस विद्यालय की स्थापना आजादी के समय की गई थी तथा उस समय में यहां की शैक्षिणिक गुणवत्ता तथा आवासीय व्यवस्था की राज्य स्तर पर चर्चा की जाती थी उसी व्यवस्था को वापस लौटाने के लिए सभी आवश्यक पहल शुरू कर दिए गए है। मौके पर सरपंच अच्युतानंद ठाकुर, पूर्व मुखिया धीरेन्द्र प्रसाद ठाकुर, लोजपा प्रदेश महासचिव प्रभाकर ठाकुर भाजपा के विधानसभा संयोजक मणिकांत मिश्र, स्थानीय मंडल अध्यक्ष हीरा ठाकुर शशिकांत ठाकुर, रामप्रकाश पोद्दार रामकुमार ठाकुर, मनोज ठाकुर, लालन ठाकुर, रमन कुमार घनश्याम राय मनीष कुमार सहित अन्य ग्रामीण अभिभावक तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### जिले के अधिकांश थाना प्रभारियों के कार्यों से एसएसपी हुए असंतुष्ट

**कई से पूछा गया स्पष्टीकरण, तो कई के खिलाफ निंदन प्रस्ताव**

**दरभंगा (एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के द्वारा सभी थाना के पीसी प्रभारी के कार्यों के समीक्षा बैठक का आयोजन वरीय पुलिस अधीक्षक, कार्यालय दरभंगा में किया गया। बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को लंबित ई समन, कुर्की/इश्तिहार/कांड दैनिकी पंजी के संधारण के समीक्षा की गई एवं सभी प्रभारी के कार्यों तथा दायित्वों के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान की जानकारी ली गई। समीक्षा के क्रम में एपीएम थाना, मब्बी थाना एवं सिमरी थाना के प्रभारी द्वारा कांड दैनिकी माननीय न्यायालय में स-समय प्राप्त नही करवाने के कारण स्पष्टीकरण की माँग की गई एवं अलीनगर थाना, बिरौल थाना, घनश्यामपुर थाना, सकतपुर थाना एवं बहेड़ी थाना के प्रभारी को पंजी में समन, वारंट, इश्तिहार, कुर्की सही ढंग से प्रविष्टि नहीं करने के कारण स्पष्टीकरण की माँग की गई तथा ई समन पंजी सही ढंग से संधारण नहीं रहने के कारण सकतपुर थाना एवं कुशेश्वरस्थान थाना के प्रभारी को निंदन की सजा दी गई। अनुसंधान निर्धारित अवधि के अंदर निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।



# विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा के प्रयासों से फिर शुरू होंगी रैयाम चीनी मिल

**विधायक ने कहा किसानों को चीनी मिल का सीधा मालिकाना हक मिलेगा ● सात निश्चय-3 के तहत नई सहकारी चीनी मिलें स्थापित करने का लिया बहुप्रतीक्षित निर्णय**

फोटो 2 डॉ. मुरारी मोहन झा विधायक केवटी

**दरभंगा/केवटी (एनएसबी)।** मिथिलांचल और केवटी विधानसभा क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक खुशखबरी है। दशकों से बंद पड़ी रैयाम चीनी मिल के दिन अब फिर से बहुरने वाले हैं। राज्य सरकार के सात निश्चय-3 के तहत इन ऐतिहासिक स्थलों पर नई सहकारी चीनी मिलें स्थापित करने का बहुप्रतीक्षित निर्णय लिया गया है। इस ऐतिहासिक कार्य का श्रेय स्थानीय केवटी विधानसभा (86) के विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा को जाता है, जिन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के नाते सदन से लेकर सड़क तक लगातार इस मांग को उठाया, जो अब धरातल पर उतर रही है। विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 'रैयाम चीनी मिल' के गठन और नियमित समीक्षा के लिए एक 'जिला स्तरीय कमेटी' बनाई गई है। इस कमेटी में विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा को भी सदस्य के रूप में नामित किया गया है। जनता को आश्वस्त किया है कि अब इस कार्य में कोई प्रशासनिक देरी नहीं होगी। ईस नई व्यवस्था के तहत किसानों को चीनी मिल का सीधा मालिकाना हक मिलेगा।रैयाम चीनी मिल के आयोजन क्षेत्र के लिए दरभंगा के 580 गांव और मधुबनी के 438 गांवों कुल 1018 गांव को ईख आपूर्ति के लिए आरक्षित किया गया है।' प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समिति' बनाई जाएगी, जिसके असली मालिक हमारे किसान भाई-बहन होंगे।समिति की सदस्यता के लिए आवश्यक शर्तें चीनी मिल सहकारी समिति का सदस्य बनने के लिए निम्नलिखित शर्तें तय की गई हैं:आयु सीमाः आवेदक की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। कृषि विभाग के डी बी डी पोर्टल पर निबंध (रजिस्ट्रेशन) होना अनिवार्य है। गन्ना उत्पादन हेतु न्यूनतम 100 डिसमिल जमीन होनी चाहिए महिलाओं और अन्य वर्गों के लिए यह सीमा मात्र 50 डिसमिल है। मात्र 500 का सदस्यता शुल्क और 1000 की शेयर राशि जमा करनी होगी।ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया योग्य और इच्छुक किसान सरकार के 'रिँ१' पोर्टल (ँ३३स्र२://ि रँ १ ्ङ्कस्र) पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने आयोजन क्षेत्र के सभी पात्र किसानों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द इस पोर्टल पर आवेदन कर इस सहकारी समिति के सदस्य बनें और मिथिलांचल के गौरव को फिर से स्थापित करने में अपना योगदान दें।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

**दरभंगा के 580 गांव और मधुबनी के 438 गांवों कुल 1018 गांव को ईख आपूर्ति के लिए आरक्षित**

### दो दिनों से लापता व्यक्ति का घर के पास फंदे से लटका मिला शव

**मौत के कारणों की जांच में जुटी पुलिस**

**घनश्यामपुर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के जयदेवपट्टी गांव में दो दिनों से लापता एक व्यक्ति का शव गुरुवार को उसके घर के समीप स्थित चाचा के घर के बरामदे में फंदे से लटका मिला। शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच, दरभंगा भेज दिया। मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है।

मृतक की पहचान जयदेवपट्टी गांव निवासी रमेश मिश्रा के 55 वर्षीय पुत्र अमोद मिश्रा के रूप में हुई है। वह 30 जून से लापता थे। उनके पुत्र आयुष कुमार मिश्रा ने 1 जुलाई को घनश्यामपुर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस संबंध में थाना कांड संख्या 215/26 दर्ज किया गया था।गुरुवार को चाचा दुर्गेश मिश्रा के घर से दुर्गंध आने पर परिजनों ने मुख्य गेट खोला। अंदर बरामदे में अमोद मिश्रा का शव रस्सी के फंदे से लटका मिला। शव सड़-गल चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मृतक की बेटी ने बताया कि उनके पिता वर्ष 1987 से मानसिक बीमारी से पीड़ित थे और उनका इलाज रांची में चल रहा था। पिछले करीब दो माह से उनकी तबीयत अधिक खराब थी।घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष आलोक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभाकर तिवारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट नहीं कहा जा सकता कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का।

# घुटना बदलना नहीं, घुटने को बचाना' थीम पर डॉ एस.एन. सर्राफ

**हॉस्पिटल में लाइव आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी कार्यशाला 5 जुलाई को**

**दरभंगा (एनएसबी)।** उत्तर बिहार में आधुनिक अस्थि रोग एवं स्पोर्ट्स इंजरी उपचार को नई दिशा देने के उद्देश्य से एस.एन. सर्राफ हॉस्पिटल द्वारा 5 जुलाई 2026, शनिवार को लाइव आर्थ्रोस्कोपी द्वारा एसीएल लिगामेंट रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष कार्यशाला की थीम जॉइंट प्रिजर्वेशन रखी गई है, जिसका मूल संदेश है घुटना बदलना नहीं, घुटने को बचाना।

कार्यक्रम के दौरान देश एवं प्रदेश के ख्यातिप्राप्त आर्थ्रोस्कोपी विशेषज्ञ लाइव सर्जरी का प्रदर्शन करेंगे जिससे बिहार एवं आसपास के राज्यों से आने वाले अस्थि रोग विशेषज्ञों और युवा चिकित्सकों को आधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्राप्त होगा। यह महत्वपूर्ण आयोजन इंडियन आर्थ्रोस्कोपी सोसाइटी, बिहार ऑथोपेडिक एसोसिएशन, मिथिलांचल ऑथोपेडिक एसोसिएशन एवं एस.एन. सर्राफ हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथिः डॉ. अमूल्य कु. सिंह, अध्यक्ष, बिहार ऑथोपेडिक एसोसिएशन; डॉ. राकेश कुमार, अध्यक्ष, बिहार आर्थ्रोस्कोपी सोसाइटी एवं विभागाध्यक्ष, पीएमसीएच, पटना; डॉ. एस. एन. सर्राफ, निदेशक, एस.एन. सर्राफ हॉस्पिटल; तथा डॉ. आर. बी. खेतान, अध्यक्ष, मिथिलांचल ऑथोपेडिक एसोसिएशन होंगे। निदेशक डॉ. एस. एन. सर्राफ ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा का उद्देश्य केवल बीमारी का उपचार करना नहीं, बल्कि मरीज के प्राकृतिक अंगों एवं जोड़ों को अधिक से अधिक सुरक्षित रखना भी है। आज घुटने की समस्या होने पर कई मरीजों को सीधे घुटना प्रत्यारोपण की सलाह दे दी जाती है, जबकि आधुनिक आर्थ्रोस्कोपी तकनीक की सहायता से अनेक मरीजों में घुटने के प्राकृतिक जोड़ को सुरक्षित रखते हुए क्षतिग्रस्त लिगामेंट का सफल पुनर्निर्माण किया जा सकता है। वहीं डॉ. रवि कुमार ने बताया कि आर्थ्रोस्कोपी दूरबीन आधारित अत्याधुनिक सर्जरी तकनीक है, जिसमें छोटे चीरे के माध्यम से ऑपरेशन किया जाता है। इस तकनीक से मरीज को कम दर्द होता है, रक्तस्राव कम होता है, संक्रमण की संभावना न्यूनतम रहती है तथा मरीज कम समय में अपने सामान्य जीवन एवं कार्यों में वापस लौट सकता है।खेल के दौरान लगी चोट, सड़क दुर्घटना या अन्य कारणों से यदि घुटने में बार-बार दर्द, सूजन, अस्थिरता या चलने में परेशानी हो रही हो, तो समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. एस. एन. सर्राफ, डॉ. अभिषेक सर्राफ, डॉ. प्रियंका भारती सर्राफ, डॉ. एस. के. ठाकुर, डॉ. पंकज, डॉ. ज्ञान डॉ. आर. बी. खेतान, डॉ. रमाशिष यादव, डॉ. प्रवीण, डॉ. अभिषेक घावलकर सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।



प्रेस वार्ता में डॉ. एस. एन. सर्राफ, डॉ. अभिषेक सर्राफ, डॉ. प्रियंका भारती सर्राफ एवं अन्य।

### गंगासागर तालाब का पार्क के रूप में विकास होने से क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता में होगी वृद्धिः डॉ. रामचंद्र प्रसाद

**गंगासागर तालाब को पार्क के रूप में विकसित किए जाने हेतु प्रस्तावित परियोजना का मंत्री ने किया निरीक्षण**

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने गुरुवार को दरभंगा जिले के हायाघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत होरलपट्टी महादेव मंदिर प्रांगण स्थित गंगासागर तालाब को पार्क के रूप में विकसित किए जाने हेतु प्रस्तावित परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर परियोजना की प्रगति, तकनीकी पहलुओं एवं विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि गंगासागर तालाब का पार्क के रूप में विकास होने से क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता में वृद्धि होगी, स्थानीय लोगों को बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा धार्मिक एवं पर्यावरणीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने होरलपट्टी महादेव मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री ने कहा हरित पर्यावरण का निर्माण सामूहिक सहभागिता से ही संभव है और राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ विकास कार्यों को भी समान प्राथमिकता दे रही है। मौके पर विभाग के परियोजना निदेशक डॉ. नेशामनी के, वन प्रमंडल पदाधिकारी दरभंगा भास्कर चन्द्र भारती, विभाग के पंजीकृत सलाहकार, वन परिक्षेत्र पदाधिकारी, मझौलिया पंचायत की मुखिया पूनम झा, भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश चौधरी, रौशन कुंवर, अनिल कुमार मंडल, जय गोपाल चौधरी, आनंद सिंह,पारसनाथ चौधरी सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद।

### दरभंगा सहित सभी प्रमंडल में स्पेशल विजिलेंस कोर्ट से भ्रष्टाचार पर लगेगा विराम

**दरभंगा(एनएसबी)।** गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो को न्याय के साथ विकास एवं पारदर्शिता के साथ सुलभ रूप से न्याय दिलाने के बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है। दरभंगा सहित राज्य के सभी प्रमंडल मुख्यालयों में स्पेशल विजिलेंस कोर्ट खोले जाने के बिहार सरकार के फैसलों की सराहना करते हुए भाजपा सांसद तथा लोकसभा के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने गुरुवार को संसदीय कार्यालय कार्यालय में आए जनप्रतिनिधियों तथा एनडीए कार्यकताओं के साथ चर्चा करते हुए उपरोक्त बातें कही।सांसद डा ठाकुर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के इस कदम को भ्रष्टाचार के खिलाफ मास्टर स्ट्रोक बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से भ्रष्टाचार का शीघ्रता से होगा तथा दोषियों को जल्दी से दंडित किया जाएगा।

सांसद डा ठाकुर ने सोशल विजिलेंस कोर्ट के प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि अब इस कोर्ट के द्वारा अधिकारियों जनप्रतिनिधियों सहित भ्रष्टाचार का आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी तथा भ्रष्टाचारियों की सम्पत्ति को जब्त कर उसपर शिक्षण संस्थान खोलने से समाज के बीच एक रचनात्मक संदेश भी प्रचारित होगा।

### 54 दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राय साईकिल का वितरण

**कुशेश्वरस्थान(एनएसबी)।** स्थानीय विधायक अतिरेक कुमार ने गुरुवार को कुशेश्वरस्थान दोनों प्रखंड के 54 दिव्यांग जनों के बीच बैट्री चालित ट्राय साईकिल का वितरण कर उन्हें हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें कुशेश्वरस्थान प्रखंड के 30 एवं कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के 24 दिव्यांगों को ट्राय साईकिल दिया गया। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग से दोनों प्रखंड के दिव्यांगों के लिए ट्राय साईकिल उपलब्ध कराई गई है। जानकारी के अनुसार कुशेश्वरस्थान प्रखंड के लिए108 तथा पूर्वी प्रखंड के 80 दिवयांगों को ट्राय साईकिल देने के लिए चयन किया गया था लेकिन तत्काल उपलब्ध के अनुसार कुशेश्वरस्थान प्रखंड के 30 और पूर्वी प्रखंड के 24 दिव्यांग लाभार्थियों को के बीच इसका वितरण किया गया है। शेष लोगों को इसकी उपलब्धता के बाद दिया जाएगा। इससे पहले प्रखंड कार्यालय के प्रमुख सभागार में प्रमुख हिरा प्रसाद सिंह ने विधायक को पाग चादर भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का चर्चा करते हुए कहा जिन दिव्यांगों को ट्राय साईकिल नहीं मिला है उन्हें चिंता नहीं करनी है। बहुत जल्द शेष बचे लोगों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। मौके जिला सहायक सामाजिक सुरक्षा निदेशक आशीष कुमार, कुशेश्वरस्थान बिडीओ ललन कुमार चौधरी , एवं कुशेश्वरस्थान पूर्वी बीडीओ प्रभा शंकर मिश्रा,सीओ राकेश सिंह यादव, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष राजकुमार राय, उपप्रमुख संतोष यादव, मुखिया हरौली पंचायत के राजीव कुमार झा, दिनमो पंचायत के मुखिया अविनाश कुमार आजाद, पप्पू मांझी,केवटगामा के मुखिया छेदी राय सहित कई अन्य गणमान्य लोग मे मो मुजिम मो जमाल , लालन नायक, धिरज कुमार सिंह , यूवराज कुमार सहित सेकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे उपस्थित थे।



ट्राई साइकिल वितरण करते विधायक अतिरेक कुमार।

# आरके कॉलेज, मधुबनी में चालू 2026 सत्र से एमबीए की साठ सीटों पर नामांकन की स्वीकृति

**मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में विद्वत परिषद् की बैठक आयोजित**

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में विद्वत परिषद् की बैठक हाइब्रिड मोड में कुलपति के आवासीय सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रो एच के सिंह, प्रो लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या', डॉ शशि भूषण राय, प्रो मुश्ताक अहमद, प्रो संजीव कुमार मिश्र, प्रो अशोक कुमार मेहता, प्रो अरुण कुमार कर्ण, प्रो अनीश अहमद, प्रो संजय झा, प्रो अजय कुमार, प्रो विमल कुमार, प्रो उमेश कुमार, प्रो नारायण झा, प्रो इफ्तेखार अहमद, डॉ दिव्या रानी हंसदा, डॉ फूलो पासवान, डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ राजकुमार साह, डॉ एस एन राय, डॉ शिखर वासिनी, डॉ सविता वर्मा, डॉ आरती साह, डॉ अनुरंजन, डॉ कृष्णकान्त झा, डॉ आमिर अली खान, डॉ मुकेश कुमार, डॉ अनिल कुमार मंडल, डॉ वीरेन्द्र कुमार चौधरी, मो गाजी सलाउद्दीन आदि उपस्थित थे।बैठक में विद्वत परिषद् की दिनांक 24. 06. 26 को संपन्न बैठक के निर्णयों की संपुष्टि की गई तथा बिहार लोक भवन, पटना से प्राप्त स्नातकोत्तर एक वर्षीय एवं दो वर्षीय अध्यादेश तथा विनियम को संशोधन के साथ स्वीकृत किया गया तथा इसे आवश्यक कार्यवाही हेतु लोक भवन को प्रेषित करने का अनुरोध किया गया। वहीं कुलाधिपति कार्यालय से प्राप्त सीबीसीएस स्नातक स्तरीय सेमेस्टर-4 के एनएसएस पाठ्यक्रम की स्वीकृति दी गई। कुलाधिपति कार्यालय द्वारा प्राप्त स्नातकोत्तर दो वर्षीय (सेमेस्टर- एक एवं दो) को अनुमोदित किया गया। तत्पश्चात सदस्यों ने संशोधित विनियमन एवं पाठ्यक्रम सहित अन्य विषयों को अंतिम स्वीकृति हेतु कुलाधिपति के पास भेजने का निर्णय लिया। बैठक में बिहार लोक भवन, पटना के पत्र के आलोक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत सीबीसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (पंचम सेमेस्टर) के अंतर्गत द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के बाद एग्जिट प्वाइंट पर इंटर्नशिप कार्यक्रम की दिशा-निर्देशिका एवं अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के मंजूर किए गए अध्यादेश और नियमों में प्रस्तावित संशोधन को भी मंजूरी दी गई। वहीं निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले बीएड पाठ्यक्रम संचालित अंगीभूत कॉलेजों में एम इन एजुकेशन कार्यक्रम प्रारंभ करने का अनुमोदन किया गया। आरके कॉलेज, मधुबनी में चालू 2026 सत्र से एमबीए की साठ सीटों पर नामांकन की स्वीकृति दी गई। साथ ही स्नातकोत्तर वनस्पति विभाग में इस सत्र से पुनः बायो टेक्नोलॉजी की पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति दी गई और इसकी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने हेतु विभागाध्यक्ष को अधिकृत किया गया।

बैठक का प्रारंभ कुलपति की अनुमति से कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा ने करते हुए सदस्यों का स्वागत किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डीएसडब्ल्यू प्रो अशोक कुमार मेहता द्वारा किया गया।



बैठक में कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी एवं अन्य ।

## संक्षिप्त खबरें

### 10 हजार रुपये मासिक आय वाले मजदूरों का राशन कार्ड रद्द करना अन्याय : सुरेंद्र

**वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन बंद करने पर भी जताया विरोध, फैसले नहीं बदले तो होगा आंदोलन**

**ताजपुर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) द्वारा बृहस्पतिवार ताजपुर प्रखंड के मोतीपुर स्थित विश्वकर्मा चौक पर सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामीण मजदूरों ने राशन कार्ड, पेंशन, रोजगार और अन्य जनसमस्याओं को लेकर अपनी पीड़ा नेताओं के समक्ष रखी। इस अवसर पर भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मात्र 10 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने वाले गरीब मजदूरों का राशन कार्ड रद्द किया जाना गरीब विरोधी कदम है। उन्होंने सरकार से ऐसे सभी राशन कार्डो को पुनर्बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन को बंद करना भी गरीबों और जरूरतमंदों के साथ अन्याय है। बड़ी संख्या में पात्र लाभुक पेंशन से वंचित हैं, जिससे उनके समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। सरकार को अविलंब सभी बंद पेंशनों को चालू करना चाहिए। माले प्रखंड कमिटी सदस्य ब्रहमदेव प्रसाद सिंह एवं राजदेव प्रसाद सिंह ने चेतावनी दी कि यदि गरीबों, मजदूरों और वंचित तबकों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन व्यापक जनआंदोलन चलाने को बाध्य होगा। सदस्यता अभियान के दौरान संगठन को मजबूत करने तथा जनमुद्दों पर संघर्ष तेज करने का भी आह्वान किया गया। अभियान का नेतृत्व राजदेव प्रसाद सिंह, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह एवं शंकर महतो की टीम ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं मजदूर मौजूद रहे।



### अतिक्रमण से सिमटी सड़क, आये दिन जाम से कराहता सखवा बाजार

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय से 6 किलोमीटर सटे सखवा बाजार इन दिनों भीषण जाम की समस्या से जूझ रहा है।6 पंचायत एवं दर्जनों गांव के लोगों के लिए प्रमुख स्थानीय बाजार होने के कारण यहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है साथ ही साथ हसनपुर से सखवा आने-जाने का मुख्य मार्ग भी है जो पी डब्लू डी रोड के नाम से जाना जाता है लेकिन अतिक्रमण व अव्यवस्थित यातायात के कारण बाजार की सड़के दिन भर जाम से जकड़ी रहती है। शाम के समय में स्थिति ऐसी हो गई है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है लोगों का कहना है कि बाजार की मुख्य सड़कों पर दुकानों का अतिक्रमण लगातार बढ़ती जा रही है। सड़क किनारे अस्थाई दुकानें, ठेले व वाहनो की अव्यवस्थित पार्किंग से सड़के संकरी हो गई है। इसके कारण छोटे - बड़े वाहन जाम में घंटों फंसे रहते हैं। वहीं राहगिरो, छात्रों, महिलाओं व मरीजो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि प्रशासन इस समस्या पर अभिलंब ध्यान दें साथ ही साथ इस समस्या का समाधान अभिलंब करावे। नियमित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई व यातायात व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने से समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सखवा बाजार का जाम से मुक्ति करने के लिए विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाए।



### भाजपा दक्षिणी के जिला एवं मंडल के मोर्चा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रक्षिशण सम्पन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी समस्तीपुर जिला दक्षिणी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिला मोर्चा पदाधिकारी एवं मोर्चा के मंडल अध्यक्षों का डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं को भाजपा का इतिहास, केंद्र सरकार की उपलब्धि, नमो ऐप एवं भाजपा के अन्य संगठनात्मक कार्य से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। भाजपा दक्षिणी जिला अध्यक्ष शशिधर झा के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण में किसान मोर्चा के अध्यक्ष सतीश झा के नेतृत्व में किसान मोर्चा, अमरेश शाह के नेतृत्व में युवा मोर्चा, पवित्र पासवान के नेतृत्व में एससी मोर्चा, एवं सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में ओबीसी मोर्चा के कार्यकताओं ने डिजीटल प्रशिक्षण प्राप्त किया।प्रशिक्षण में किसान मोर्चा के प्रभारी डॉक्टर हरिशंकर भारती, ओबीसी मोर्चा के प्रभारी वीरचंद प्रसाद, युवा मोर्चा के प्रभारी प्रशांत ने अपने संबोधन से कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। डिजिटल प्रशिक्षण देने का कार्य अभिषेक गौतम एवं अजय जी के द्वारा दिया गया।



### 6 जुलाई तक प्रथम मेधा सूची से नामांकन, राजकीय डिग्री कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। विद्यापति उच्चतर विद्यालय, मऊ बाजिदपुर (उत्तर परिसर) में संचालित राजकीय डिग्री महाविद्यालय, विद्यापतिनगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रथम मेधा सूची के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन 6 जुलाई तक किया जाएगा। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. (प्रो.) अजय कुमार ने बताया कि प्रथम मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थी निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ महाविद्यालय पहुंचकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर लें। समय सीमा समाप्त होने के बाद रिक्त सीटों के अनुसार अगली मेधा सूची जारी की जाएगी। गुरुवार को जारी नामांकन प्रगति विवरण के अनुसार अब तक विभिन्न विषयों में कुल 13 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है। इनमें हिंदी विषय में 7 (1 छात्र, 6 छात्राएं), राजनीति विज्ञान में 4 (1 छात्र, 3 छात्राएं) तथा इतिहास में 2 (सभी छात्राएं) ने प्रवेश लिया है। इस प्रकार अब तक कुल 2 छात्र एवं 11 छात्राओं का नामांकन हो चुका है। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं विद्यार्थियों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने प्रथम मेधा सूची में चयनित सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते नामांकन सुनिश्चित कर लें, ताकि आगे की शैक्षणिक गतिविधियां निर्धारित समय पर प्रारंभ की जा सकें।



### 7 जुलाई को हरपुर बोचहा व बढ़ौना में लगेगा सहयोग शिविर

**एक ही छत के नीचे सुनी जाएंगी लोगों की समस्याएं, आवेदन लेकर त्वरित निष्पादन का होगा प्रयास**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के हरपुर बोचहा एवं बढ़ौना पंचायत में आगामी 7 जुलाई (मंगलवार) को राज्य सरकार के निर्देश पर सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों पर सुनवाई कर उनके त्वरित निष्पादन का प्रयास किया जाएगा। इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी ने दी। बीडीओ द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार हरपुर बोचहा पंचायत भवन परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा बढ़ौना मध्य विद्यालय परिसर में दोपहर 1 बजे से 3:30 बजे तक शिविर का आयोजन होगा। शिविर में राजस्व, कृषि, शिक्षा, बाल विकास, स्वास्थ्य, आपूर्ति, श्रम, उद्योग, पंचायत राज, बिजली, पीएचईडी, ग्रामीण आवास समेत अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। शिविर के लिए संबंधित पंचायतों के पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, महिला पर्यवेक्षक, ग्रामीण आवास सहायक, पीआरएस, विकास मित्र, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, कार्यपालक सहायक, एटीएम एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण किसानों के आर्थिक स्वावलंबन व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का सशक्त माध्यम : डीएम

**झसिंघिया स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, लादा में मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मिथिला और मैथिल की पहचान 'मखाना' उत्पादन के क्षेत्र में बिहार देश भर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। मिथिला के प्रवेश द्वार समस्तीपुर जिले में भी मखाना उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। जिन्हें वैज्ञानिक तकनीक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से और अधिक विकसित किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र लादा में मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण के दौरान उक्त बातें कही। इस क्रम में उन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ-साथ व्यावसायिक एवं मूल्य आधारित कृषि को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि, ह्लमखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण आर्थिक स्वावलंबन के साथ झसाथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का सशक्त माध्यम बन सकता है। बताते चलें कि, गुरुवार को जिलाधिकारी श्री कुशवाहा की अध्यक्षता में सिंघिया के लादा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, में "मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मखाना की वैज्ञानिक खेती, आधुनिक प्रसंस्करण तकनीक, मूल्य संवर्धन एवं विपणन के संबंध में प्रशिक्षित कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना था।


प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र देते डीएम व अन्य।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री कुशवाहा ने केवीके और कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि, केवल उत्पादन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए संग्रहण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं बेहतर विपणन प्रणाली के माध्यम से किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाना भी आवश्यक है। इसके लिए कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराते रहें। प्रशिक्षण के दौरान कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने मखाना की वैज्ञानिक खेती, तालाब प्रबंधन, गुणवत्तायुक्त बीज का चयन, पौध संरक्षण, रोग एवं कीट प्रबंधन, कटाई, भंडारण, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन तथा विपणन की आधुनिक तकनीकों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही किसानों की जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान करते हुए व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि, मखाना उत्पादक किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उपलब्ध कराया जाए तथा उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता एवं विपणन सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस क्रम में उन्होंने किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से मखाना आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने पर भी बल दिया।

कार्यक्रम में किसानों ने प्रशिक्षण के दौरान मखाना प्रसंस्करण की आधुनिक विधियों का अवलोकन किया तथा विशेषज्ञों से विभिन्न तकनीकी विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र, लादा के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, प्रगतिशील किसान तथा बड़ी संख्या में मखाना उत्पादक किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में किसानों से वैज्ञानिक तकनीक अपनाकर गुणवत्तापूर्ण मखाना उत्पादन करने तथा प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने का आह्वान किया गया।

## सिंघिया प्रखंड में प्रस्तावित राजकीय महाविद्यालय के संचालन की तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** राज्य सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम के अंतर्गत जिन प्रखंडों में महाविद्यालय उपलब्ध नहीं है, वहाँ उच्च शिक्षा की सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालयों का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी, समस्तीपुर श्री रोशन कुशवाहा ने आज सिंघिया प्रखंड में प्रस्तावित राजकीय महाविद्यालय के संचालन हेतु की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।


निरीक्षण करते डीएम व अन्य।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महाविद्यालय संचालन के लिए चयनित भवन, कक्षाओं, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, फर्नीचर, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि महाविद्यालय के सुचारु संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक प्रखंड के विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं, को अपने क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो। सिंघिया प्रखंड में राजकीय महाविद्यालय प्रारंभ होने से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूरस्थ स्थानों पर जाने की आवश्यकता कम होगी तथा क्षेत्र में उच्च शिक्षा को नई गति मिलेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एवं अनुरक्षण से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए महाविद्यालय के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आने देने के निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ओवरब्रिज मरम्मत कार्य के दौरान विद्यार्थियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता : एसडीओ


बैठक को संबोधित करते एसडीओ।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी, सदर दिलीप कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय कक्ष में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यो के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ओवरब्रिज मरम्मत कार्य के दौरान विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं उनका सुगम आवागमन सुनिश्चित करना था। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो के साथ विद्यालयों के संचालन समय, विद्यार्थियों के आवागमन तथा प्रस्तावित यातायात व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं उनकी निर्बाध शिक्षा सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य से विद्यालयों के समय एवं स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि छात्र-छात्राएँ बिना किसी परेशानी के समय पर विद्यालय पहुँच सकें तथा सुरक्षित अपने घर लौट सकें।

अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यो से प्रशासन का सहयोग करने, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रस्तावित यातायात व्यवस्था से अवगत कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय स्तर पर भी समुचित समन्वय बनाए रखने का अनुरोध किया। बैठक में उपस्थित सभी प्रधानाचार्यो ने प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अनुमंडल प्रशासन ने आम नागरिकों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन से अपील की है कि ओवरब्रिज मरम्मत कार्य के दौरान जारी यातायात व्यवस्था का पालन करें तथा प्रशासन का सहयोग करें, जिससे मरम्मत कार्य सुरक्षित एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## फिर गरीब के बेटी की शादी में भाई राजू सहनी ने की मदद, दिया फर्नीचर सेट

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के उजियारपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर कमला पंचायत निवासी गरीबों का मसीहा, हर दिल अजीज दानवीर युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी शादी के दिन फर्नीचर सेट सहित अन्य सामाग्री दे कर सहायता की। बताते चलें कि राजू सहनी ना तो कोई जीते हुए जनप्रतिनिधि हैं, ना विधायक ना सांसद हैं, फिर भी वो लगातार गरीबों की हर संभव मदद करते रहते हैं। जरूरत मंद की राशन सामग्री, गरीब लड़की की शादी में फर्नीचर सेट, बिमारी से जूझ रहे गरीबों को मुफ्त इलाज, या फिर अग्नि पीड़ित की सहायता भाई राजू सहनी सब अपने निजी कोष से करते हैं। इसी कड़ी में उजियारपुर प्रखंड के लखनीपुर महेशपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या 13 निवासी, धनवंती देवी, पति *वकील राम की 3 पुत्री में सबसे बड़ी पुत्री लक्ष्मी की शादी गुरूवार को होनी है। परिवार में कोई भी सदस्य कमाने वाला नहीं है, फलतः परिवार बेहद गरीबी में बसर कर रहा है। जब इसकी जानकारी भाई राजू को मिली, तो उन्होंने अपनी टीम के साथ फर्नीचर सेट, के अलावा रजाई, गद्दा, ट्रंक, कपड़ा, सहित आर्थिक मदद भेज दिया।


समान के साथ लाभुक परिवार व अन्य।

मदद मिलने के बाद उक्त परिवार सहित उपस्थित लोगों ने राजू सहनी को धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सभी लोग चंदा इकट्ठा करके शादी करवा रहे हैं। फर्नीचर सेट मिलने के बाद सभी शादी का सामान उपलब्ध हो गया है। इस अवसर पर भाई राजू सहनी ने बताया कि देने वाला तो ऊपर वाला है, लेकिन हमें एक दूसरे की मदद करना चाहिए। गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करना पुण्य का कार्य है। हमेशा समाज में गरीब व असहाय लोगों की सहायता में जो बन सकेगी मदद हमेशा अवश्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गरीब-असहाय लोगों को मदद करने से मुझे बहुत सुकून मिलती है। अन्य जनप्रतिनिधियों को भी गरीबों के बीच बढ़-चढ़ कर मदद व सेवा करनी चाहिए। ताकि हर गरीब-असहाय को शादी विवाह, शांति कर्म और इलाज में गरीबों को आर्थिक समस्या का सामना नही करना पड़े। मौके पर उमाकांत साहनी, सियाराम राय, राजेश पासवान, विजय रजक, उमेश राम, सहदेव पासवान, हरिचरण पासवान, वकील राम, सागर राम, योगेंद्र राम,पार्वती देवी, उर्मिला देवी, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ट्रेन से गिर कर बीएससी नर्सिंग के छात्रा की मौत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर अचानक अफरातफरी मच गई जब, जोगबनी एक्सप्रेस से गिरकर एक 19 वर्षीय छात्रा गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान बीएससी नर्सिंग की छात्रा चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। हादसे के बाद आरपीएफ ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने की कोशिश की, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद छात्रा की जान नहीं बच सकी और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रेलवे प्रशासन और पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# नवस्थापित आर.डी. कॉलेज, में नामांकन शुरू

**पहले दिन 17 विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश**

**बिथान (एनएसबी)।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बिथान प्रखंड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में नवस्थापित आर. डी. कॉलेज, बिथान में नामांकन प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ। पहले ही दिन 17 छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में नामांकन लेकर अपनी उच्च शिक्षा की नई यात्रा प्रारंभ की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ.) संजय झा ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि आर. डी. कॉलेज, बिथान की स्थापना इस क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अब स्थानीय छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के महाविद्यालयों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह महाविद्यालय ग्रामीण प्रतिभाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं उच्च शैक्षणिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने अभिभावकों से भी अधिकाधिक संख्या में अपने बच्चों का नामांकन कराने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. दिनेश राम भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें मनोयोगपूर्वक अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय में नामांकन की शुरूआत से क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है तथा इसे उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


छात्रा का स्वागत करते प्राचार्य व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### कचहरी सचिव के ट्रांसफर पोस्टिंग पर विभाग सुस्त

**बिस्फी (एनएसबी)।** पंचायती राज विभाग बिहार ने बीते दिन अन्य कर्मचारी जैसे पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक, आवास सहायक इत्यादि का अंतः जिला ट्रांसफर किया जा रहा है. वही कचहरी सचिव का पद पंचायती राज विभाग अंतर्गत 2007 से कार्य कर रही है. आज तक ट्रांसफर-पोस्टींग पर कोई ठोस नियमावली नहीं बनाया गया है. उक्त बातें बिस्फी प्रखंड कचहरी सचिव संघ के प्रखंड अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ ने कही. कहा कि वर्ष 2007 से कचहरी सचिव एक ही पंचायत में कार्य कर रही है. अन्य कर्मचारी जैसा कोई सुविधा वर्तमान में कचहरी सचिव के लिए नहीं किया गया है. पंचायती राज विभाग को इस पर पहल किया जाना चाहिए जिससे सभी कचहरी सचिव को भी अन्य कर्मचारी जैसे ट्रांसफर-पोस्टींग का लाभ मिल सकें. विभिन्न मांगों को लेकर विभागीय मंत्री को ज्ञापन एक माह पहले भी सोपा गया. लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं की गई है.

### मधुबनी में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव के निरंतर प्रयासों, दृढ़ संकल्प एवं सतत अनुश्रवण के परिणामस्वरूप मधुबनी जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह उपलब्धि जिले के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से मधुबनी जिले के हजारों छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्ट शिक्षा अपने ही जिले में उपलब्ध होगी। यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसरों का सृजन करेगा तथा जिले के समग्र शैक्षणिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय तथा केंद्रीय विद्यालय संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मधुबनी जिले के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। शिक्षा, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर उनकी प्राथमिकता आगे भी इसी प्रकार बनी रहेगी।

### दुष्कर्म मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी(एनएसबी)।** एक जुलाई को थानाध्यक्ष, खजौली थाना को एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ कि एक लड़की जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वह रात्रि में अपने घर के बाहर निकली थी। उसी क्रम में 02 युवक 01. रौशन कुमार यादव एवं 02. कन्हैया यादव, पे०-स्व० अनिल यादव ने उसके घर के सामने से हीं उसे जबरन उठाकर अपने गाड़ी पर बैठा लिया एवं जब लड़की चिल्लाने लगी तो उन दोनों युवको द्वारा उसके गर्दन पर चाकू रख दिया गया एवं उससे बोला गया कि यदि चिल्लाओगी तो जान से मार कर फेंक देंगे। दोनो युवको द्वारा उस लड़की को गाँव से बाहर एक खाली घर में ले जाया गया जहाँ पूर्व से हीं एक युवक रामानन्द यादव, पे०-भोगेन्द्र यादव वहाँ खड़ा था। तीनों युवको द्वारा उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया गया। तब तक उसी रास्ते से गुजर रही एम्बुलेंस वाहन की सायरन सुनकर सभी युवक वहाँ से भाग गयें। मानसिक रूप से विक्षिप्त लड़की रात्री मे हीं अपने घर गई एवं सभी बात अपने परिजन से बताई।आवेदन प्राप्त होते हीं थानाध्यक्ष, खजौली थाना द्वारा त्वरीत कार्रवाई कर आवेदन के आधार पर कांड सं0-176/26 दर्ज कर घटनास्थल पर पहुँचकर घटना का जायजा लिया गया एवं एवं साक्ष्य हेतु ऋ्रछ टीम तथा तकनीकी टीम को घटनास्थल पर बुलाई गई। निरीक्षण उपरांत प्राप्त साक्ष्य के आधार पर जिले की तकनीकी टीम की मदद से घटना में शामिल रौशन कुमार यादव, पे०-राम विलास यादव, सा०-घुसकीपट्टी, थाना-खजौली, जिला-मधुबनी को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पुछ-ताछ के क्रम में रौशन द्वारा मंदबुद्धी किस्म के लड़की के साथ घटित घटना में अपनी संलिप्ता को स्वीकार किया गया है। विधि सम्मत अग्रीम कार्रवाई की जा रही है एवं घटना में शामिल अन्य दो युवको की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।

### राजकीय डिग्री महाविद्यालय हरलाखी में स्नातक पाठ्यक्रम की शुरूआत, नामांकन प्रक्रिया जारी

**मधुबनी,(एनएसबी)।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हरलाखी प्रखंड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित राजकीय डिग्री



महाविद्यालय हरलाखी में शैक्षणिक सत्र 2026-2030 से स्नातक स्तर की पढ़ाई प्रारंभ होने जा रही है। महाविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य (अतिरिक्त प्रभार) डॉ. सत्येन्द्र प्रसाद सिंह ने आज दीन दयाल प्लस टू उच्च विद्यालय, उमगांव स्थित महाविद्यालय परिसर मेप्रधानाचार्य ने बताया कि प्रारंभिक चरण में हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र एवं समाजशास्त्र विषयों में स्नातक स्तर की पढ़ाई आगामी 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो गया है। जिसमें प्रथम सूची में 77 छात्रों का नामांकन करना है।इस अवसर पर महाविद्यालय के बर्सर डॉ. संजय कुमार साहु, आईटी विशेषज्ञ पंकज कुमार, आशुतोष कुमार मौजूद थे।

### अभिषेक कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किया प्रमाणन.

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के जफरा पंचायत स्थित बेलौजा गांव निवासी महावीर राय व माता शांति देवी के पुत्र अभिषेक कुमार राय मधुबनी चित्रकला संस्थान के कलाकार एवं डिजाइन है. वर्तमान समय में वे राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईएफटी में एक्सेसरी डिजाइनर की पढ़ाई कर रहे है. इसी दौरान स्विट्जरलैंड में डिजाइन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रमाणन प्राप्त किया है. इन प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए पूरे भारत से केवल चार प्रतिभागियों का चयन हुआ था. जिसमें पूरे बिहार से चयनित होने वाले अभिषेक कुमार राय एकमात्र प्रतिभागी हैं. वहीं उनकी हाल ही में चार पेंटिंग अमेरिका में स्थापित की गई है. जो उनके लिए और भारतीय लोक कला



के लिए गौरव का विषय है. चित्रकला के क्षेत्र में उन्हें जिला राज्य एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हो चुका है. इस सफलता पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियो, और बुद्धिजीवियों ने बधाई और शुभकामना दी है. बधाई और शुभकामना देने वालों में चाचा शिक्षक विश्वनाथ कुमार राय, सतीश कुमार राय, मुखिया जिवछ देवी, स्थानीय विधायक आसिफ अहमद, पूर्व विधायक हरीभूषण ठाकुर बचोल, सांसद प्रतिनिधि विष्णु देव सिंह यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष सतीश प्रसाद मेहता, सरपंच संघ के अध्यक्ष मो रहमत आलम, प्रमुख रीता कुमारी, मिथिलेश कुमार झा उर्फ बबलू, सूरज यादव सहित कई लोगों ने मंगलमय कामना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

# मध्यमंत्रा फाउंडेशन ने 350 सेनेटरी पैड वितरित कर महिलाओं को किया जागरूक

**मधुबनी,(एनएसबी)।** मध्यमंत्रा फाउंडेशन के नेतृत्व तथा मधुबनी विधानसभा के विधायक माधव आनंद के सहयोग से खजूरी पंचायत में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता एवं सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान करीब 350 सेनेटरी पैड वितरित किए गए। इस अवसर पर महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, संक्रमण से बचाव, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियां अपनाने तथा सुरक्षित सेनेटरी पैड के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि यह अभियान प्रत्येक माह आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के प्रति जागरूक बनाना, पीरियड्स से जुड़ी सामाजिक झिझक एवं भ्रांतियों को दूर करना तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित माहवारी प्रबंधन को बढ़ावा देना है। वक्ताओं ने कहा कि मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, लेकिन आज भी समाज में कई महिलाएं और किशोरियां इस विषय पर खुलकर बात करने से संकोच करती हैं। ऐसे में जागरूकता अभियान के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में फाउंडेशन की संचालिका किरण झा के अलावा सुनीता गुप्ता, किरण वर्मा, मनीषा लाल एवं सरोज झा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।



लाभान्वित होती महिला

### जनता की सुरक्षा और क्षेत्र का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : घनश्याम ठाकुर

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले के मधवापुर प्रखंड में नेपाल से निकलने वाली धौस नदी के कारण हो रहे भीषण कटाव का मामला बिहार विधान परिषद तक पहुंच गया है। क्षेत्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने बिहार विधान परिषद के प्रभारी सचिव को पत्र सौंपकर सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने बताया कि धौस नदी में लगातार हो रहे कटाव के कारण मधवापुर, रामपुर सहित दर्जनों गांवों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। कटाव की वजह से ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने कहा कि इस आपदा की चपेट में आने से एक मासूम बच्चे मो. तनवीर (पिता- मो. जफीर) की दर्दनाक मृत्यु हो गई, जो अत्यंत दुखद और पीड़ादायक घटना है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।विधायक ने सरकार से मांग की है कि धौस नदी के कटाव का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कराते हुए बाढ़ एवं कटाव निरोधी कार्य युद्धस्तर पर शुरू कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों के जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा क्षेत्रवासियों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए उनकी लड़ाई सदन से लेकर धरातल तक लगातार जारी रहेगी।

## एक अवैध देशी कट्टा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** एक जुलाई को भेजा थाना द्वारा संध्या गस्ती के क्रम में गस्ती टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम-बड़ाराही में एक व्यक्ति अपने पास एक अवैध हथियार छिपा कर रखा हुआ है। तत्काल कार्रवाई करने पर हथियार बरामद हो सकती हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सुचित कर प्राप्त निदेर्शानुसार एक छापमारी दल का गठन किया गया एवं ग्राम बड़ाराही स्थित सरोज यादव के आटा चक्की (दलान) पर पहुँचकर देखा गया कि वहाँ कुछ लोग कुर्सी पर बैठे है। जैसे ही पुलिस वाहन वहाँ रूकी तो उसमें से एक व्यक्ति कुर्सी से उठकर भागने का प्रयास किया परन्तु पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई कर उस व्यक्ति को कुर्सी पर हीं अपने अभिरक्षा में ले लिया गया। उक्त व्यक्ति का नाम /पता पूछने पर अपना नाम कुसुमलाल सदाय, पे०-स्व० रामेश्वर सदाय, सा०-बेलिटोल बताया गया। कुर्सी से उठकर भागने का कारण पुछने पर उक्त व्यक्ति द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। शक के आधार पर उक्त व्यक्ति का विधिवत तलाशी के क्रम उसके पहने हुए धोती (कपड़ा) से ढका हुआ 01 अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। उक्त हंथियार के बारे में पूछने पर कुसुमलाल सदाय द्वारा कोई संतोषजनक जवाव नहीं दिया गया।



गिरफ्तार अभियुक्त

### अवैध देशी कट्टा, कारतूस एवं मादक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के कुशल निर्देशन मे विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से जिला अन्तर्गत सभी थाना क्षेत्रों में लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में दो जून को राजनगर थाना की पुलिस टीम द्वारा सुबह समय करीब 08:30 बजे सुभाष चौक के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा एक संदिग्ध एक ई-रिक्शा चालक को रोका गया। पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा अपना नाम संतोष कुमार बताया गया। विधिवत तालाशी के क्रम में उनके पास से 01 देशी कट्टा, 01 जिंदा कारतूस एवं 02 किग्रा0 मादक पदार्थ बरामद हुआ। बरामद सामान को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार अभियुक्त को थाना लाया गया। इस संबंध मे राजगनर थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज किया गया हैं। पुलिस इस नेटवर्क के अन्य फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज को खंगालने में जुटी हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं



## जवानों को अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा का दिया संदेश



प्रशिक्षण देते

**जयनगर(एनएसबी)।** 48वीं बटालियन, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मुख्यालय, जयनगर में गुरुवार को कमांडेंट राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बटालियन के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सीमा सुरक्षा, परिचालन तैयारियों, अनुशासन, जवानों के कल्याण तथा उनकी समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमांडेंट राजेन्द्र कुमार ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में प्रत्येक कार्मिक को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने जवानों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए हर परिस्थिति में सजग एवं तत्पर रहने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात जवानों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रतिबद्धता और सेवा भावना ही देश की सीमाओं को सुरक्षित बनाए रखने में अहम योगदान देती है।सम्मेलन के दौरान अधिकारियों एवं जवानों ने अपने कार्यों से जुड़े विभिन्न सुझाव और समस्याएं भी रखीं। कमांडेंट ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जवानों का मनोबल, स्वास्थ्य और कल्याण बल की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा उनकी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।सैनिक सम्मेलन के उपरांत बटालियन परिसर में बड़े खाने का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं जवान एक साथ भोजन में शामिल हुए। बड़े खाने के आयोजन ने बल के भीतर आपसी भाईचारे, एकता, समन्वय और पारिवारिक भावना को और अधिक मजबूत करने का कार्य किया। जवानों ने भी इस आयोजन को उत्साहपूर्वक सराहा और इसे आपसी संवाद एवं सौहार्द बढ़ाने का बेहतर माध्यम बताया।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जवानों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। बटालियन नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि समय-समय पर आयोजित होने वाले सैनिक सम्मेलन न केवल प्रशासनिक एवं परिचालन संबंधी विषयों की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, बल्कि जवानों की समस्याओं को समझने, उनका समाधान करने तथा उनके मनोबल को ऊंचा बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर 48वीं बटालियन एसएसबी मुख्यालय, जयनगर के कमांडेंट राजेन्द्र कुमार, उप कमांडेंट हरि नारायण जाट, उप कमांडेंट विमल गुप्ता सहित एसएसबी के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे।

## कमला नदी से 2790 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**जयनगर(एनएसबी)।** थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के कोरहिया पंचायत अंतर्गत टेढ़ा गांव स्थित कमला नदी से 2790 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद की। पुलिस की इस कार्रवाई से सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे।

गुरुवार को जयनगर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) सदानंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कमला नदी के किनारे भारी मात्रा में नेपाली देशी शराब छिपाकर रखी गई है, जिसे मौका मिलने पर विभिन्न क्षेत्रों में खपाने की तैयारी थी। सूचना के सत्यापन के बाद तत्काल जयनगर थाना पुलिस की एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई।




बरामद शराब

डीएसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने कमला नदी के किनारे सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान झाड़ियों और अन्य स्थानों पर छिपाकर रखी गई कुल 2790 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब को जब्त कर थाना लाया गया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह मामला अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते शराब तस्करी से जुड़ा प्रतीत होता है। पुलिस तस्करों की पहचान करने तथा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जल्द ही इस मामले में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी।डीएसपी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब, मादक पदार्थ एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। आम लोगों से भी अपील की गई है कि यदि कहीं अवैध शराब के भंडारण, तस्करी या बिक्री की सूचना मिले तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।इस छापेमारी दल में सब-इंस्पेक्टर सूरज कुमार, पैंथर सिपाही राहुल कुमार, विकास कुमार, श्याम कुमार सहित जयनगर थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र कुमार ब्रजेश, थानाध्यक्ष रमण कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को सीमावर्ती क्षेत्र में शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## राजस्व वसूली, नीलाम पत्र वाद तथा विकास योजनाओं में प्रगति लाने का निर्देश

**मधुबनी,(एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को वीसी के माध्यम से सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक अंतर विभागीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, लंबित मामलों, जन शिकायतों, न्यायालयीन वादों, राजस्व वसूली तथा विकास योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सेवा-संवाद-समाधान एवं सहयोग शिविर पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्राप्त शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए। समीक्षा के क्रम में कला एवं संस्कृति विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण, उद्योग विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण, खेल विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क, पर्यटन, गन्ना उद्योग आदि से संबंधित शत-प्रतिशत आवेदनों के ससमय निष्पादन की सराहना की गई। वही आवेदनों को लंबित रखने वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ससमय निष्पादित करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन एवं क्षमता वर्धन की समीक्षा साथ ही जिला स्तरीय जनता दरबार, मुख्यमंत्री जनता दरबार, सीपीग्राम, सूचना का अधिकार एवं अन्य शिकायत निवारण मंचों पर लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।बैठक में नीलाम पत्र शाखा की समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को बड़े राजस्व वाले मामलों की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई एवं निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से संबंधित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा वसूली की गति बढ़ाई जाए।माननीय उच्च न्यायालय में लंबित सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी, एलपीए एवं अन्य न्यायालयीन मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को समय पर शपथ-पत्र, प्रतिवेदन एवं आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि न्यायालयीन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी मामलों का प्रभावी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।विकास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने विभिन्न तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं से योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा कार्यों में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सभी विकासात्मक योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, आपदा, संतोष कुमार सहित सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।



जिलाधिकारी आनंद शर्मा

## संक्षिप्त खबरें

### लंगट सिंह कॉलेज का 127वां स्थापना दिवस समारोह आज, कार्यक्रम की तैयारियां पूरी और रोशनी से नहाया पूरा परिसर

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** उत्तर बिहार का गौरवशाली और ऐतिहासिक शैक्षणिक केंद्र, लंगट सिंह कॉलेज में शुक्रवार यानी 3 जुलाई 2026 को 127वां स्थापना दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर कॉलेज प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार की शाम होते ही पूरा कॉलेज परिसर रंग-बिरंगी दूधिया और आकर्षक लाइटों की रोशनी से जगमगा उठा, जो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। स्थापना दिवस के मुख्य आयोजन के तहत कॉलेज के ऐतिहासिक आचार्य जे.बी. कृपलानी सभागार' में पूर्वाह्न में भव्य समारोह एवं एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस वर्ष संगोष्ठी का मुख्य विषय "बिहार में शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास को गति प्रदान करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका" रखा गया है, जिस पर शिक्षा जगत के प्रख्यात मनीषी अपने विचार साझा करेंगे। इस ऐतिहासिक समारोह की अध्यक्षता बी आर अंबेडकर बिहार विवि के कुलपति प्रो दिनेश चन्द्र राय करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में बिहार सरकार के शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा) के निदेशक प्रो एन के अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बीआरए बिहार विवि के कुलसचिव प्रो समीर कुमार शर्मा अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यह जानकारी देते हुए प्राचार्या प्रो कनुप्रिया ने कहा कि लंगट सिंह महाविद्यालय का 127 वर्षों का इतिहास बिहार और देश के शैक्षणिक एवं सामाजिक पुनर्निर्माण का साक्षी रहा है। स्थापना दिवस हमारे लिए आत्म-निरीक्षण और भविष्य के संकल्पों का उत्सव है। इस वर्ष हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में बिहार के विकास पर गंभीर विमर्श कर रहे हैं। प्रो कनुप्रिया ने कहा कि पिछले एक वर्ष में कॉलेज में शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्र सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। यह स्थापना दिवस कॉलेज के उच्च अकादमिक लक्ष्य हासिल करने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने तथा नए सिरे से संकल्प लेने का एक पावन अवसर है। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन और अपने सभी अतिथियों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मौके पर प्रो टीके डे, डॉ शशिकांत पाण्डेय, डॉ नवीन कुमार, डॉ आनंद कुमार सिंह, संजीव चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


127वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रंगबिरंगे प्रकाश से जगमगाता ऐतिहासिक एल एस कॉलेज।

### डॉक्टर्स डे पर चित्रगुप्त एसोसिएशन ने समारोह आयोजित कर डॉक्टरों को किया सम्मानित, पॉली क्लीनिक स्थापना का लिया संकल्प

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर चित्रगुप्त एसोसिएशन के तत्वावधान में चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अजय नारायण सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के महामंत्री प्रो अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। समारोह के मंच पर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले अनेक वरिष्ठ एवं युवा चिकित्सकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह का उद्देश्य समाज के प्रति चिकित्सकों की निःस्वार्थ सेवा, समर्पण एवं मानवीय योगदान का सम्मान करना था। इस अवसर पर प्रख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार ने कहा कि चिकित्सक केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। मरीजों की सेवा ही डॉक्टर का सबसे बड़ा धर्म है तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका सदैव सर्वोपरि रही है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों और समाज के बीच विश्वास का संबंध जितना मजबूत होगा, समाज उतना ही स्वस्थ एवं सशक्त बनेगा। वरिष्ठ चिकित्सक एवं एसकेएमसीएच के पूर्व प्राचार्य डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा ने चित्रगुप्त एसोसिएशन परिसर में शीघ्र ही एक पॉली क्लीनिक स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि इस क्लीनिक में बाल रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, सामान्य चिकित्सक सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक अलग-अलग निर्धारित दिनों में अपनी सेवाएं देंगे, जिससे आम लोगों को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। डॉ गौरव वर्मा ने कहा कि डॉक्टरों के प्रति समाज का विश्वास और सम्मान ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। प्रत्येक चिकित्सक को सेवा, संवेदना और समर्पण की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। आसव हॉस्पिटल के संचालक डॉ संजय श्रीवास्तव ने कहा कि चिकित्सक समाज का आधार स्तंभ हैं।



समारोह में एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ सम्मानित नगर के चिकित्सक गण।

### निमाणार्धीन अपार्टमेंट में बड़ा हादसा, लिफ्ट शाफ्ट में गिरने से मजदूर की मौत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र स्थित बीबीगंज में गुरुवार को एक निमाणार्धीन अपार्टमेंट में दर्दनाक हादसा हो गया। चौथी मंजिल पर काम कर रहे एक मजदूर का संतुलन अचानक बिगड़ गया, जिससे वह सीधे खुले लिफ्ट शाफ्ट में जा गिरा। शाफ्ट में पानी भरा होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद निर्माण स्थल पर अफरा तफरी मच गई। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने तुरंत पुलिस और मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। सदर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार आजाद ने बताया कि परिजनों का बयान दर्ज किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हादसे के कारणों की भी जांच की जा रही है। इस दर्दनाक घटना के बाद निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूरों में दहशत का माहौल है।

# श्रावणी मेला 2026 की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन, श्रद्धालुओं को मिलेगी हर आवश्यक सुविधा : डीएम

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** श्रावणी मेला 2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुचारु आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने समाहरणालय सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर मेले की तैयारियों का जायजा लिया तथा सभी विभागों को समयबद्ध ढंग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने स्वयं फकुली मोड़ से बाबा गरीब नाथ मंदिर तक काँवरिया मार्ग का निरीक्षण किया तथा बाबा गरीब नाथ मंदिर परिसर पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि श्रावण मास में जिले सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा गरीबनाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक एवं दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी व्यवस्था समय पर पूरी करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर एवं संपूर्ण मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने पर्याप्त संख्या में बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्गों का सुव्यवस्थित निर्धारण तथा श्रद्धालुओं के निर्बाध आवागमन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा। यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक ट्रैफिक प्लान लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने पार्किंग स्थलों का समुचित चयन, वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग तथा आवश्यकतानुसार डायवर्जन योजना प्रभावी ढंग से लागू करने को कहा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देने के लिए प्रमुख स्थलों पर सूचना एवं दिशा-निर्देश संबंधी संकेतक लगाने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नियंत्रण कक्ष को पूरी अवधि के दौरान सक्रिय रखने तथा सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से त्वरित रूप से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे कार्यरत रहे तथा आवश्यक संसाधन एवं कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र एवं श्रद्धालुओं के विश्राम स्थलों पर पर्याप्त संख्या में मेडिकल कैंप स्थापित करने, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, एम्बुलेंस, आवश्यक दवाओं एवं जीवनरक्षक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह सक्रिय रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने फाकुली मोड़ से बाबा गरीब नाथ मंदिर तक श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले पूरे मार्ग को सुविधाजनक बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छ पेयजल, अस्थायी शौचालय, विश्राम स्थल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने तथा साफ-सफाई एवं नियमित कचरा निष्पादन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने श्रावणी मेला के दौरान जनस्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रावणी मेला के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए श्रावणी मेला 2026 का सफल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करना है।


श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर अधिकारियो के साथ बैठक करते जिलाधिकारी व एसएसपी।


भ्रमण कर काँवरिया मार्ग का निरिक्षण करते जिलाधिकारी एसएसपी व अन्य अधिकारी गण।

## साहेबगंज में हुई हर्ष फायरिंग मामले में नगर के नामचीन गर्ल्स हॉस्टल के गार्ड ने चलाई थी गोली



साहेबगंज हर्ष फायरिंग मामले में हुई कार्यवाई की जानकारी देते ग्रामीण एसपी।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** साहेबगंज थाना क्षेत्र के परसौनी जहांगीर इलाके में 29 जून की रात एक शादी समारोह में बारात के दौरान हुई अंधाधुंध हर्ष फायरिंग में 3 लोगों के जख्मी होने के मामले का पुलिस ने पदार्फाश करते हुए हर्ष फायरिंग करने वाले एक चर्चित गर्ल्स हॉस्टल के गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। साथ हीं पुलिस ने हर्ष फायरिंग में इस्तेमाल की गई राइफल भी गर्ल्स हॉस्टल परिसर से बरामद कर ली है। ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने इस पुरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि साहेबगंज थाना क्षेत्र में हुई हर्ष फायरिंग में उपयोग किया गया राइफल नगर के नामचीन नारायणी गर्ल्स हॉस्टल के मालिक व रिटायर प्रोफेसर प्रमेंद्र सिंह का है। पुलिस द्वारा की गई मामले की जांच में जो तथ्य सामने आया है, उसके अनुसार मिठनपुरा इलाके में संचालित 'नारायणी गर्ल्स हॉस्टल' का गार्ड मोतीपुर प्रखंड के कथईया निवासी रामकिशोर मिश्रा हॉस्टल के मालिक और रिटायर्ड प्रोफेसर प्रमेन्द्र सिंह के साथ इस शादी समारोह में शामिल होने गया था।

यह बात सामने आई है कि बारात लगने के जश्न के माहौल में गार्ड ने आपा खो दिया और रसूख दिखाने के चक्कर में ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिससे तीन लोगो को गोली लग गई और तीनो घायल हो गए। ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि साहेबगंज में हुई हर्ष फायरिंग मामले को पुलिस ने बेहद गंभीरता से लिया है। फायरिंग करने के आरोपी गार्ड रामकिशोर मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया है। बरामद की गई जिस राइफल से फायरिंग हुई, वह लाइसेंसी है और हॉस्टल मालिक रिटायर्ड प्रोफेसर प्रमेन्द्र सिंह के नाम पर दर्ज है। अब लाइसेंस रद्द करने के साथ-साथ दोषी मालिक की गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना के आरोपी गार्ड को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वही

**राइफल के ऑनर व हॉस्टल मालिक रिटायर्ड प्रोफेसर पर भी गिरेगी गाज**

गार्ड ने जिस हथियार से फायरिंग की, वह उसका निजी हथियार नहीं था, बल्कि गर्ल्स हॉस्टल के मालिक रिटायर्ड प्रोफेसर प्रमेन्द्र सिंह की लाइसेंसी राइफल थी। कानूनन अपनी लाइसेंसी हथियार किसी और को सौंपना और उसका ऐसा गैर-जिम्मेदाराना इस्तेमाल होना एक संगीन अपराध है। पुलिस प्रशासन अब इस मामले में सख्त रुख अख्तियार करते हुए अब इस गुनाह में बराबर के साझीदार रिटायर्ड प्रोफेसर पर भी कानून का शिकंजा कसने लगी है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। साथ ही उस राइफल के लाइसेंस को हमेशा के लिए रद्द करने की कानूनी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। हमें पुनः संवाद शास्त्रार्थ और अपनी भाषा में चिंतन करने की परंपरा की ओर लौटना होगा, मां मातृभाषा और मातृभूमि का जीवन में कोई विकल्प नहीं

–डॉ. प्रो विनोद कुमार मिश्र

## सोशल मीडिया पर हथियार लहराकर भड़काऊ बयानबाजी करना पड़ा महंगा, विवेक सिंह राजपूत को पुलिस ने पटना से किया गिरफ्तार



सोशल मिडिया पर हथियार लहराते हुए भड़काऊ बयानबाजी करने वाले युवक की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सोशल मीडिया पर रील और वीडियो के जरिए धौंस जमाना एक युवक को भारी पड़ गया। मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना अंतर्गत सुजावलपुर के रहने वाले विवेक सिंह राजपूत को बुधवार की शाम सोशल मिडिया पर अत्याधुनिक हथियार लहराते हुए भड़काऊ बयान देते हुए वीडियो वायरल करने के मामले में मुजफ्फरपुर पुलिस ने उसे पटना से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खुलेआम हथियार लहराने और एक विशेष समुदाय के खिलाफ विवादित जातिगत टिप्पणी करने का गंभीर आरोप है। वायरल वीडियो में आरोपी विवेक सिंह राजपूत ने बेहद आपत्तिजनक और भड़काऊ बातें कही थीं। उसने वीडियो में शेखी बघारते हुए कहा था कि वह "सोना बेचकर लोहा (हथियार) खरीदता है।" इतना ही नहीं, उसने वीडियो में लोगों को "गोलियों से तड़तड़ाने" की धमकी भी दी थी, जिससे इलाके में जातिगत तनाव और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया था। वीडियो वायरल होने और मामला तूल पकड़ने के बाद युवक को अपनी गलती का अहसास हुआ। कानूनी कार्रवाई के डर से उसने बाद में उस विवादित वीडियो को डिलीट कर दिया और सोशल मीडिया पर ही एक अन्य वीडियो जारी कर माफी भी मांगी। उसने सफाई देते हुए कहा कि उसने सिर्फ रिल्स बनाने के चक्कर में और व्यूज पाने के लिए ऐसा कर दिया था। हालांकि, पुलिस ने इस माफीनामे को नजरअंदाज करते हुए युवक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हरकत में आई और आरोपी की तलाश शुरू की। तकनीकी सर्विलांस और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने जाल बिछाकर आरोपी विवेक सिंह राजपूत को पटना से धर दबोचा। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि वीडियो में दिखने वाला हथियार असली है या नकली, और यदि असली है तो वह आरोपी के पास कहाँ से आया। ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर लगातार पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन और जातिगत उन्माद फैलाने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है ताकि भविष्य में कोई अन्य रील के चक्कर में ऐसी समाज विरोधी हरकत न करे।

## भारतीय शिक्षा दिवस पर आरडीएस कॉलेज में 'भारतीय ज्ञान परंपरा' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय अगरतल्ला के साहित्य संकाय के अधिष्ठाता एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय भाषा मंच के सह संयोजक प्रो डॉ विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि औपनिवेशिक काल की काली छाया ने हमारी शिक्षा व्यवस्था को खंडित किया और सिर्फ विदूषक पैदा किए। बिहार की भूमि नालंदा और विक्रमशिला जैसे सर्वोच्च ज्ञान केंद्रों की भूमि रही है। हमें पुनः संवाद, शास्त्रार्थ और अपनी भाषा में चिंतन करने की परंपरा की ओर लौटना होगा। मां, मातृभाषा और मातृभूमि का जीवन में कोई विकल्प नहीं है। डॉ मिश्र गुरुवार को भारतीय शिक्षा दिवस के अवसर पर स्थानीय आरडीएस कॉलेज के श्रीकृष्ण सभागार में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। 'भारतीय ज्ञान परंपरा : शिक्षा, संस्कृति एवं समकालीन परिप्रेक्ष्य' विषय पर इस संगोष्ठी का आयोजन कॉलेज की आई.क्यू.ए.सी एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास उत्तर बिहार प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अपने संबोधन में डॉ मिश्र ने कहा कि 2 जुलाई 2004 को 'शिक्षा बचाओ आंदोलन' के रूप में शुरू हुआ यह संगठन आज चरित्र निर्माण और इतिहास सुधार पर बड़ा काम कर रहा है। संगोष्ठी की शुरूआत मंच संचालन कर रहे संयोजक डॉ भगवान कुमार और पंकज कुमार तिवारी के कुशल संयोजन में हुई। मुख्य संरक्षक के रूप में उपस्थित बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ दिनेश चंद्र राय ने सभी को भारतीय शिक्षा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को गढ़ने में ऐतिहासिक योगदान दिया है। उन्होंने महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं, बल्कि मानव का समग्र विकास और चरित्र निर्माण है। हमें विज्ञान और तकनीक में अवश्य आगे बढ़ना है, लेकिन अपनी तासीर, मूल्यों और गौरवशाली संस्कृति को नहीं छोड़ना है। जीवन में अनुशासन ही सफलता का मूलमंत्र है। विश्वविद्यालय के महाविद्यालय निरीक्षक (कला एवं वाणिज्य) प्रो डॉ राजीव कुमार ने विशिष्ट वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि जिस प्रकार अनेक धाराएं मिलकर गंगा का स्वरूप लेती हैं, वैसे ही समन्वय के तत्व से भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकट होती है। हमारी संस्कृति प्राचीन होने के साथ-साथ नित नूतन है, जिसमें शास्त्र और लोक दोनों का अद्भुत समन्वय है। उन्होंने यक्ष-युधिष्ठिर संवाद का उदाहरण देते हुए सम्यक श्रवण और तत्व के वास्तविक बोध को ही सच्चा ज्ञान बताया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए आर.डी.एस. कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ शशि भूषण कुमार ने कहा कि कुलपति के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर लगातार सार्थक आयोजन हो रहे हैं।



## बन्दरा में 6 महीने में चार बार कटी कृषि बिजली लाइन, सिंचाई संकट से किसानों में आक्रोश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत मुन्नी बैंगरी पंचायत में कृषि बिजली लाइन से बार-बार तार चोरी होने से किसानों के सामने सिंचाई का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। पिछले छह महीनों में अलग-अलग स्थानों पर चार बार कृषि लाइन के तार चोरी होने से नाराज किसानों ने जिलाधिकारी समेत बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों को आवेदन देकर शीघ्र कार्रवाई और कृषि लाइन बहाल करने की मांग की है।किसानों ने आवेदन में बताया कि वे सकरी मन गांव के निवासी हैं और उनकी आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है। क्षेत्र में धान, गेहूं और मक्का की खेती होती है। वर्तमान में खरीफ सीजन के तहत धान का बिचड़ा तैयार है और अगले कुछ दिनों में रोपाई शुरू होनी है, लेकिन सिंचाई के मुख्य साधन कृषि बिजली लाइन के ठप होने से खेती पर संकट गहरा गया है। किसानों के अनुसार 27 जून 2026 की रात करीब 126 बिजली पोलों से कृषि लाइन का तार अज्ञात चोर काटकर ले गए। सुबह खेतों में सिंचाई के लिए पहुंचे किसानों ने देखा कि पूरी लाइन गायब है। इसकी सूचना तत्काल स्थानीय लाइनमैन और कनीय विद्युत अभियंता बंदरा को दी गई। किसानों का आरोप है कि ग्रामीण और कृषि लाइन साथ-साथ गुजरती है, फिर भी हर बार केवल कृषि लाइन का तार ही चोरी होता है। उनका कहना है कि यदि ग्रामीण लाइन सुरक्षित रह सकती है तो कृषि लाइन की सुरक्षा क्यों नहीं की जा रही है। किसानों ने बिजली विभाग के जवाब पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सिर्फ उपभोक्ताओं की संख्या के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था तय नहीं की जा सकती। आवेदन में किसानों ने कहा कि बिजली नहीं रहने से दो एचपी मोटरों से सिंचाई बंद हो गई है। ऐसे में धान की रोपाई और बाद की सिंचाई दोनों प्रभावित होंगी। साथ ही किसानों पर बिजली बिल का भी बोझ बना हुआ है। किसानों ने कृषि बिजली लाइन को तत्काल चालू कराने, चोरी की घटना की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों की गिरफ्तारी तथा बिजली तार और ट्रांसफार्मर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में किसानों ने सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, विद्युत अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी दिया है। दिए गए आवेदन में जय नारायण साहनी, रामकरण साहनी, शिव नारायण साहनी, रोहित कुमार, विद्याधर प्रसाद ठाकुर, राधेश्याम शर्मा, राजेंद्र साहनी, विजय कुमार ठाकुर,सुजीत ठाकुर, सौरव कुमार, अजय कुमार ठाकुर, विवेक कुमार, प्रशांत कुमार, जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार ठाकुर, केदार साहनी, महालक्ष्मी देवी, कौशल कुमार ठाकुर, अमरजीत साहनी, रामबाबू साहनी सहित कई किसानों के हस्ताक्षर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर अस्पताल सीतामढ़ी बना बिहार का पहला जिला अस्पताल, जहां एक साथ शुरू हुई मदर-न्यूबॉर्न केयर यूनिट और लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट की सुविधा



सदर अस्पताल में माताओं और नवजात शिशुओं के लिए उपलब्ध करायी गयी सुविधायें।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सदर अस्पताल सीतामढ़ी ने नवजात शिशुओं की बेहतर चिकित्सा एवं मातृ देखभाल के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। अब तक संचालित स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) को मदर-न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) में परिवर्तित कर दिया गया है। इसके साथ ही लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट (एलएमयू) की भी शुरूआत 1 जुलाई को जिलाधिकारी रिची पांडे ने की। अब तक एसएनसीयू में जन्म से 28 दिन तक के गंभीर रूप से बीमार एवं कुपोषित नवजात शिशुओं का इलाज रेडियंट वार्मर एवं फोटोथेरेपी मशीनों की सहायता से किया जाता था, जबकि उनकी माताओं को अलग वार्ड में रखा जाता था। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निदेर्शानुसार अब प्रत्येक रेडियंट वार्मर के साथ मां के लिए भी बेड की व्यवस्था की गई है, जिससे मां और नवजात एक साथ रह सकें। विशेषज्ञों के अनुसार, मां और नवजात के साथ रहने तथा कंगारू मदर केयर (एलएमयू) अपनाने से बच्चों की रिकवरी तेजी से होती है। मां और बच्चे के बीच बेहतर बॉन्डिंग बनने के साथ ऑक्सीटोसिन हार्मोन के प्रभाव से स्तनपान भी जल्दी एवं पर्याप्त मात्रा में संभव हो पाता है, जिससे नवजात का स्वास्थ्य तेजी से सुधरता है। वहीं, लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट (एलएमयू) में उन माताओं का दूध सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई है, जिनके नवजात जन्म के तुरंत बाद स्वयं स्तनपान नहीं कर पाते। यहां दूध निकालने (मिल्क एक्सप्रेशन), सुरक्षित संग्रह (मिल्क स्टोरेज), स्टरलाइजेशन, डीप फ्रीजर, वॉश एरिया तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर शिशु को सुरक्षित रूप से मां का दूध उपलब्ध कराया जा सके। इस उपलब्धि के साथ सदर अस्पताल सीतामढ़ी बिहार का पहला जिला अस्पताल बन गया है, जहां एमएनसीयू और एलएमयू दोनों सुविधाएं एक साथ शुरू की गई हैं एमएनसीयू के प्रभारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. हिमांशु शेखर ने बताया कि डॉक्टर अमजद, डॉ. सौरभ, डॉ. मिथुन, डॉ. अंकुर, डॉ. राहुल, डीएनबी प्रशिक्षु डॉ. अभय, डॉ. नीतीश, डॉ. मेहुल तथा नर्सिंग ऑफिसर शारदा, कविता, पल्लवी, मोनिका, विभा, मोनिका, अजहर, खुशबू और अंजली की कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि संभव हो सकी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही वर्तमान 12 बेड वाले एमएनसीयू का विस्तार कर इसे 20 बेड का बनाया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर यूनिसेफ बिहार के डॉ. तारिक अहमद, डॉ. अंशुमान, सिविल सर्जन डॉ. रवींद्र कुमार यादव, उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार तथा अस्पताल प्रबंधक विजय चंद्र झा सहित कई चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर डीडीसी ने रीगा प्रथम पंचायत के वार्डों का किया स्थलीय निरीक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभुकों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त द्वारा रीगा प्रखंड की रीगा प्रथम पंचायत के विभिन्न वार्डों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), एलएसबीए, मनरेगा एवं नल-जल योजना की विस्तृत जांच की गई। इस क्रम में उप विकास आयुक्त ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों से सीधे संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन, गुणवत्ता एवं प्राप्त लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। वार्ड संख्या-14 में नल-जल योजना के संबंध में ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने पर उप विकास आयुक्त ने संबंधित कनीय अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। एलएसबीए के अंतर्गत साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सफाईकर्मी नियमित रूप से कार्य पर नहीं आते हैं तथा कभी-कभी ही साफ-सफाई की जाती है। इस पर संबंधित बीसी से भी स्पष्टीकरण की मांग करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को सभी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान निदेशक, डीआरडीए, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), एपीओ आलोक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) सहित प्रखंड के अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### चोरी का विरोध करना महिला को पड़ा भारी, धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गायघाट प्रखण्ड के बेनीबाद थाना क्षेत्र इलाके में चोरी का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ गया। गुरुवार तड़के करीब तीन बजे चोरी की नीयत से घर में घुसे चोर ने विरोध करने पर महिला पर बेहद गंभीर हमला कर दिया। घायल महिला का इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा है, जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उसके शरीर से धारदार हथियार (हंसुआ) निकाल दिया है। लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब तीन बजे एक अपराधी घर में चोरी करने के इरादे से घुसा था। आहट मिलने पर महिला की नींद खुल गई। महिला ने जब चोर का विरोध किया तो आरोपी ने उसपर धारदार हंसुआ से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने तत्काल उसे एसकेएमसीएच में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर उसकी जान बचाने का प्रयास किया। मामले में मेडिकल थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को मिल चुकी है। पीड़िता की हालत में सुधार होने के बाद उनका बयान दर्ज किया जाएगा। बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान के बाद आगे की कार्रवाई तेज की जाएगी।

### जून में कम बारिश से खेती प्रभावित, अब जुलाई की बारिश से किसानों को राहत की उम्मीद

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में जून महीने के दौरान सामान्य से 55.64 प्रतिशत कम बारिश होने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश की कमी से धान की रोपनी और खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हुई। हालांकि सोमवार रात हुई बारिश के बाद मौसम ने करवट ली है और किसानों को राहत की उम्मीद जगी है। मौसम विभाग ने 5 जुलाई के बीच अच्छी बारिश का पूवार्नुमान जारी किया है, जिससे कृषि कार्यों में तेजी आने की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जून में जिले में सामान्यतः 164.1 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी, लेकिन इस बार केवल 72.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। यानी सामान्य से 91.3 मिमी कम और करीब 55.64 प्रतिशत कम वर्षा हुई। मानसून के देर से सक्रिय होने का सीधा असर खेती-किसानी के साथ-साथ जलस्रोतों पर भी देखने को मिला। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण धान की नर्सरी तैयार करने और रोपनी का कार्य प्रभावित हुआ। कई किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ा, जबकि कई क्षेत्रों में खेतों में पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण रोपनी टालनी पड़ी। मक्का, दलहन और अन्य खरीफ फसलों की बुआई भी निर्धारित गति से नहीं हो सकी।

# मुजफ्फरपुर शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र मोतीझील में 'किलर' के एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ

**नगर विधायक रंजन कुमार व जदयू जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार ने किया उद्घाटन, उद्घाटन ऑफर के तहत 50 प्रतिशत तक की छूट**






मोतीझील स्थित 'किलर' का एक्सक्लूसिव शोरूम। फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ करते नगर विधायक, जदयू जिलाध्यक्ष व अन्य।



नगर विधायक रंजन कुमार का स्वागत करते जिला जदयू उपाध्यक्ष चंद्र भूषण प्रसाद

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र मोतीझील स्थित बुन्नी बाजार के समीप देश के प्रतिष्ठित रेडीमेड परिधान ब्रांड 'किलर' के एक्सक्लूसिव शोरूम का गुरुवार को भव्य उद्घाटन हुआ। नगर विधायक रंजन कुमार एवं जदयू जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर शोरूम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बरुराज विधायक अरुण कुमार सिंह, अनेक जनप्रतिनिधि, शहर के कई गणमान्य और व्यवसायी मौजूद रहे।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि मुजफ्फरपुर तेजी से विकसित हो रहे व्यावसायिक शहर के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित ब्रांडों का आगमन स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए बड़ी सुविधा है। अब लोगों को नवीनतम फैशन और प्रीमियम परिधानों के लिए महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि यह मुजफ्फरपुर का आठवां तथा बिहार का 120वां किलर एक्सक्लूसिव शोरूम है। साथ ही, किलर के मास्टर फ्रेंचाइजी द्वारा खोला गया बिहार का 6वां एवं शहर का पहला शोरूम है, जहां ग्राहकों को ब्रांड का नवीनतम एवं विस्तृत कलेक्शन उपलब्ध होगा। शोरूम में पुरुषों के लिए जींस, शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर्स, कार्गो पैंट, कैप्री सहित कैजुअल वियर की संपूर्ण रेंज उपलब्ध है। सभी उत्पाद युवाओं की पसंद और नवीनतम फैशन ट्रेंड को ध्यान में रखकर उपलब्ध कराए गए हैं।

शुभारंभ समारोह में शोरूम के प्रोपराइटर चंद्रभूषण प्रसाद, आलोक कुमार एवं अमित कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर कंपनी के एरिया मैनेजर सोनू कुमार, वीएम रवि उपाध्याय सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की गई। एक उत्पाद की खरीद पर 30 प्रतिशत, दो उत्पादों पर 40 प्रतिशत तथा तीन उत्पादों की खरीद पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। शोरूम में रेडी-टू-वियर परिधानों की कीमत 1,499 रुपये से 3,999 रुपये तक रखी गई है।

## सांसद लवली आनंद एवं पूर्व सांसद आनंद मोहन ने बैरगनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



अस्पताल परिसर का निरीक्षण के दौरान सांसद लवली आनंद, पूर्व सांसद आनंद मोहन व अन्य।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सांसद लवली आनंद एवं पूर्व सांसद आनंद मोहन गुरुवार को बैरगनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया और डीडीसी से अस्पताल की चाहरदीवारी का निर्माण शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली, अस्पताल परिसर में गड्ढों, जलजमाव और खुली बाउंड्री की स्थिति पर नाराजगी जताई। सांसद ने डीसीसी एवं सिविल सर्जन सीतामढ़ी से दूरभाष पर बात कर जल्द बैरगनिया अस्पताल पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लेने तथा अस्पताल की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता जताई ताकि मरीजों को बेवजह रेफर करने का सिलसिला बंद हो। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों का समुचित उपचार करें और अनावश्यक रूप से रेफर न किया जाए। सांसद और पूर्व सांसद ने निमार्णाधीन बाईपास सड़क एवं बाबा लाल दास मठ रोड का भी निरीक्षण किया एवं टेंडर के एक बर्ष बाद भी कार्य पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए विभागीय एसी को फोन किया तो उन्होंने लापरवाह संवेदक अमित प्रकाश की कम्पनी को ब्लैक लिस्टेड शीघ्र करने का भरोसा दिया है। निरीक्षण के बाद सांसद लवली आनंद एवं पूर्व सांसद आनंद मोहन ने 70 वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एसडीएम,बेलफेयर पदाधिकारी बने नगर परिषद के सभापति सिंधु गुप्ता के घर पहुँचकर उनके पुत्र राहुलेंद्र कुमार एवं पुत्री सुष्मिता गुप्ता को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सांसद ने लालबकैया नदी में स्नान करने के दौरान अशोगी वार्ड-5 के डूबे दो बच्चों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी साथ ही उन्हें भरोसा दिया कि सरकार प्रायोजित सहायता राशि उन्हें शीघ्र दिलवाने के कार्य करेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि दामोदर गाडिया, प्रो. राजकुमार सिंह,भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रमोद महतो, रौशन कुमार, बबलू झा, ओम शंकर, आमोद कुशवाहा, पप्पू जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, बीडीओ सुनील कुमार गौड़,सीओ रंजीत कुमार, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी, स्वास्थ्य कर्मी व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में अनियमितता बरतने वाले ग्रामीण आवास सहायक का अनुबंध समाप्त

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में अनियमितता बरतने के मामले में जिला प्रशासन, सीतामढ़ी द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए रीगा प्रखंड अंतर्गत रीगा प्रथम पंचायत के तत्कालीन ग्रामीण आवास सहायक श्री भोला महतो का अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।

जांच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित ग्रामीण आवास सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तीन लाभार्थियों का आवास प्लिंथ स्तर तक निर्मित नहीं होने के बावजूद अन्य भवन का जियोटैग कराते हुए द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान कराया गया। यह कृत्य योजना के प्रावधानों एवं विभागीय दिशा-निदेर्शों का स्पष्ट उल्लंघन है।

मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी, रीगा की जांच प्रतिवेदन एवं अनुशंसा के आधार पर संबंधित कर्मी से कारण बताओ स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया तथा उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया गया। उपलब्ध अभिलेखों, जांच प्रतिवेदन, स्पष्टीकरण एवं अन्य साक्ष्यों के सम्यक परीक्षण के उपरांत आरोप प्रमाणित पाए जाने पर बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी के प्रावधानों के तहत उनका अनुबंध समाप्त करने का आदेश निर्गत किया गया है।

जिलाधिकारी, सीतामढ़ी ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जैसी महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा कदाचार को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही एवं निर्धारित दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं में अनियमितता के मामलों में दोषी पाए जाने वाले किसी भी पदाधिकारी अथवा कर्मी के विरुद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक एवं पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी ढंग से पहुंच सके।

## पंचायत भवनों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें सभी कर्मी, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम रिची पांडेय




विमर्श सभा कक्ष में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी रिची पांडेय व उपस्थित अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में आरटीपीएस, लोक शिकायत, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, सीपीग्राम, जिला जनता दरबार, मुख्यमंत्री जनता दरबार एवं सहयोग शिविर पोर्टल से संबंधित लंबित परिवादों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आरटीपीएस अधिनियम का उद्देश्य नागरिकों को सरकारी सेवाएं समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जाति, आय, आवासीय प्रमाण-पत्र, दाखिल-खारिज, पेंशन सहित अन्य जनकल्याणकारी सेवाओं में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आरटीपीएस रैंकिंग में सुधार लाने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने बैठक से अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश देते हुए कहा कि लोक शिकायत निवारण अधिनियम सुशासन का महत्वपूर्ण माध्यम है और प्रत्येक नागरिक को निर्धारित समय सीमा के भीतर सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को सभी शिकायतों के समयबद्ध निष्पादन एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान डीएम ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत भवन में कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, विकास मित्र सहित सभी पंचायत स्तरीय कर्मी नियमित रूप से उपस्थित रहें और पूरी निष्पक्षता एवं गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि पंचायत कार्यालय पूरी तरह क्रियाशील रहे। साथ ही पीएचईडी, पंचायत, मनरेगा, आईसीडीएस, जीविका एवं अन्य सरकारी योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित कर आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में लोक शिकायत, सीएम डैशबोर्ड, सीपीग्राम, जिला जनता दरबार, मुख्यमंत्री जनता दरबार एवं सहयोग शिविर पोर्टल पर लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित परिवादों के त्वरित निष्पादन का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि कार्य में शिथिलता या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुपरी में सक्षम की प्रांत कार्यकारिणी बैठक संपन्न, लिए गए कई अहम निर्णय




बैठक में मुख्य अतिथि व संस्था के पदाधिकारी।

**पुपरी/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** उत्तर बिहार प्रांत सक्षम की त्रैमासिक प्रांत कार्यकारिणी समिति की बैठक गुरुवार को नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 अंतर्गत बलिया हाउस में आयोजित हुई। अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष संजय कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सह-सचिव चंद्रभूषण पाठक मौजूद रहे। बैठक की शुरूआत भारत माता, मुनि अष्टावक्र एवं महाकवि सूरदास के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर की गई। राष्ट्रीय सचिव ने सक्षम गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सह-सचिव राखी ठाकुर ने संगठन मंत्र, कोषाध्यक्ष अरुण चौधरी ने सक्षम का दृष्टिकोण और उपाध्यक्ष राज नारायण प्रसाद ने सक्षम की परिकल्पना रखी। बैठक में इस वर्ष आयोजित सक्षम के कार्यक्रमों की बृहत समीक्षा की गई। अल्टियस एवं अन्य सहयोगी संस्था द्वारा प्रायोजित ई-रिक्शा वितरण कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई। यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित योजना के तहत कटिहार में होगा। इसके लिए न्यूनतम 30 दिव्यांग लाभार्थियों का चयन करने का लक्ष्य तय किया गया। बैठक में जोधपुर में होने वाली नेशनल एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक में उत्तर बिहार प्रांत की भागीदारी सुनिश्चित करने, मुजफ्फरपुर में दो दिवसीय प्रांत प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने, एक नवंबर को सीतामढ़ी जिला मुख्यालय में प्रांत अधिवेशन आयोजित करने, अगली त्रैमासिक प्रांत कार्यकारिणी बैठक भी सीतामढ़ी जिला मुख्यालय में आयोजित करने समेत अन्य निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांत कोषाध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी, सह-सचिव राखी ठाकुर, राजनारायण प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सुमन, सीतामढ़ी जिला इकाई अध्यक्ष नवीन कुमार एवं विशिष्ट आमंत्रित सदस्य अजय कुमार तिवारी समेत अन्य मौजूद थे. कार्यक्रम का समापन उपाध्यक्ष राज नारायण द्वारा कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

## दिनदहाड़े महिला से 3.5 लाख की सोने की चेन झपटी, बच्चे को स्कूल से लेकर लौट रही थी पीड़िता

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार को अपराधियों ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े एक महिला से करीब 3.5 लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन झपट ली। घटना उस समय हुई जब महिला अपने बच्चे को स्कूल से लेकर पैदल घर लौट रही थी। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता रिमझिम सिन्हा मूल रूप से जहानाबाद जिले के शकूराबाद की रहने वाली हैं। वर्तमान में वह सदर थाना क्षेत्र के खबरा स्थित डीएवी स्कूल के सामने महाराज नगर में किराये के मकान में रहती हैं। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि सुबह करीब 10:23 बजे वह अपने बच्चे को स्कूल से लेकर पैदल घर लौट रही थीं। जैसे ही वह महाराज नगर गली स्थित मखाना फैक्ट्री के पास पहुंचीं, पहले से बाइक पर मौजूद दो अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया। एक बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली और दोनों आरोपी तेज रफ्तार बाइक से फरार हो गए। रिमझिम सिन्हा के अनुसार, छीनी गई सोने की चेन का वजन करीब 35 से 40 ग्राम था, जिसकी वर्तमान बाजार कीमत लगभग 3 लाख से 3.5 लाख रुपये आंकी जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। पीड़िता ने तत्काल सदर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और बाइक सवार बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सम्पादकीय

# विकसित बिहार का मंत्र : शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यटन का विकास

विकसित बिहार के लिए अब शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यटन तीन प्रमुख मंत्र है । राज्य अब इन तीनों क्षेत्रों के जरिए विकास की नई उंच्चाइयों को छू रहा है। बिहार ने पिछले 20 वर्षो में विकास की लंबी और सकारात्मक यात्रा तय की है। समय बदल गया है। अब सरकार को विकासशील शहर बसाने और उन्हें वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

शहरों के विकास के लिए कार्यक्रमों और योजनाओं में फंड की जरूरत पड़ेगी, इसलिए नगर स्थानीय निकायों (यूएलबीएस) के प्रोजेक्ट्स में अगर नवाचार, टिकाऊ विकास और राजस्व सृजन की क्षमता है तो उन्हें 'अर्बन चैलेंज फंड' के तहत प्रोत्साहित किया जाएगा। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यकाल में ऐसे यादगार कार्य करने चाहिए, जिनसे लोगों की जिन्दगी में बड़ा सकारात्मक बदलाव हो और वे उन्हें प्रेरणास्रोत के रूप में याद रखें। साथ ही विश्व, देश और राज्य स्तर पर हो रहे बेहतरीन कार्यो से लगातार सीख लेते हुए, अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना होगा। सैटेलाइट टाउनशिप और डिजिटल नवाचार को शामिल करते हुए बिहार विकास की नई गाथा लिखेगा।

राज्य सरकार शहरी प्रशासन को सुदृढ़ बनाने के लिए वित्तीय सहायता में निरंतर वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शहरी विकास योजनाओं एवं प्रतिबद्ध देनदारियों के मद में 15,237 करोड़ रुपये से अधिक के बजट की योजना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 332 करोड़ रुपये का संपत्ति कर संग्रह बढ़कर वर्ष 2025-26 में 565 करोड़ रुपये पहुंच गया है। संपत्ति कर नगर वित्त व्यवस्था की रीढ़ है। इसलिए सभी शहरी स्थानीय निकायों को संपत्ति मूल्यांकन सुधार, डिजिटल कर संग्रह प्रणाली तथा कर अनुपालन में वृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

शहरी कायाकल्प के लिए विश्व बैंक और यूडीएचडी विभाग के बीच साझेदारी की गई है। विश्व बैंक अगले 10 वर्षो तक यूएलबी की वित्तीय आत्मनिर्भरता समेत अन्य क्षेत्रों में सहायता प्रदान करेगा। कार्यशाला का उद्देश्य शहरी विकास से जुड़े अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की क्षमता वृद्धि करना तथा बिहार के नगरों को अधिक सक्षम, समावेशी, सतत एवं भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में आवश्यक ज्ञान एवं कौशल का विकास करना है। इस दौरान वित्तीय प्रबंधन, म्युनिसिपल फाइनेंस, म्युनिसिपल बॉन्ड्स, वित्तीय संसाधनों के सुदृढ़ीकरण, एसेट मैनेजमेंट तथा शहरीकरण से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एकीकृत स्थानिक एवं आर्थिक नियोजन, समेकित शहरी नियोजन के सिद्धांतों तथा वैश्विक एवं स्थानीय स्तर पर उभर रहे नवीनतम शहरी विकास रुझानों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श का आयोजन किया गया है।

बिहार को नियोजित तरीके से शहरों के परिवर्तन की दिशा में बढ़ना होगा। ग्रामीण जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए पहले कई कार्य किए गए, अब रोजगार सृजन, विकासशील राज्यों की सूची में शामिल होने और विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थित शहरीकरण जरूरी है। नए टाउनशिप विकसित किए जा रहे हैं। इस कायाकल्प में विश्व बैंक सहयोग कर रहा है। शहरीकरण केवल नए शहर बसाने तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित शहरों के माध्यम से अर्थव्यवस्था, संस्ति और रोजगार में व्यापक बदलाव लाना है। यूएलबी कर्मी वित्तीय आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान दें। शहरों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने के साथ उसे टिकाऊ बनाने के लिए काम करना होगा। पीपीपी प्रोजेक्ट और स्मार्ट फाइनेंसिंग के जरिए शहरों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। शहरों के विकास एवं बेहतर प्रबंधन के लिए निजी क्षेत्रों से राजस्व हासिल करना होगा। सत्र में वित्तीय सहयोग और अन्य उपलब्ध विकल्पों पर ट्रेनिंग दी जा रही है।

# भारत के समक्ष चार प्रमुख सभ्यतागत चुनौतियां



बी कृष्णा

(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

इतिहास साक्षी है कि किसी भी सभ्यता का पतन केवल युद्ध भूमि में नहीं होता। अनेक बार राष्ट्रों की दिशा उन शक्तियों से भी बदलती है, जो प्रत्यक्ष नहीं होतीं। सैन्य शक्ति सीमाओं को प्रभावित करती है, किंतु धार्मिक, वैचारिक, सांस्कृतिक और आर्थिक शक्तियाँ समाज की चेतना, जीवन-मूल्यों और संस्थाओं को रूपांतरित करती हैं। इसलिए किसी भी राष्ट्र का वास्तविक संघर्ष केवल भूभाग की रक्षा का नहीं, बल्कि उसकी सभ्यतागत पहचान और सांस्तिक आत्मबोध के संरक्षण का भी होता है।

**भारत के संदर्भ में आज चार प्रमुख प्रवृत्तियाँ विशेष चर्चा का विषय हैं :**

रेडिकल इस्लाम , चर्च/ इवेंगलिस्म, कल्चरल मार्क्ससिज्म तथा ग्लोबल मार्केट फोर्सेज (जीएमएफ) यद्यपि इनकी कार्यप्रणाली अलग-अलग है, किंतु इनके प्रभावों में एक समान सूत्र दिखाई देता है, समाज की पारंपरिक संरचनाओं का क्षरण, सांस्कृतिक स्मृति का दुर्बलन और सभ्यतागत आत्मबोध का ह्रास।

यह विमर्श किसी समुदाय या मत के विरोध का नहीं, बल्कि उन वैचारिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रवृत्तियों को समझने का है, जो किसी राष्ट्र के दीर्घकालिक स्वरूप को प्रभावित करती हैं। इसलिए इन विषयों का अध्ययन पूर्वाग्रह नहीं, बल्कि तथ्य, तर्क और सभ्यतागत दृष्टि के आधार पर किया जाना चाहिए।

**1 रेडिकल इस्लाम :** जब धार्मिक पहचान राजनीतिक परियोजना बन जाए

आधुनिक राष्ट्र-राज्य की अवधारणा समान नागरिकता पर आधारित है, जहाँ धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र से ऊपर प्रत्येक नागरिक राष्ट्र का समान अंग होता है। इसके विपरीत रेडिकल इस्लाम की राजनीतिक व्याख्या धार्मिक पहचान को राष्ट्रीय पहचान से ऊपर स्थापित करने का प्रयास करती है। इस दृष्टि में धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवस्था, कानून और शासन का आधार भी बन जाता है।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा विविधता, सह-अस्तित्व और सभी उपासना-पद्धतियों के सम्मान पर आधारित रही है। यहाँ भिन्न-भिन्न मत, दर्शन और जीवन-पद्धतियाँ एक ही सांस्कृतिक प्रवाह में विकसित हुई हैं। इसलिए जब कोई विचारधारा धार्मिक पहचान को राष्ट्रीय पहचान से ऊपर स्थापित करने का प्रयास करती है, तो वह भारत की सामाजिक समरसता और सभ्यतागत एकता के लिए चुनौती बन जाती है।

**2 चर्च और इवेंगलिस्म :** जब धर्मांतरण सांस्कृतिक परिवर्तन का माध्यम बन जाए

ईसाई मिशनरी परंपरा में इवेंगलिस्म का उद्देश्य ईसा मसीह के संदेश का प्रचार और नए अनुयायियों का विस्तार है। इतिहास में यह प्रक्रिया केवल धार्मिक उपदेशों तक सीमित नहीं रही,शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से भी इसका विस्तार हुआ।

भारतीय परंपरा में धर्म केवल उपासना पद्धति नहीं, बल्कि भाषा, लोक संस्कृति, उत्सव, पारिवारिक संस्कार और सामुदायिक जीवन से गहराई से जुड़ा है। भारतीय संदर्भ में धर्म जीवन पद्धति, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान से गहराई से जुड़ा है। इसलिए धर्मांतरण केवल आस्था का परिवर्तन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक परिवर्तन का भी कारण बनता है।

यही कारण है कि भारत में यह विषय केवल धार्मिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सभ्यतागत निरंतरता और सांस्कृतिक अस्मिता से भी जुड़ जाता है। इसलिए आवश्यकता ऐसी विकास-प्रक्रिया की है, जो सेवा और सामाजिक उत्थान के साथ-साथ स्थानीय परंपराओं, सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक विरासत का भी संरक्षण सुनिश्चित करे।

**3 कल्चरल मार्क्ससिज्म :** जब संस्कृति ही विमर्श का केंद्र बन जाए

कल्चरल मार्क्ससिज्म संस्कृति, शिक्षा, मीडिया और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जीवन-मूल्यों को पुनर्परिभाषित करने का प्रयास करता है। इसका प्रभाव केवल सार्वजनिक विमर्श तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार, विवाह, लैंगिक भूमिकाओं, शिक्षा, भाषा, कला, मनोरंजन और व्यक्तिगत जीवन-शैली तक दिखाई देता है।

परिवर्तन किसी भी समाज की स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु जब परंपरागत संस्थाओं और सांस्कृतिक मूल्यों को केवल उत्पीड़न और असमानता के दृष्टिकोण से देखा जाने लगे, तब समाज धीरे-धीरे अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों से दूर होने लगता है। परिणामस्वरूप परिवार, सामाजिक विश्वास और राष्ट्रीय-सांस्कृतिक पहचान भी पुनर्परिभाषा के दबाव में आ जाते हैं।

भारतीय सभ्यता ने परिवर्तन का सदैव स्वागत किया है, किंतु उसका आधार परंपरा का पूर्ण निषेध नहीं, बल्कि आत्मपरिष्कार रहा है।

**4 ग्लोबल मार्केट फोर्सेज (जीएमएफ):** जब उपभोक्तावाद संस्कृति का स्थान लेने लगे

चौथी चुनौती किसी धार्मिक या वैचारिक आंदोलन से नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार की तीव्र होती शक्ति से उत्पन्न होती है। वैश्वीकरण ने व्यापार, तकनीक और आर्थिक अवसरों का अभूतपूर्व विस्तार किया है। इससे विकास की नई संभावनाएँ भी बनी हैं। किंतु जब बाजार केवल अर्थव्यवस्था तक सीमित न रहकर जीवन-मूल्यों, सामाजिक व्यवहार और सांस्कृतिक प्राथमिकताओं को भी निर्धारित करने लगे, तब उसके दूरगामी प्रभाव सामने आने लगते हैं।

उपभोक्तावाद व्यक्ति को नागरिक या सांस्कृतिक इकाई के स्थान पर उपभोक्ता के रूप में देखने लगता है। सफलता का मापदंड चरित्र, ज्ञान और सामाजिक उत्तरदायित्व के स्थान पर उपभोग, ब्रांड और क्रय-शक्ति बनने लगता है। परिणामस्वरूप परिवार, स्थानीय परंपराएँ, स्वदेशी उद्योग, और सामुदायिक जीवन धीरे-धीरे बाजार की प्रतिस्पर्धा के दबाव में आने लगते हैं।

भारत की आर्थिक प्रगति के लिए वैश्विक बाजार आवश्यक है, किंतु उतना ही आवश्यक यह भी है कि विकास सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़े। यदि आर्थिक समृद्धि अपनी सांस्कृतिक पहचान की कीमत पर प्राप्त हो, तो वह दीर्घकाल में समाज को भीतर से कमजोर करती है।

**चारों चुनौतियों का समान सूत्र एवं निष्कर्ष**

इन चारों प्रवृत्तियों का स्वरूप अलग है, साधन अलग हैं और कार्यक्षेत्र भी अलग हैं। फिर भी इनके बीच एक गहरा संबंध दिखाई देता है। ये सभी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समाज की सांस्कृतिक निरंतरता, पारिवारिक संरचना और सभ्यतागत आत्मविश्वास को प्रभावित करती हैं। इसलिए इन्हें अलग-अलग घटनाओं के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यापक सभ्यतागत परिवर्तन की परस्पर जुड़ी हुई प्रक्रियाओं के रूप में समझना आवश्यक है।

भारत के समक्ष वास्तविक चुनौती किसी एक विचारधारा का प्रतिरोध भर नहीं, बल्कि ऐसी राष्ट्रीय चेतना का निर्माण है जो आधुनिक प्रगति के साथ-साथ अपनी सभ्यतागत पहचान, सांस्कृतिक निरंतरता और राष्ट्रीय एकात्मता को भी अक्षुण्ण रख सके।

अंततः किसी भी सभ्यता की रक्षा केवल उसकी सीमाओं पर तैनात सेनाएँ नहीं करतीं, उसके नागरिकों की चेतना, संस्कार और सांस्कृतिक आत्मबोध भी करते हैं। भारत यदि अपनी सभ्यतागत चेतना को जीवंत, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाए रखता है, तो वह न केवल इन चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करेगा, बल्कि बदलते विश्व में संतुलन, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों का एक विश्वसनीय मार्ग भी प्रस्तुत करेगा।

भारत के समक्ष वास्तविक चुनौती किसी एक विचारधारा का प्रतिरोध भर नहीं, बल्कि ऐसी राष्ट्रीय चेतना का निर्माण है जो आधुनिक प्रगति के साथ-साथ अपनी सभ्यतागत पहचान, सांस्कृतिक निरंतरता और राष्ट्रीय एकात्मता को भी अक्षुण्ण रख सके। अंततः किसी भी सभ्यता की रक्षा केवल उसकी सीमाओं पर तैनात सेनाएँ नहीं करतीं, उसके नागरिकों की चेतना, संस्कार और सांस्कृतिक आत्मबोध भी करते हैं। भारत यदि अपनी सभ्यतागत चेतना को जीवंत, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाए रखता है, तो वह न केवल इन चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करेगा, बल्कि बदलते विश्व में संतुलन, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों का एक विश्वसनीय मार्ग भी प्रस्तुत करेगा।

# मुठभेड़, न्याय और जनविश्वास : भरत भूषण तिवारी प्रकरण से उठते कई महत्वपूर्ण प्रश्न

**लोकतांत्रिक** व्यवस्था की सबसे बड़ी शक्ति केवल कानून का अस्तित्व नहीं, बल्कि उस कानून पर जनता का विश्वास होता है। जब किसी घटना के बाद समाज के भीतर व्यापक स्तर पर प्रश्न उठते हैं, जनभावनाएं उद्वेलित होती हैं और विभिन्न पक्ष अपनी-अपनी व्याख्याएं प्रस्तुत करने लगते हैं, तब उस घटना का महत्व केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रह जाता। भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत बिलौटी गांव से जुड़ा भरत भूषण तिवारी प्रकरण भी इसी प्रकार के व्यापक सामाजिक, प्रशासनिक और न्यायिक विमर्श का विषय बन गया है।

घटना के बाद जिस प्रकार जनाक्रोश, महापंचायत, सामाजिक प्रतिक्रियाएं, राजनीतिक बयान और न्यायिक जांच की मांग सामने आई, उसने इस प्रकरण को राज्यव्यापी चर्चा का विषय बना दिया। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा किया है कि कानून व्यवस्था, पुलिस कार्रवाई, नागरिक अधिकार और जनविश्वास के बीच संतुलन किस प्रकार स्थापित किया जाए।

लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को न्यायिक प्रक्रिया का अधिकार प्राप्त है। किसी व्यक्ति पर आरोप हों, उसके विरुद्ध जांच चल रही हो अथवा उसके आचरण को लेकर विवाद हो, तब भी उसे संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का संरक्षण प्राप्त रहता है। यही कारण है कि किसी भी पुलिस कार्रवाई के बाद यदि व्यापक स्तर पर सवाल उठते हैं, तो उन प्रश्नों की निष्पक्ष जांच आवश्यक हो जाती है।

भरत भूषण तिवारी को लेकर समाज के विभिन्न वर्गो की अलग-अलग धारणाएं सामने आई हैं। एक वर्ग उन्हें स्थानीय मुद्दों, विस्थापन और जनसरोकारों से जुड़े व्यक्ति के रूप में देखता है, जबकि प्रशासनिक और जांच एजेंसियों के अपने तथ्य और ष्टिकोण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर तथ्यों पर आधारित जांच ही सत्य तक पहुंचने का सबसे विश्वसनीय माध्यम बनती है।

हाल के घटनाक्रम में जांच एजेंसियों द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। घटना में प्रयुक्त तीनों हथियारों को जब्त कर फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है। इनमें एसटीएफ जवान की सर्विस पिस्टल, तत्कालीन थानाध्यक्ष की पिस्टल तथा मृतक के पास से बरामद हथियार शामिल हैं। बैलिस्टिक और फोरेंसिक जांच का उद्देश्य किसी पक्ष को दोषी ठहराना नहीं, बल्कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर घटनाक्रम को स्पष्ट करना होता है।

कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी मुठभेड़ प्रकरण में बैलिस्टिक जांच अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इससे यह स्पष्ट किया जा सकता है कि कितनी गोलियां चलीं, किस हथियार से चलीं तथा घटनास्थल की परिस्थितियां क्या थीं। वैज्ञानिक जांच न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत बनाती है और तथ्यों के आधार पर निष्कर्ष तक पहुंचने में सहायता करती है।

इस प्रकरण में संबंधित हथियारों का जब्त होना और जांच के पूर्ण होने तक उन्हें सुरक्षित रखना इस बात का संकेत है कि जांच एजेंसियां तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों को महत्व दे रही हैं। इससे जांच प्रक्रिया की विश्वसनीयता भी बढ़ती है।



प्रमोद कुमार सिंह

शिक्षाविद

दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों और अभिव्यक्तियों को लेकर भी प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई है। बिलौटी गांव निवासी बिहार पुलिस के एक सिपाही को सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन के आरोप में निलंबित किया गया है। सरकारी सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों के लिए निर्धारित आचार संहिताएं प्रशासनिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे मामलों में भी निष्पक्ष प्रक्रिया और नियमों के अनुरूप निर्णय आवश्यक माने जाते हैं।

यह पूरा घटनाक्रम केवल एक मुठभेड़ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य और समाज के बीच विश्वास के प्रश्न को भी सामने लाता है। जब किसी घटना को लेकर व्यापक जनभावनाएं सामने आती हैं, तब केवल कानूनी प्रक्रिया ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि संवाद, पारदर्शिता और विश्वास की पुनर्स्थापना भी आवश्यक हो जाती है।

पुलिस व्यवस्था किसी भी लोकतांत्रिक समाज की महत्वपूर्ण संस्था है। अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। देशभर में हजारों पुलिसकर्मी कठिन परिस्थितियों में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। इसलिए किसी एक घटना के आधार पर पूरी पुलिस व्यवस्था पर प्रश्नचि लगाना उचित नहीं होगा।

इसके साथ ही यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि यदि किसी कार्रवाई को लेकर सवाल उठते हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच हो। लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती इसी में निहित है कि संस्थाएं स्वयं को जांच और जवाबदेही की कसौटी पर प्रस्तुत करने के लिए तैयार रहें।

जनभावनाएं भी लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अंग हैं। महापंचायत, विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन या सार्वजनिक विमर्श लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के वैध माध्यम हैं। किंतु इन सभी प्रक्रियाओं का उद्देश्य तथ्यों को सामने लाना और न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत करना होना चाहिए, न कि पूर्व निष्कर्षो पर पहुंचना।

भरत भूषण तिवारी प्रकरण ने कई महत्वपूर्ण प्रश्नों को जन्म दिया हैपुलिस कार्रवाई की सीमाएं क्या हों नागरिक अधिकारों का संरक्षण किस प्रकार सुनिश्चित किया जाए जांच की पारदर्शिता कैसे बढ़ाई जाए और सबसे महत्वपूर्ण, जनता के विश्वास को कैसे बनाए रखा जाए

इन प्रश्नों के उत्तर केवल किसी एक व्यक्ति, संस्था या पक्ष के पास नहीं हैं। इनका समाधान निष्पक्ष जांच, न्यायिक प्रक्रिया, वैज्ञानिक साक्ष्यों और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता में निहित है।

अंततः इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष जांच की विश्वसनीयता होगी। यदि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित होती है, तो न केवल इस मामले में सत्य सामने आएगा, बल्कि जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। लोकतंत्र में प्रश्न उठाना व्यवस्था का विरोध नहीं, बल्कि जवाबदेही की प्रक्रिया का हिस्सा है।

कानून और न्याय के बीच संतुलन, पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास तथा संस्थाओं की पारदर्शिता ही किसी लोकतांत्रिक समाज की वास्तविक शक्ति होती है। भरत भूषण तिवारी प्रकरण को भी इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की आवश्यकता है, ताकि न्याय केवल हो ही नहीं, बल्कि निष्पक्ष और विश्वसनीय रूप से होता हुआ दिखाई भी दे।

# खास महाल की भूमि पर रहने वालों को मिलेगा मालिकाना हक

**राज्य** के विभिन्न जिलों में खास महाल की भूमि पर वर्षो से रहने वाले लोगों को शीघ्र ही उनका मालिकाना हक मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार विचार कर रही है। सासाराम, पूर्णिया, कटिहार सहित अन्य जिलों में खास महाल की भूमि पर 60-70 वर्ष से रहने वाले लोगों को आजतक उनको मालिकाना हक नहीं मिला है। इसको देखते हुए विभाग द्वारा 15 अगस्त के बाद लोगों से बात किया जाएगा। उस भूमि को देने के लिए बाजार मूल्य का कितना फीसदी राशि उनसे ली जाए, इसकी भी चर्चा की जाएगी। उसके बाद उस भूमि को फ्री होल्ड कर दिया जाएगा। राज्य सरकार यह क्रांतिकारी फैसला लेने जा रही है।

भूमि प्रबंधन एवं राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, डिजिटल और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में विभिन्न सेवाओं, योजनाओं एवं प्रक्रियाओं में व्यापक एवं क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। इन सुधारों के परिणामस्वरूप भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार, विशेष सर्वेक्षण, भूमि विवादों के त्वरित निपटारे और भूमिहीन परिवारों के पुनर्वास जैसे क्षेत्रों में प्रगति दर्ज की गई है। चालू वित्तीय वर्ष में राज्य की 28 केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय विकास योजनाओं के लिए 1380.59 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध करायी गई है। इससे शिक्षा, सड़क, ऊर्जा, सुरक्षा, खेल पर्यटन और औद्योगिक विकास से जुड़ी परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी आएगी।

सरकारी भूमि हस्तांतरण के अतिरिक्त महत्वपूर्ण परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही है, जिसके अंतर्गत भू-अर्जन की परियोजनाओं के लिए 45748 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। वर्तमान में भारत सरकार और राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए विभिन्न विभागों से प्राप्त अधियाचना के आलोक में भू-अर्जन की कार्रवाई की जा रही है, जिसमें उद्योग विभाग, एनएच, एनएचआई, मोर्थ (एक्सप्रेसवे सहित), रेलवे और पथ निर्माण, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), गया, दरभंगा और पूर्णिया में हवाई अड्डा निर्माण से संबंधित परियोजना, जल संसाधन विभाग की परियोजनाएं, व्यवहार न्यायालय (मधुबनी, कटिहार, सुपौल इत्यादि) से संबंधित परियोजनाएं और स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की परियोजनाएं शामिल हैं।

विभाग में स्वीकृत पद से कम राजस्व कर्मचारियों की संख्या है। इसको देखते देखते हुए 8054 राजस्व कर्मचारी और 765 पदों पर अमीन की बहाली करने के लिए अधियाचना भेजी गई है। इसके अतिरिक्त ग्राम कचहरी और हल्का में कार्यपालक सहायक की तरह डाटा इंट्री ऑपरेटर की बहाली पर विभाग विचार कर रहा है। 15 अगस्त 2026 तक राज्य के पांच जिलों में सर्वे का कार्य समाप्ति का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अरवल, जहानाबाद, लखीसराय, शिवहर एवं शेखपुरा जिला शामिल है।

दाखिल-खारिज और परिमार्जन प्लस में विभाग ने बेहतर कार्य किया है। सहयोग शिविर के माध्यम से 15 जून तक 81371 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 68242 मामलों का निपटारा कर दिया गया है। राज्य में अभियान बसेरा-2 कार्यक्रम संचालित है। इस अभियान के तहत वास योग्य भूमि आवंटन और लाभार्थियों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। अबतक 139581 सर्वेक्षित परिवारों में से 71569 परिवारों को वासभूमि उपलब्ध कराई गई है। आगामी 15 अगस्त को विशेष अभियान के तहत 30 हजार परिवारों को पर्चा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान बसेरा-3 लाने का प्रयास किया जा रहा है। 2 से 3 साल में सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। राज्य में सरकार ने भूमि का सर्किल रेट बढ़ा दिया है इससे किसानों को फायदा होगा। सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। भूमि प्रशासन को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा चार नियमावली बनाई गई है, जिसमें (1)- बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने के वाली नियमावली- 2026, (2)- बिहार रैयती भूमि क्रय नीति-2026, (3)- बिहार काश्तकारी (संशोधन) नियमावली-2026 और (4)- बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्ती (संशोधन) नियमावली-2026 शामिल है।

## प्रवचन

# गुरु, श्रेष्ठ और पति के वचन की अवहेलना न करें : जीयर स्वामी

**क्रोध में लिया गया निर्णय हितकर नहीं**

**भाग्य बदल सकता है, लेकिन हरि इच्छा नहीं**

गुरु, श्रेष्ठजन और पति के वचनों की अवहेलना नहीं करनी चाहिए। इनके वचनों की अवज्ञा से जीवन में संकट आता है। किसी खास परिवेश में उत्पन्न परिस्थितियों के दरम्यान श्रेष्ठ जनों की बातों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, क्योंकि वे अनुभव से परिपक्व होते हैं। आवेश में लिए गए निर्णय हितकर नहीं होते। आवेश की स्थिति में बुद्धि स्थिर नहीं होती। अस्थिर बुद्धि दुःख का कारण होती है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने सती के देह-त्याग की चर्चा करते हुए कहा कि दक्ष प्रजापति के यज्ञ में शिव का भाग नहीं देख सती क्रोधित हो गयीं। उन्होंने अपने पिता को कोसते हुए कहा कि भोलेनाथ, जो राम तत्व में ही लीन रहते हैं, उनसे अकारण द्रोह कर आपने यज्ञ में उनका हिस्सा नहीं दिया। दो अक्षर शिव का नाम लेने से पतितों का उद्धार हो जाता है। ऐसे शिव को आपने अपमानित किया। सती ने उसी स्थान पर पद्मासन में बैठ शंकर जी का ध्यान किया और योग-साधना द्वारा शरीर त्याग दिया। उनके साथ आये शिव के गण इस दृश्य को देख दक्ष के वध के लिये उद्यत हो गये। उसी वक्त यज्ञाचार्य भृगु जी ने अग्नि में आहूति दी, जिससे रिपुसंज्ञक उत्पन्न हुए। उन्होंने शिव गणों को मारकर भगा दिया। इसकी सूचना नारद जी ने कैलास पर विराजमान शिव को रोते हुए दी। भोलेनाथ क्रोधित हो अपने केश खोले। एक जटा तोड़ पृथ्वी पर पटक दिये, जिससे वीरभद्र (सोखा बाबा) पैदा हुए। वीरभद्र शिव-गणों के साथ यज्ञ में पहुंचे। यज्ञ पुनः शुरू हो चुका था। इन्होंने यज्ञाचार्य भृगु की दाढ़ी-मूँछ नोच ली। दक्ष की गर्दन ऐंठ अग्नि में डाल दिये। यज्ञ तहस-नहस हो गया।

स्वामी जी ने कहा कि भाग्य बदल सकता है, लेकिन हरि इच्छा नहीं। सती द्वारा राम की परीक्षा लेना उनकी भारी भूल थी। उन्होंने कहा कि परमात्मा, गुरू और संत की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। शंकर ने सती को मना किया था कि वे राम की परीक्षा न लें। पत्नी-वियोग में भ्रमण करते दशरथ-नन्दन परात्पर ब्रह्म है, जिनका ध्यान शिवजी सदा करते रहते हैं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

"सबकर परमप्रकासक जोई।
राम अनादि अवध-पति सोई।"

लेकिन सत्ती शंकर की एक न सुनी, जिसका खामियाजा उन्हें भोगना पड़ा। अतः पति की बात स्त्री को माननी चाहिए। उसी तरह श्रेष्ठ एवं गुरू की बात सामान्य व्यक्ति को माननी चाहिए।

स्वामी जी ने कहा कि बाद में देवताओं के आग्रह पर यज्ञ को पूरा करने का निर्णय लिया गया। ब्रह्मा, विष्णु और महेश यज्ञ में शामिल होने की सहमति दिये। राजा दक्ष के शरीर में बकरा का सिर लगाकर उन्हें जीवित किया गया। भृगु के उखड़े दाढ़ी में बकरे की दाढ़ी लगायी गयी। दक्ष ने बकरे की आवाज में त्रिदेवों की स्तुति की। भोलेनाथ बकरे की आवाज में दक्ष द्वारा अपनी स्तुति सुन मुस्कराये। यही कारण है कि आज भी शिवालयों में बकरे की आवाज में शिव स्तुति की परम्परा है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# राष्ट्रीय डाक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर चिकित्सकों एवं चार्टेड अकाउंटेंट्स को किया सम्मानित

**रक्सौल(एनएसबी)।** भारत विकास परिषद, शाखारक्सौल के तत्वावधान में अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में राष्ट्रीय डक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके उत्ष्ट सामाजिक, व्यावसायिक एवं राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान के लिए गुलाब पुष्प, अंगवस्त्र (दोशाला) एवं स्मृति-चि (मोमेंटो) प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। सम्मान समारोह में उपस्थित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का परिषद परिवार ने आत्मीय स्वागत कियास इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी ने कहा कि डक्टर मानव जीवन के रक्षक हैं, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को सुढ़, पारदर्शी एवं अनुशासित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाज और राष्ट्र के विकास में दोनों वर्गो का योगदान अत्यंत प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय है। ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान करना भारत विकास परिषद का दायित्व और सौभाग्य है। सम्मानित होने वाले डक्टरों में ड़ श्रीराम प्रसाद , ड़ मंजू जायसवाल, ड़ स्वाति सपन, ड़विजय कुमार, ड़ प्रभु जोसेफ, ड़सुजीत कुमार, ड़ एस. के़ सिंह, ड़ उमेश प्रसाद,ड़ प्रहस्त कुमार, ड़ प्रदीप कुमार, ड़ अमित जायसवाल, ड़ आदित्य प्रसाद, ड़ बिपिशा श्रेष्ठ, ड़ अरूण यादव, ड़ शशि रंजन, ड़ नारायण डालमिया, ड़ मनीता, ड़ चंदन कुमार, ड़ अदिति गुप्ता तथा सीए प्रदीप अग्रवाल, सीए विजय केशान को सम्मानित किया गयास सम्मान प्राप्त करने वाले चिकित्सकों में ड़ प्रभु जोसेफ, ड़ सुजीत कुमार, ड़ एस. के़ सिंह, स्वाति सपन, ड़ मंजू जायसवाल, ड़ श्रीराम प्रसाद, ड़विजय कुमार, ड़ आदित्य प्रसाद सीए प्रदीप कुमार अग्रवाल एवं भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के संरक्षक भरत प्रसाद गुप्त एवं महेश कुमार अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए भारत विकास परिषद के इस अभिनव प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह समाज में सेवा, समर्पण एवं उत्ष्ट कार्यो के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं और नई पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करते हैंसकार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन सम्पर्क संयोजक उमेश कुमार सिकारिया तथा सेवा संयोजक सह मीडिया प्रभारी बिमल कुमार सर्राफ तथा सुनील कुमार ने किया। समारोह का समापन कोषाध्यक्ष सुनील कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय डाक्टर डे के अवसर पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में डाक्टर सम्मानित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** राष्ट्रीय डक्टर डे के अवसर पर बुधवार की संध्या ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र ज्ञान प्रकाश भवन में डक्टर सम्मान समारोह का आयोजन किया गयास कार्यक्रम का उद्घाटन सेवा केंद्र प्रभारी बी के मीना दीदी एवं अनुमंडलीय उपाध्यक्ष ड राजीव कुमार श्रीवास्तव ने कियास उक्त अवसर पर अपने संबोधन में उत्तर बिहार की वरिष्ठ राजयोगिनी बीके मीना दीदी ने कहा कि तेजी से हो रहे पर्यावरण असंतुलन एवं विश्व के कई भागो मे हो रहे युद्ध का प्रभाव मानव स्वास्थ पर पड रहा हैं, और नई-नई बीमारियां पैदा हो रही हैस आज डक्टर भाई बहनों के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेवारी आ गई हैस ब्रह्माकुमारी संस्था ने समय की नाजुकता को समझते हुए अपने बीस प्रभागो द्वारा जो आध्यात्मिक सशक्तिकरण का कार्य चला रही है उसी कड़ी में डक्टरो के आध्यात्मिक सशक्तिकरण हेतु देश भर में यह आयोजन हो रहा है,स वर्तमान समय डक्टर को अधिक आध्यात्मिक शक्ति की जरूरत है ताकि नित्य उत्पन्न हो रही नई-नई बीमारियों की पकड़ हो सके और मरीजो का जीवन को स्वस्थ रखा जा सके स इसी बात को ध्यान रखते हुए आज डक्टर डे के अवसर पर देश भर में ब्रह्मकुमारी द्वारा यह कार्यक्रम हो रहा हैंस संबोधित करते हुए डक्टर राजीव कुमार श्रीवास्तव अनुमंडल उपाध्यक्ष ने कहा कि ब्रह्मा कुमारी द्वारा किये जा रहे इस महत्वपूर्ण कार्य की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी सउपस्थित तमाम डक्टर को बीके करुणा, बीके आरती ने तिलक लगाकर सभी का स्वागत कियास कार्यक्रम में पधारे डक्टर सत्य प्रकाश आर्य, डक्टर असेसर साह, डक्टर संजीव कुमार शुक्ला, ड अरुण कुमार,डक्टर कुमार धीरज,डक्टर आर के सिंह, डक्टर अशरफ अहमद,डक्टर नवीन कुमार, डक्टर अमित कुमार एवं अन्य को राजयोगिनी बी के मीना दीदी ने सम्मान का चादर ओढाकर, मोमेंटो एवं ईश्वरीय सौगात देकर सभी को सम्मानित किया स उक्त अवसर पर उपस्थित रहने वालों में बीके खुशबू , बीके अन्नू,बी के अभिमन्यु ,बीके विनोद,बीके नंदू के अलावा अन्य भाई बहन थे।

### सखी वार्ता में महिलाओं को अधिकारों और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास निगम (डब्ल्यूसीडीसी) एवं जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आदापुर प्रखंड के धबधबवा गांव में श्सखी वार्ताश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जीविका समूह की महिलाओं ने भाग लिया। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, महिला अधिकारों तथा सुरक्षा संबंधी सुविधाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक (डब्ल्यूसीडीसी) वीरेंद्र राम ने कहा कि जीविका दीदियां सामाजिक परिवर्तन की सबसे मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए संचालित वन स्टप सेंटर, शक्ति सदन तथा जिला हब फर एम्पावरमेंट अफ वूमेन जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं से इनका लाभ उठाने की अपील की। जिला मिशन समन्वयक निधि कुमारी ने महिलाओं एवं बच्चियों के लिए संचालित शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन महिलाओं को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और श्सखी वार्ताश जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में भी विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि घरेलू हिंसा, प्रताड़ना, बाल विवाह या किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं इस टोल-फ्री नंबर पर 24 घंटे सहायता प्राप्त कर सकती हैं। हेल्पलाइन के माध्यम से पुलिस सहायता, कानूनी परामर्श और काउंसिलिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। जेंडर विशेषज्ञ निर्भय कुमार ने लैंगिक समानता, बाल विवाह उन्मूलन और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं जेंडर आधारित हिंसा से संबंधित सहायता सेवाओं की भी जानकारी दी।

## निर्धारित मूल्य पर किसानों को उपलब्ध कराएं उर्वरक, कालाबाजारी पर होगी एफआईआर : डीएम

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय में जिला स्तरीय षि टास्क फोर्स एवं जिले के थोक उर्वरक विक्रेताओं की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार भी उपस्थित रहे।बैठक में खरीफ मौसम 2026 के लिए उर्वरक की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा षि विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला षि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जिले में वर्तमान में 17,653176 मीट्रिक टन यूरिया, 7,192975 मीट्रिक टन डीएपी तथा 2,080465 मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो टलरेंस नीति के तहत किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिया कि वे निर्धारित दर पर खुदरा विक्रेताओं को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी



समीक्षा बैठक करते डीएम,डीडीसी व अन्य।

कि यदि किसी भी स्तर पर उर्वरक की कालाबाजारी या निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिली तो संबंधित थोक विक्रेता को चिन्हित कर उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल षि पदाधिकारियों एवं प्रखंड षि पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने तथा उर्वरक बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर संबंधित क्षेत्र के जिम्मेदार षि पदाधिकारियों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों की फार्मर आईडी तैयार कराने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे भविष्य में षि विभाग की योजनाओं का लाभ सभी पात्र किसानों तक समय पर पहुंचाया जा सकेगा। बैठक में जिला षि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण, सहायक निदेशक उद्यान, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहायक निदेशक गन्ना विभाग, सभी अनुमंडल षि पदाधिकारी, सभी प्रखंड षि पदाधिकारी तथा जिले के सभी थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे।

## टीबी मुक्त पूर्वी चंपारण हमारा संकल्प आगे आएं और बनें निक्षय मित्र : डीएम

**मोतिहारी(एनएसबी )।** पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी के पांच मरीजों को पोषण किट प्रदान कर निक्षय मित्र के रूप में अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मरीजों को उपचार के दौरान अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहयोग करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी मुक्त पूर्वी चंपारण बनाना जिला प्रशासन का संकल्प है। उन्होंने



जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ।

जिले के सामाजिक संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सभी पदाधिकारियों से निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की सहभागिता से ही टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को समय पर प्राप्त किया जा सकता है।जिलाधिकारी ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में 10 लाख लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, विद्यालयों, महादलित बस्तियों तथा टीबी प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें विशेष जांच अभियान चलाकर संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को निरूशुल्क जांच एवं दवा उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने आम लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक लगातार खांसी, बुखार या टीबी के अन्य लक्षण हों तो वह तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। यदि टीबी की पुष्टि होती है तो चिकित्सकों की सलाह के अनुसार दवाओं का पूरा कोर्स अवश्य पूरा करें तथा अपने संपर्क में आए लोगों की भी जांच कराएं।

## रक्सौल पुलिस की बड़ी कामयाबी, अंतर्राष्ट्रीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

### 4 चोर गिरफ्तार, नेपाल तक फैला था नेटवर्क

**रक्सौल(एनएसबी)।** पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार चोरी की मोटरसाइकिल, पांच स्मार्टफोन, भारतीय और नेपाली मुद्रा सहित चोरी में इस्तेमाल होने वाली मास्टर चाबी बरामद की है। गिरोह चोरी की बाइक को नेपाल और कुड़वा चौनपुर क्षेत्र में बेचता था।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद ने बताया कि 30 जून 2026 की शाम गुप्त सूचना मिली थी कि यूनियन बैंक, रक्सौल के पास एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल चोरी की नीयत से रेकी कर रहा है। सूचना के सत्यापन के दौरान पुलिस ने विकास कुमार (22 वर्ष), निवासी बेला मुरला, थाना रामगढ़वा को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक मास्टर चाबी और एक स्मार्टफोन बरामद हुआ।कड़ी पूछताछ में विकास कुमार ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें नेपाल और कुड़वा चौनपुर क्षेत्र में बेचता था। उसकी निशानदेही पर कुड़वा चौनपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी की चार मोटरसाइकिल, पांच स्मार्टफोन, घ14,060 भारतीय मुद्रा, 6,310 नेपाली रुपये और अन्य सामान बरामद किए गएप इस मामले में रक्सौल थाना कांड संख्या 290द्26, दिनांक 2 जुलाई 2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।बरामी में शामिल प्रमुख सामानरू चार चोरी की मोटरसाइकिल,पांच स्मार्टफोन, 14,060 रूपए भारतीय मुद्रा,6,310 नेपाली रुपए एवं मोटरसाइकिल चोरी में प्रयुक्त मास्टर चाबी बरामद हुआ हैस वही उक्त कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद के नेतृत्व में रक्सौल थाना की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर सफलता हासिल की।

## हर हाल में प्रत्येक बच्चे तक पहुंचे पोलियो की खुराक : सिविल सर्जन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पल्स पोलियो अभियान के पाँचवें दिन हर्सिद्धि प्रखंड के मुरारपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 8, बरवा टोला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर जाकर पाँच वर्ष से



निरीक्षण करते सिविल सर्जन व अन्य।

कम आयु के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई गई। अभियान का निरीक्षण सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी (डीआईओ) ड़ शरत चंद्र शर्मा तथा प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी (एसएमओ) ड़ मनोज कुमार ने कियास इस अवसर पर सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार ने कहा कि पोलियो उन्मूलन की सफलता तभी संभव है, जब कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिला रही है और अभिभावकों से अपील की कि वे टीम का सहयोग करें तथा पाँच वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएँ।उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों की पहचान कर उन्हें भी पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि शत-प्रतिशत बच्चों तक पहुँच सुनिश्चित कर जिले को पोलियो-मुक्त बनाए रखने की दिशा में अभियान को पूरी सफलता मिले। निरीक्षण के दौरान डीआईओ ड़ शरत चंद्र शर्मा एवं एसएमओ ड़ मनोज कुमार ने भी अभियान की प्रगति का जायजा लिया तथा टीम संख्या 40 के सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## कलश यात्रा में वीमेन स्नैचर गैंग के 9 महिलाएं गिरफ्तार

**पिपरा(एनएसबी)।** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर ग्राम में आयोजित लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की कलश यात्रा के दौरान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गले से सोने के जेवर उड़ाने वाले अंतरजिला महिला चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 9 महिला चोरों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान इनके पास से चोरी किए गए मंगलसूत्र और जितिया सहित अन्य आभूषण बरामद हुए हैं। पिपरा पुलिस के अनुसार, सागर ग्राम में महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं शामिल थीं। इसी भारी भीड़ का फायदा उठाकर यह गिरोह महिलाओं को अपना निशाना बना रहा था। जैसे ही कलश यात्रा आगे बढ़ी, श्रद्धालुओं के बीच आभूषण चोरी होने की शिकायतें आने लगीं। शक के आधार पर जब पुलिस और स्थानीय लोगों ने घेराबंदी की, तो गिरोह की सभी 9 महिलाएं




गिरफ्तार वीमेनं्चर गैंग व पुलिस।

दबोच ली गईं। गिरफ्तार की गईं सभी महिलाएं खुद को बेतिया बाजार का निवासी बता रही हैं। हालांकि, पुलिस रिकर्ड के अनुसार इनमें से कई महिलाओं का सत्यापन देवरिया, आजमगढ़ और गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) जैसे अन्य जिलों से भी जोड़ा जा रहा है, जिससे इनके बड़े अंतरराज्यीयध्अंतरजिला नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है।यह गिरोह मुख्य रूप से मेलों, महायज्ञों, कलश यात्राओं और भारी भीड़ वाले धार्मिक या सामाजिक आयोजनों में सक्रिय रहता था। महिलाएं होने के कारण इन पर आसानी से किसी को शक नहीं होता था और ये आसानी से भीड़ में घुसकर महिलाओं के गले से सोना व चांदी के जेवर उड़ा लेती थीं। मामले को लेकर थानाध्यक्ष अंजन कुमार में बताया कि कलश यात्रा के दौरान आभूषण चोरी करने वाले एक संगठित महिला गिरोह की 9 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से चोरी की मंगलसूत्र, चेन व जित्तीय बरामद किया गया हैं। वही सभी आरोपी को कांड संख्या दर्ज कर जेल भेज दी गई है व अग्रीम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व हिंदू परिषद ने अंतरराष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर छपरा शहर के कई चिकित्सको को किया सम्मानित

**छपरा।** अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर छपरा शहर के कई डक्टरो को अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक और अजय कुमार सिंह पूर्व बजरंग दल संयोजक ने अंग वस्त्र पौधा डायरी कलम देकर के सम्मानित किया। जिन डक्टरों की समाज सेवा एवं सनातन धर्म में आस्था रहती है। सनातन धर्म ही वासुदेव कुटुंब के रास्ते पर चलता है सारा विश्व मेरा परिवार है।अरुण पुरोहित ने बताया की 1 जुलाई को भारत वर्ष में अंतरराष्ट्रीय डक्टर दिवस क्यों मनाया जाता है ड विधान चंद्र राय महान स्वतंत्रता सेनानी एवं ड के साथ-साथ समाज सेवा में उत्तम स्थान पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री के जन्म दिवस एवं पुण्यतिथि दोनों 1 जुलाई को ही हुई उन्हीं की याद में हम अंतर्राष्ट्रीय डक्टर दिवस मनाते हैं। उनका पूरा जीवन गरीबों की सेवा में समर्पित रहा । आज भी उनकी प्रेरणा से डक्टर जगजीत पांडे कैंसर विभाग अध्यक्ष ए आई आई एम्स पटना, डक्टर अनिल सिंह संजीवनी हस्पिटल श्याम चौक छपरा, ड कविता सिंह समाजसेवी, ड एच डी सिंह ड बंदना सिंह सिंह, अखंड ज्योति आई हस्पिटलआई हस्पिटल दरियापुर नेत्र चिकित्सक ड आशीष कुमार प्रमुख रूप से रहे। आज डक्टर अनिल कुमार ने पूरे दिन क्लीनिक में निशुल्क रोगी को दिखा। यह सभी ड रोगी को जागरूकता के लिए निशुल्क जागरूकता शिविरों के आयोजन में बढ़ चढ़कर अपनी सेवा देते हैं।इस अवसर पर प्रथम बजरंग दल के पूर्व संयोजक अजय सिंह एवं जिला धर्म प्रसार सह प्रमुख विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहे ने अरुण पुरोहित का साथ दिया। अति दुर्लभ रुद्राक्ष पौधा को अजय सिंह ने उपलब्ध कराया इस कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के प्रधान धर्मनाथ मंदिर के पुजारी धन कुमार तिवारी की देखरेख में मंदिर परिसर में अति दुर्लभ रुद्राक्ष पौधा का आज पौधारोपण किया गया। अरुण पुरोहित ने बताया की समाजसेवी अजय सिंह पिछले 10 वर्षो से लगातार कई मंदिर एवं सुरक्षित जगह पर रुद्राक्ष का पौधा लगाए जो आज भी फल भी दे रहा है। कल भी लक्ष्मी जी के मंदिर रतनपुर सत्यनारायण मंदिर गुदरी राय के चौक महर्षी दधिचि आश्रम सह उमानाथ मंदिर परिसर दहियावां में रुद्राक्ष का पौधा लगाया जाएगा। 2 वर्ष पूर्व भगवान बाजार थाना परिसर में लगाया हुआ रुद्राक्ष पौधा अब फल देने को तैयार है ।धर्मनाथ मंदिर में उपस्थित सैकड़ों लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने कहा की पौधा लगाकर हमें कम से कम 6 माह तक उसे संरक्षण देना चाहिए ।पलिथीन का इस्तेमाल न करें और जल की बूंद बूंद बचाने से ही मनुष्य जीवन बच पाएगा। आज सांसे हो रही है कम आओ वृक्ष लगाए हम । उपस्थित लोगों को शपथ ग्रहण कराते हुए कहा हम अपने जीवन के शुभ कार्य विवाह शादी ,जन्म उत्सव के अवसर पर पौधा लगाकर पर्यावरण को संतुलित करें।

### पुलिस को हत्या कांड में बड़ी सफलता, आरोपी गिरफ्तार

**जलालपुर ।** स्थानीय थाना कांड संख्या 30द्24, धारा 302 भारतीय न्याय संहिताध्आईपीसी (हत्या) के मामले में पुलिस ने नामजद अभियुक्त सोनू, पिता राजेंद्र सिंह, निवासी रूसी गम्हरिया, थाना जलालपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत के लिए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

### रेल मंत्री ने दिया आश्वासन, सारण की रेल मांगों पर होगी कार्रवाई

#### विधायक छोटी कुमारी की पहल पर रेल मंत्रालय ने भेजा जवाब

**छपरा ।** छपरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक छोटी कुमारी द्वारा सारण एवं छपरा क्षेत्र की महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं और जनहित से जुड़ी मांगों को लेकर की गई पहल पर रेल मंत्रालय ने सकारात्मक जवाब दिया है। हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विधायक ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर उन्हें जनहित से जुड़े विभिन्न रेल विकास कार्यो एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित मांगों का विस्तृत ज्ञापन सौंपा था। रेल मंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्र में बताया गया है कि विधायक द्वारा उठाए गए सभी प्रस्तावों एवं मांगों की जांच कराई जा रही है तथा जांच पूरी होने के बाद आवश्यक एवं उचित कार्रवाई की जाएगी। विधायक छोटी कुमारी ने बताया कि छपरापटनाध्पाटलिपुत्र एवं पटनाछपरा के बीच कार्यालय समय (अफिस आवर) में नियमित ट्रेन चलाने की मांग उन्होंने बिहार विधानसभा में भी गैर-सरकारी संकल्प के माध्यम से प्रमुखता से उठाई थी। इस पर सदन की ओर से आश्वासन दिया गया था कि यह मांग केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि सारण, सिवान एवं गोपालगंज के हजारों छात्र-छात्राएं, नौकरीपेशा, व्यवसायी एवं आम नागरिक प्रतिदिन पटना आते-जाते हैं। ऐसे में अफिस आवर ट्रेन की शुरुआत क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ज्ञापन में छपरालखनऊरेल सेवा को पुनः प्रारंभ करने, छपरा जंक्शन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर आधुनिक सुविधाओं से विकसित करने, छपरा ग्रामीण एवं छपरा कचहरी रेलवे स्टेशन के विकास, बाबा हरिहरनाथ धाम के लिए सीधी रेल सेवा, श्यामचक में आरओबी एक्सटेंशन निर्माण, विभिन्न रेलवे फाटकों पर अंडरपास अथवा फ्लाईओवर निर्माण तथा ब्रम्हपुर रेलवे ढाला संख्या-53 पर सिगल व्यवस्था में सुधार जैसी महत्वपूर्ण मांगें भी शामिल हैं। विधायक छोटी कुमारी ने रेल मंत्री द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि रेल मंत्रालय जनभावनाओं के अनुरूप शीघ्र निर्णय लेकर सारण की जनता को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि सारण के विकास और जनता के हितों के लिए उनकी आवाज सदन से लेकर केंद्र सरकार तक लगातार बुलंद होती रहेगी।

### सारण के 8 संगीत शिक्षक और 1 कला व्याख्याता 'आर्ट एडूकेटर अवार्ड 2026 से पटना में सम्मानित

**छपरा।** विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में विश्व संगीत दिवस उत्सव सह सम्मान समारोह 2026 का आयोजन पटना म्यूजियम, बुद्ध मार्ग (पटना) के सभागार में 27 जून 2026 किया गया। इस उत्सव का आयोजन परफर्मिंग एंड विजुअल आर्ट एडुकेटर्स अफ बिहार (च्मतवितउपदह - टपेनंस ।तज म्कनबंजवतेे व ि्इपींत) द्वारा बिहार म्यूजियम, पटना के सहयोग से किया गया। इस एक दिवसीय उत्सव में गीत-संगीत, नृत्य, नाटक तथा जादू कला की प्रस्तुतियों के साथ-साथ कला शिक्षा की चुनौतियों पर पैनल डिस्कशन एवं कला शिक्षा पर आधारित डक्युमेंटरी फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार संग्रहालय, पटना के महानिदेशक श्री अंजनी कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि एससीईआरटी, पटना के संयुक्त निदेशक ड़ सुरेन्द्र कुमार, बिहार संग्रहालय, पटना के अपर निदेशक श्री अशोक कुमार सिन्हा, मगध महिला कलेज की प्रो नीरा चौधरी, एलएनएमयू, दरभंगा की प्रो लावण्या कीर्ति सिंह काव्या थी। इस उत्सव में शिक्षा विभाग (बिहार सरकार) के अंतर्गत कार्यरत संगीत, नृत्य, ललित कला और रंगमंच विषय के 60 शिक्षकों, व्याख्यताओं और प्रधायपकों को कला शिक्षा में बेहतर योगदान के लिए आर्ट एडुकेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में सारण जिला के निम्नलिखित 8 कला शिक्षकों और 1 कला व्याख्याता को आर्ट एडुकेटर अवार्ड सम्मानित किया गया- ड़ विशाल भूषण यादव, व्याख्याता, सीटीई, सारण देवानन्द ठाकुर, संगीत शिक्षक, गोगल सिंह इंटरस्तरीय विद्यालय, नयागाँव, सोनपुर सरिता कुमारी, संगीत शिक्षिका, आरएन इंटर कलेज, परसागढ़, एकमा अनिरुद्ध कुमार सिंह, नृत्य शिक्षक, उत्क्रमित 2 विद्यालय, अनवल, जलालपुर प्रतिभा कुमारी, नृत्य शिक्षिका, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, शेरपुर, छपरा सदर सुधाकर कश्यप, संगीत शिक्षक, राजकीय इंटर कलेज (जिला स्कूल), छपरा सदर राजन कुमार, संगीत शिक्षक, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, शेरपुर, छपरा सदर अमित कुमार, नृत्य शिक्षक, एसपीज़ी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दाउदपुर, मांझी सोनम मिश्रा, संगीत शिक्षिका, 2 उच्च विद्यालय, नवादा छेनवा, एकमा' परफर्मिंग एंड विजुअल आर्ट एडुकेटर्स अफ बिहार बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत संगीत, नृत्य एवं ललित कला के शिक्षकों, व्याख्याताओं (स्मबजनतमते) और प्राध्यापकों (त्वमिवेते) का एक अत्यंत सक्रिय और अकादमिक समूह है। वर्तमान में इस समूह से राज्य भर के एक हजार से अधिक कला-शिक्षक एवं शिक्षाविद जुड़े हुए हैं। यह समूह बिहार में कला शिक्षा के उत्थान, लोक कलाओं के संरक्षण और शिक्षाविदों के व्यक्तिगत व व्यावसायिक विकास (त्वमेिपवदंस क्मअमसवचउमदज) के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा दीनाभद्री मेला का भव्य शुभारंभ, मंत्री रत्नेश सादा बोले शिक्षा और एकता से होगा समाज का विकास

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के देहद पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-15 स्थित मोहनपुर गांव में गुरुवार को चार दिवसीय बाबा दीनाभद्री मेला का विधिवत शुभारंभ बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सादा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश्वर सादा एवं सचिव चानो सादा ने मिथिला की पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप मंत्री सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में मंत्री रत्नेश सादा ने कहा कि बाबा दीनाभद्री ने अन्याय, अत्याचार और बुराइयों के विरुद्ध संघर्ष कर समाज को नई दिशा दी। उनका जीवन आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सबसे बड़ा माध्यम है, इसलिए प्रत्येक परिवार अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा अवश्य दिलाए। इस अवसर पर समाजसेवी एवं जदयू प्रखंड उपाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने मंत्री रत्नेश सादा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। चार दिवसीय मेले में क्षेत्र के विभिन्न गांवों की महादलित बस्तियों से आई बाबा दीनाभद्री लोकगायन मंडलियों द्वारा बाबा दीनाभद्री के जीवन पर आधारित लोकनाट्य और भक्ति गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं, जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयकुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर झा पप्पू, धीरेंद्र सिंह, सिकरेटरी साहब, प्रकाश मेहता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं मेले के सफल आयोजन में पूर्व सरपंच पिंकू पासवान, सुरेश सादा, ललन पासवान, रोहित पासवान, गणेशी सादा, तारनी सादा, छेदी सादा, हरिलाल सादा समेत सभी ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।



### विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी जी रामजी योजना का शुभारंभ

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन वीबी जी राम जी योजना के शुभारंभ के अवसर पर गुरुवार को स्थानीय विकास भवन में जन सम्मेलन-सह-शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान योजना के उद्देश्यों एवं प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के सृजन, आजीविका संवर्धन एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार,निदेशक डीआरडीए पुलक कुमार,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### आयुक्त के सचिव के नेतृत्व में प्रमंडलीय आयुक्त सभागार में सतर्कता जागरूकता दिवस का आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी प्रमंडलीय आयुक्त के सचिव सह आरडीडीई अमित कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को प्रमंडलीय आयुक्त सभागार में सतर्कता जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मियों को सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक कार्यों में ईमानदारी, जवाबदेही एवं नैतिक मूल्यों के पालन पर बल देते हुए कहा गया कि सुशासन की स्थापना में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही सभी से अपने दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ करने का आह्वान किया गया।उक्त अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश लाल दास एवं सभी शाखाओं के कर्मी आदि उपस्थित थे।



### जिलाधिकारी के नेतृत्व में समाहरणालय में सतर्कता जागरूकता दिवस का आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।**जिलाधिकारी दीपेश कुमार के नेतृत्व में समाहरणालय में सतर्कता जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मियों को सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक कार्यों में ईमानदारी, जवाबदेही एवं नैतिक मूल्यों के पालन पर बल देते हुए कहा गया कि सुशासन की स्थापना में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही सभी से अपने दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ करने का आह्वान किया गया। जिला प्रशासन आमजन को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, सहायक समाहर्ता केतन शुक्ला, सभी शाखाओं के प्रभारी पदाधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।



### खगड़िया रेल मजिस्ट्रेट मो काजिब के नेतृत्व में चला रेलवे स्टेशन और परिसर में सघन जांच अभियान, दर्जनों लोगों का कटा चालान, लाखों रुपए का जमा हुआ राजस्व

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** गुरुवार को समस्तीपुर डिविजन अंतर्गत खगड़िया रेलवे न्यायालय के मजिस्ट्रेट मो काजिब सहरसा रेलवे जंक्शन पहुंचे। उनके साथ कई रेलवे के अधिकारी मौजूद थे। जिसके बाद उनके नेतृत्व में आरपीएफ और जीआरपी के सहयोग से सहरसा रेलवे जंक्शन के सभी पांच प्लेटफार्म, परिसर और परिक्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना रेल टिकट के रेलवे प्लेटफार्म और ट्रेन में मौजूद लोगों को हिरासत में लिया गया। जिन्हें आरपीएफ थाना ले जाया गया। जहां उनसे जुड़वाना वसूला गया। कुछ यात्रियों ने तत्काल जुमार्ना का भुगतान कर जमानत ले लिया था। जबकि कुछ रेल यात्रियों को जमानत की रकम जमा नहीं कर पाने पर उन्हें खगड़िया जेल भेज दिया गया। रेल मजिस्ट्रेट मो काजिब ने बताया कि रेलवे स्टेशन और स्टेशन पहुंचने वाले कई ट्रेनों की जांच की गई थी। बिना रेल टिकट के यात्रा करने वाले रेल यात्रियों से जुड़वाना वसूला गया था। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव सहित स्थानीय रेल अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।



### राजेंद्र मित्र महाविद्यालय सहरसा में सेमेस्टर का सत्रारंभ

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राजेंद्र मित्र महाविद्यालय में सेमेस्टरद्दवन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल-सह-कुलाधिपति, बिहार, लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन द्वारा विद्यार्थियों के हित में दिए गए प्रेरणादायक संदेश का ऑडियो एवं वीडियो प्रसारित किया गया। विद्यार्थियों ने संदेश को ध्यानपूर्वक सुना तथा अपने शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जीवन के लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ.इंद्र कांत झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ.संजय कुमार, डॉ.रामानंद रमन, डॉ.प्रबीर घोष, डॉ.सुरेश प्रियदर्शी, डॉ.राजेश कुमार, डॉ.ब्रजेश शरण यादव, डॉ.अमित कुमार, डॉ.दिनेश कुमार, डॉ.प्रतिष्ठा कुमारी, डॉ.संजय परमार, डॉ.सतीश राज, डॉ.कोमल गुप्ता, डॉ.अब्दुल सत्तार, डॉ.लक्ष्मण कुमार सहित अन्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।



# तिलावे नदी से महिला का शव बरामद, हत्या का आरोप

## गिरफ्तारी की मांग पर हंगामा, सड़क जाम की कोशिश; एसडीपीओ के आश्वासन पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव





घटना स्थल जांच करती पुलिस, परिजन व ग्रामीण समझाते पुलिस अधिकारी

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के मनिया गांव स्थित तिलावे नदी से गुरुवार सुबह एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गांव निवासी नरेश यादव की पत्नी मीणा देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या कर शव नदी में फेंकने का आरोप लगाया। आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और शव रखकर सोनवर्षा-महेशखूंट मुख्य सड़क जाम करने का प्रयास किया। बाद में एसडीपीओ के आश्वासन पर परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। परिजनों के अनुसार, बुधवार शाम गांव के कुछ लोगों ने मीणा देवी के साथ मारपीट की थी। आरोप है कि इसके बाद उनकी हत्या कर शव तिलावे नदी में फेंक दिया गया। गुरुवार सुबह नदी में शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। शव की पहचान होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही बनमा ईटहरी थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया, लेकिन परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। काफी देर तक पुलिस और ग्रामीणों के बीच वार्ता चलती रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसपास के थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर सड़क जाम करने की कोशिश की, जिससे कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंचे सिमरी बख्तियारपुर के एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद परिजन शांत हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने पर सहमत हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आवेदन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका अपने पीछे पति नरेश यादव और दो पुत्रियों को छोड़ गई हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक के साथ-साथ आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच, नामजद आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

## सगे भाई के आपसी झगड़े छुड़ाने के दौरान भतीजा नें चाचा को मारकर किया लहुलुहान, जिन्दगी और मौत से सदर अस्पताल में जुझ रहे है देवनारायण भगत, लगाई न्याय की गुहार



इलाजरत जख्मी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कलयुग में मदद व उपकार करना आपको भारी पड़ सकता है। जिसके गंभीर परिणाम भुगतना पड़ सकता है। कुछ ऐसा स ही वाक्या महिषी थाना क्षेत्र में घटित देखने को मिला। जिले के महिषी थाना क्षेत्र के सिरवार वार्ड नंबर एक निवासी स्व छोटेलाल भगत के पुत्र देवनारायण भगत को उनके सगे भतीजा नें लोहे के रड से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। मारपीट के दौरान उनका सर फट गया जिसके कारण अधिक रक्तस्राव होने से उनकी हालत नाजुक हो गई। उन्हे जख्मी हालत में महिषी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।जहां उनका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। वही महिषी थाना ने जख्मी को पहले इलाज कराये जाने की सलाह दी। जख्मी देवनारायण भगत ने बताया कि मै गांव में ही रहकर छोटी मोटी दुकान चलाकर अपने परिवार का किसी तरह पालन पोषण कर रहे हैं। बुधवार की सुबह मैं अपने दुकान के आगे झाड़ू लगा रहा था। ऊसी समय मेरे बड़े भैया सत्यनारायण भगत के पुत्र मुकेश कुमार भगत, राजेश भगत एवं भैया जी भगत के पुत्र मनोज भगत द्वारा आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे जिसे मुझे देखा नहीं गया। मैंने झाड़ू लगाना छोड़ उन लोगों के बीच पहुंचकर झगड़ा छुड़ाने की कोशिश की। इसी दौरान मुकेश कुमार भगत,राजेश कुमार भगत एवं मनोज भगत सहित अन्य अज्ञात लोगों ने मेरे साथ मारपीट करने लगे।वे लोग जान मारने की नीयत से लोहे के रड से मारकर पूरी तरह जख्मी कर दिया। मेरे सर से बहता खून देखकर मेरी पत्नी मुझे बचाने के लिए आई तो उन लोगों ने उसे भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। साथ ही उसके शरीर से सोने का जेवर भी छीन लिया गया। पीड़ित ने जिला प्रशासन से उचित जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## मंत्री रत्नेश सादा ने महुआ बाजार, एवं मोहनपुर गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात, जताई गहरी संवेदना


**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा गुरुवार को अपने क्षेत्र अन्तर्गत देहद पंचायत के बेहटा मोहनपुर, अतलखा पंचायत के ननौती एवं महुआ बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न जगहों पर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंत्री सबसे पहले वार्ड संख्या-07 निवासी दिवंगत रेलवे कर्मी चंद्रशेखर कुमार के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिवार को इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की बात कही। मंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर कुमार का असामयिक निधन पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। बताया गया कि चंद्रशेखर कुमार भारतीय रेलवे में वर्कशॉप टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे। बीते 19 जून को उनका तिलक समारोह संपन्न हुआ था और नवंबर माह में उनका विवाह निर्धारित था। छुट्टी के बाद वह सोमवार को अपने घर से सहरसा पहुंचे थे, जहां छोटे भाई के किराये के कमरे पर ठहरे थे। मंगलवार को अहमदाबाद ड्यूटी के लिए ट्रेन पकड़ने से पहले उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उनका निधन हो गया। इस घटना से पूरे महुआ बाजार क्षेत्र में शोक की लहर है। इसके बाद मंत्री रत्नेश सादा महुआ बाजार निवासी मनोज जायसवाल के घर पहुंचे और उनके पिता आनंदी भगत के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और समाज उनके साथ खड़ा है। वहीं इस दौरान देहद पंचायत के मोहनपुर गांव पहुंचे जहां सोनू कुमार सिंह के दादी मां का विगत दिनों अचानक निधन हो गया था। परिजनों से मिलकर संवेदना जताए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जयकुमार सिंह, नंदकिशोर झा पप्पू, धिरेन्द्र सिंह, प्रकाश मेहता, मनोज यादव, समिति प्रतिनिधि अनिल साह, शबाब आलम, सुरेश मुखिया, बबलू मंडल, राजवत ऋषिदेव, खगेश साह सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।



संवेदना व्यक्त करते मंत्री

# खुशी कुमारी ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान टाटा स्टील में इंजीनियर ट्रैनी के पद पर चयनित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** एक सतत संघर्ष की जीत हुई, जिसपर सबको गर्व होना स्वाभाविक है। मां बाप की असमय मृत्यु और अपने दो छोटे भाई बहन की पढ़ाई के दायित्वों को संभालती हुई दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय में सत्र- 2022-26 की मेकैनिकल अभियंत्रण की छात्रा खुशी कुमारी ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान टाटा स्टील में इंजीनियर ट्रैनी के पद पर चयनित हुई। साइंस एवं टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट, बिहार ने स्वयं बैज जारी कर गर्व व्यक्त किया है जिसे सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार द्वारा प्रचारित किया है।विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा की मेधावी छात्रा खुशी कुमारी का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनी टाटा स्टील में इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ है। विभाग की ओर से हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। दरभंगा अभियंत्रण कालेज, दरभंगा के प्राचार्य तथा सभी फैकल्टी के प्रोफेसर ने भी बधाई दी है।ज्ञात हो कि सहरसा की बेटी खुशी कुमारी के सुपौल जिला की गढ़ बरुआरी गांव से निकली, वर्तमान में शिवपुरी वार्ड 17 सहरसा की मेधावी छात्रा खुशी कुमारी की मां की मृत्यु जुलाई 2018 में तथा पिता अवर निरीक्षक, कन्हैया कुमार सिंह की भी मृत्यु नवम्बर 2024 में ही सहरसा पुलिस के पदस्थापन काल में ही हो गयी। ऐसी संकट भरी परिस्थितियों में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की छात्रा खुशी अपने सबसे छोटे भाई आदित्य सिंह की पढ़ाई विद्या विहार स्कूल पूर्णिया से दसवीं कक्षा में जारी रखते हुए अपने से छोटी बहन श्रुति कुमारी को भी इन्टर कला में पढ़ाने के लिए जद्दोजहद कर रही है।इस विकट परिस्थिति में मामा संतोष कुमार सिंह,जिला पार्षद बड़े दवा व्यवसायी, पूर्णिया तथा फूफा मुक्तेश्वर प्र सिंह हर कदम पर साथ रह रहे हैं। खुशी की सफलता पर शिवपुरी, वार्ड 17 के निवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है जिसमें शिक्षक नेता शिवेंद्र नारायण सिंह, स्टेट बैंक आफ इंडिया पूरब बजार के सीनियर कैस प्रभारी अमित कुमार, बनवारी शंकर महाविद्यालय के लेक्चरर शंकर कुमार, देव रिसोर्ट के प्रोपराइटर प्रभाकरण देव, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रंजन कुमार, समाहरणालय, सेवा निवृत्त एएओ अरूण ठाकुर, अधिवक्ता नित्यानंद ठाकुर, चाचा सेवा निवृत्त अवर निरीक्षक श्रीनारायण प्रसाद सिंह, कर्तव्य फाउंडेशन की ट्रस्टी बबीता सिंह, शशिशेखर सिंह आदि ने बधाई दी है।



टाटा स्टील में इंजीनियर

# सांसद दिनेशचंद्र यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित, बिजली परियोजनाओं और आपूर्ति व्यवस्था की हुई समीक्षा

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में गुरुवार को उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सांसद दिनेशचंद्र यादव ने की। बैठक में जिलाधिकारी सह संयोजक, जिला विद्युत समिति, विद्युत अधीक्षण अभियंता सह सदस्य सचिव संतोष कुमार, वरीय प्रबंधक राजस्व सह सदस्य दीपक कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता अमित कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता अजीत कुमार सहित सहायक अभियंता सुशील आनंद, सुशील सुधांशु, विजेंद्र कुमार, आई टी मैनेजर, कनीय अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वरीय प्रबंधक राजस्व अभियंता दीपक कुमार द्वारा विस्तृत रूप से केंद्र प्रायोजित विद्युत योजनाओं की प्रगति के सम्बंध में जानकारी दी गई। सांसद द्वारा इसकी समीक्षा करते हुए सभी संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दी गई. साथ ही जिले में विद्युत संरचना के निर्माण कार्यों का सतत अनुश्रवण एवं समन्वय स्थापित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने जिले में संचालित विभिन्न विद्युत परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता तथा समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक के दौरान सभी केंद्रीय प्रायोजित विद्युत परियोजनाओं की कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की गई। विद्युत संरचना एवं विद्युत नेटवर्क के विस्तार, संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों के लिए नई विद्युत संरचनाओं के निर्माण की आवश्यकता पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता, उपभोक्ताओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने, उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निवारण तथा विद्युत सेवा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की भी समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध हो सके।




बैठक में सांसद, डीएम विद्युत अधीक्षण अभियंता

# अधिकारियों व कर्मियों ने ली निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा की शपथ

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस पर प्रखंड कार्यालय स्थित आईटी भवन परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, ईमानदारी, जवाबदेही और भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना था। समारोह में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी पदाधिकारियों, कर्मियों तथा सहयोगियों ने लोक सेवक के रूप में सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली।

सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखेंगे, नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करेंगे तथा किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार से दूर रहकर जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सुशासन को मजबूत करेंगे। शपथ के दौरान अधिकारियों ने यह भी दोहराया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक बिना किसी भेदभाव और अनियमितता के पहुंचाया जाएगा। साथ ही प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही, नैतिक मूल्यों और जनसेवा की भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार, राजस्व अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव, कल्याण पदाधिकारी नितेश कुमार, अभिषेक कुमार, कृषि पदाधिकारी महेश कुमार, इंदिरा आवास सहायक, डाटा आरपीएस राजीव कुमार, लेखपाल सुमन कुमार, रविंद्र प्रसाद सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। मोके पर अधिकारियों ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और पारदर्शी कार्यशैली ही जनता के विश्वास को मजबूत करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सभी कर्मचारियों से अपने दैनिक कार्यों में सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और सेवा भावना को अपनाने तथा सुशासन की स्थापना में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया गया।

बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस



सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और ईमानदारी की शपथ लेते प्रखंड व अंचल कार्यालय के पदाधिकारी और कर्मचारी।

# वासुदेवपुर में नल जल की समस्या का समाधान नहीं

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में नल जल की स्थिति पूरी तरह दयनीय है। गोगरी पंचायत के वार्ड नंबर चार एवं वासुदेवपुर पंचायत के वार्ड चौदह की स्थिति और भी बुरी है। इन दोनों वार्ड के पार्षदों का कहना है कि समस्या की सूचना संबंधित कनीय अभियंता कुंदन कुमार को देने के बावजूद समस्या का निदान नहीं हो पाया है। गोगरी पंचायत वार्ड चार की पार्षद ममता उपाध्याय ने बताया कि कई महीनों से जल नल पाइप लीकेज की समस्या बनी हुई है। कुछ नये कनेक्शन भी होने हैं। इसकी शिकायत जेई कुंदन से करने के बावजूद समस्या का हल नहीं हो रहा है। वहीं वासुदेवपुर पंचायत के वार्ड चौदह के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि विनय मिश्रा ने कहा कि कई ग्रामीणों का शिकायत है कि एक सप्ताह से ज्यादा समय से पानी नहीं चलाया जा रहा है। इसका कारण मीटर का रिचार्ज खत्म होना बताया जा रहा है। वार्ड चौदह से ही वार्ड पंद्रह वाले को पानी सप्लाई दी जाती है जिससे वार्ड चौदह को कम फोर्स में पानी मिलता है। इस संबंध मे जब कार्यपालक अभियंता से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि समस्या को नोट कर लिया गया है। अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 12 वर्शीय बालक ने खाया कीटनाषक दबा

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र निवासी तैनी सदा का 12 वर्षीय पुत्र सुजन कुमार गुस्से में आकर आत्महत्या का प्रयास किया गया, जिसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। सदर अस्पताल में पिता ने बताया कि बीते शाम घर में उसके साथ हुई कुछ मारपीट के बाद उसने गुस्से में आकर कीटनाशक दवा खा लिया। आनन -फानन में उसे बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे गुरूवार की सुबह सदर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों एवं कर्मियों द्वारा काफी मशक्कत के बावजूद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए भागलपुर मेडिकल कलेज एण्ड हस्पिटल रेफर कर दिया गया।

### डिवाईडर से बाइक के टकराने से छात्र की मौत

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले गोगरी थाना अंतर्गत पितोझिघ्या भंवरा के निकट मोटर साइकिल के डिवाइडर से टकराने से छात्र की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। छात्र की पहचान शिवनंदन सिंह के 18 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में की गई जो इंटरमीडिएट का छात्र था। घटना की सूचना गोगरी थाना पुलिस द्वारा परिजनों को दी गई। आर्यन के अचानक हुईं मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के लिए लाश को सदर अस्पताल में लाए जाने के बाद परिजनों ने बताया कि बीते शाम आर्यन अपनी मौसी से मिलने की बात कहकर घर से मोटरसाईकिल से निकला था, लेकिन देर रात्रि लौटने के क्रम में उक्त घटना घटी। लाश का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### सिकंदर सिंह के निधन पर षोक की लहर

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** पसराहा पंचायत के सोनडीहा गांव में उस समय मातम पसर गया जब दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ने वाले सिकंदर सिंह का पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पहुंचा। सिकंदर सिंह सोनडीहा वार्ड संख्या 16 निवासी स्वर्गीय अधिकलाल सिंह के 65 वर्षीय ज्येष्ठ पुत्र थे। जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों की चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया और ग्रामीणों के बीच कोहराम मच गया। उनके निधन की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े और शोक संतप्त परिजनों को ढ़ांढ़स बंधाया। इस दुखद घड़ी में पंचायत समिति सदस्य जय चंद्र कुमार, उप सरपंच प्रतिनिधि अंशु भारती, वार्ड सदस्य बिनोद कुमार, सुबोध सिंह, रमेश कुमार, वशिष्ठ सिंह, मनोज सिंह और अरुण सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। जनप्रतिनिधियों ने सिकंदर सिंह को याद करते हुए कहा कि वे अत्यंत सामाजिक, मिलनसार और सुलझे हुए व्यक्ति थे। उनके असामयिक निधन से न केवल उनके परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है, बल्कि पूरे समाज ने एक नेक इंसान को खो दिया है। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और ग्रामीणों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

### आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल दसवें दिन भी जारी

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** अनुमण्डलीय अस्पताल में गुरूवार को दसवें दिन भी आशा कार्यकर्ताओं ने काम का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर रही। इस दौरान अनुमण्डलीय अस्पताल में धरने पर बैठी रही। इस मामले में गोगरी प्रखंड के आशा संघ से जुड़े नेताओं ने कहा कि हमारी कई मांग है,जिसमे आशा को बकाया वेतन का भुगतान सहित स्थाई कर्मचारी का दर्जा दी जाय।आशा को इक्कीस हजार वेतन निर्धारित की जाय,रिटायर पैकेज दिया जाय,आजीवन पेंशन लागू किया जाय सहित कई मांग है। उन्होंने कहा कि 23 जून से हड़ताल जारी है । इस मांग को पूरा करने के लिए सरकार को भी अल्टीमेटम देकर हरेक जगह मांग पत्र सौंपा गया है। मांग पूरी नहीं होने पर और भी आंदोलन किया जाएगा। आषा के हड़ताल पर जाने के कारण पल्स पोलियो जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुए हैं। इस अवसर पर काफी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रही।

### जीविका के सहयोग से आत्मनिर्भर बनी ममता दीदी



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** कभी आर्थिक तंगी में जुझ रही ममता दीदी आज आत्मनिर्भर बन गयी है। जीविका से जुड़ने के बाद उनका परिवार खुषहाल हुआ है ही उनके बच्चें भी बढ़िया से पढ़ रहे हैं। बताते चले कि बेलदौर प्रखंड की रहनेवाली ममता दीदी जब जीविका समूह में नहीं जुड़ी थी तो उसकी स्थिति काफी दयनीय थी। वह 2017 में समूह में जुड़ी और समूह के सहयोग से वह शुरू में 30000 और 40000 बैंक का लोन ली और मुरही का मशीन चलाना शुरु की। हर माह ऋण वापसी करने के बाद फिर उसको लगा कि और अपनी आमदनी को बढ़ाया जाए तो ममता ने जीविका के सहयोग से 40000 चालीस हजार का फंड मिला और अभी वह मशीन चला रही है साथ ही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से भी उसे 10000 प्राप्त हुआ, जिसका वह पूंजी के रूप में उपयोग की। इस काम में उसके पति भी सहयोग करते हैं अभी उसकी वर्तमान की आमदनी 20 से 25000 महीने की हो जाती है। ममता ने कहा कि अब मेरी स्थिति बहुत अच्छी है। मेरे 3 बच्चे हैं उसको भी अच्छी शिक्षा ले रही है उसके रहन-सहन के स्तर में भी काफी बदलाव आ गया है। ममता का कहना है कि मुख्यमंत्री रोजगार योजना की द्वितीय किस्त की राशि मिलेगी तो अपने मशीन को बड़े स्तर पर चला पाएगी इसी तरह से जीविका सभी के लिए जीने का सहारा है। उन्होने कहा कि जीविका सभी गरीबों का मदद करते रहे ताकि धीरे-धीरे महिलाएं आत्मनिर्भर हो जाए।

### पारिवारिक विवाद के कारण महिला के साथ मारपीट

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** घरेलू विवाद को लेकर दबंगों ने एक 34 वर्षीय महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी और उसे घर से निकाल दिया। इस मामले को लेकर बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के पनसलवा गाछी टोला निवासी लाल कुन राम की 33 वर्षीय पत्नी पूजा देवी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, बुधवार सुबह पीड़िता के परिवार के ही प्रदुम कुमार और शेलिनी देवी ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि पीड़िता के पति की लापरवाही के कारण उसके ही परिजन पूजा देवी के हिस्से की जमीन पर चापाकल और शौचालय का गंदा पानी बहा रहे हैं। जब महिला ने इस बात का विरोध किया, तो दबंग प्रवृत्ति के व्यक्तियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके पहने हुए जेवर भी छीन लिए। इस संबंध में बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की गंभीरता से छानबीन की जा रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यालय की कुव्यवस्था से अभिभावक नाराज

## कक्षा में शिक्षक पढ़ाने के बजाए मोबाइल पर देखते हैं रील

दैनिक नवसंदेश

**बेलदौर।** कुर्वन पुनर्वास प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई की स्थिति बेहद खराब है। यहां 170 छात्र-छात्रा नामांकित हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार सहित 4 शिक्षक और 3 शिक्षा सेवक कार्यरत हैं। विद्यालय की हकीकत उस समय सामने आई जब जांच के दौरान एक शिक्षक अपने वर्ग में कुर्सी पर बैठे गहरी निंद्रा में सोए पाए गए। वहीं दूसरे शिक्षक मोबाइल लेकर रील देखने में व्यस्त थे। फोटो में साफ देखा जा सकता है कि शिक्षक क्लास छोड़कर मोबाइल स्क्रीन पर व्यस्त हैं, जबकि दर्जनों बच्चे क्लास में बिना पढ़ाई के बैठे हैं।

बताते चलें कि प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार के अलावा 4 शिक्षक और 3 शिक्षा सेवक की तैनाती है। यानी हर 21 बच्चों पर एक स्टाफ। इसके बावजूद पढ़ाई अच्छी नहीं होती है। स्कूल का भवन बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना स्कूल में यही हाल रहता है। शिक्षक समय पर नहीं आते और आते भी हैं तो पढ़ाने की जगह मोबाइल में लगे रहते हैं या सो जाते हैं। एक अभिभावक ने कहा कि बच्चे को पढ़ने भेजते हैं, लेकिन यहां तो मास्टर साहब ही सो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बीईओ और जिला शिक्षा पदाधिकारी से मांग की है कि कुर्वन पुनर्वास प्राथमिक विद्यालय की जांच कर लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई की जाए। ताकि 170 बच्चों का भविष्य बर्बाद होने से बचाया जा सके। इस संबंध में प्रभारी बीईओ मनोहर कुमार ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित दोनों शिक्षा सेवक से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा।



क्लासरूम में मोबाईल देखते शिक्षक।

**स्कूल में प्रधानाध्यापक के अलावा चार शिक्षक और तीन शिक्षा सेवक हैं कार्यरत**

**बीईओ ने कहा -जांच के बाद होगी कार्रवाई**

# लड़की ने किया इनकार, बिना शादी किए लौटा राजस्थान से आया दूल्हा

**परिवार के लोगों के साथ की मारपीट, पीड़ितों से पे-फोन के माध्यम से लिए डेढ़ लाख रुपये**

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बाहरी राज्य के युवक को शादी का झांसा देकर ठगी का मामला प्रका'। में आया है। जानकारी के अनुसार राजस्थान के गंगानगर जिले के समैला कोठी गांव के बनवारी लाल के 30 वर्षीय पुत्र भवानी शंकर अपने रिश्तेदारों के साथ शादी करने के लिए माली पंचायत के अकाहा गांव आए थे। भवानी शंकर के रिश्तेदार दुलीचंद, उत्तेराम और पूनम देवी बुधवार को ट्रेन से खगड़िया पहुंचे थे। गांव का सही रास्ता मालूम नहीं होने के कारण वे लोग पहले आलमनगर चले गए, लेकिन बाद में लड़की के परिजनों से बात कर ऑटो पकड़कर अकाहा गांव पहुंचे। वहां लड़की ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद बिना शादी किए ही लड़के वाले लौटने लगे। लौटते समय रास्ते में दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया और रुपए की मांग करने लगे। डर के मारे पीड़ित परिवार ने पे फोन के माध्यम से करीब डेढ़ लाख रुपये ट्रांसफर किए। पैसे लेने के बावजूद उचक्कों ने उनके साथ मारपीट की, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पीड़ितों को सुरक्षित थाने लेकर आई। थाने में लिखित आवेदन देने के बावजूद, भवानी शंकर का परिवार कानूनी पचड़े से बचने के लिए आगे की कार्रवाई या मामला दर्ज कराने से इनकार कर गया। गौरतलब हो कि बेलदौर थाना क्षेत्र में बाहर के लोगों को शादी के झांसा देकर बंलाने और उससे रुपये ऐठने की बातें पहले भी सामने आयी थी लेकिन पीड़ित कानूनी पचड़े से बचने के लिए से पुलिस से शिकायत नहीं करते हैं।

# मारपीट व शराब से जुड़े मामलों के पांच आरोपित पकड़े गए

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** चौथम पुलिस के द्वारा अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के मालपा गांव में दर्ज मारपीट के एक मामले में सुजीत दास को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, शराब से संबंधित एक मामले में पिपरा निवासी अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे भी न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसके अलावा मारपीट के एक अन्य मामले में बछौता मुफस्सिल थाना क्षेत्र के निवासी राजू शर्मा उर्फ राजेश शर्मा तथा अनिल शर्मा को गिरफ्तार किया गया। दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए आरोपित।

इधर, कैथी निवासी अरविंद सिंह को शराब पीकर हंगामा एवं बलवा से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे भी न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी संबंधित कांडों में की गई है। न्यायालय में पेशी के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है।

# कुशवाहा से मिले जदयू नेता धीरेंद्र, समस्याओं पर चर्चा



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के खगड़िया नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र कुमार ने बुधवार को पटना स्थित आवास पर रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा से शिष्टाचार एवं औपचारिक मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डॉ. धीरेंद्र कुमार ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर कुशवाहा का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच क्षेत्र के विकास, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा खगड़िया जिले की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ कुमार ने सांसद कुशवाहा को खगड़िया नगर परिषद क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए उनके शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा आम जनता से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से उठाते हुए सकारात्मक हस्तक्षेप की अपेक्षा व्यक्त की। इस पर कुशवाहा ने समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए हरसंभव सहयोग एवं आवश्यक स्तर पर पहल करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जनहित से जुड़े मामलों में वे सदैव सकारात्मक भूमिका निभाते रहेंगे। मुलाकात के उपरांत डॉ. धीरेंद्र कुमार ने कहा कि उपेन्द्र कुशवाहा का मार्गदर्शन और सहयोग क्षेत्र के विकास कार्यों को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# अनुमंडलीय अस्पताल में मरीज होते हैं परेशान

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** चिकित्सक की लेट लतीफी के लिए बदनाम अनुमंडलीय अस्पताल में अब कर्मियों की भी मनमानी देखने को मिल रही है। गुरुवार की सुबह गोगरी निवासी सरिता देवी इलाज कराने अस्पताल पहुंची तो डॉ. गुंजन कुमारी ने एलएफटी, लिपिड प्रोफाइल सहित कई जाँच लिखी। जब वह जाँच कराने पहुंची तो पता चला कि उक्त जाँच से संबंधित केमिकल और समान उपलब्ध नहीं है। फिर जब वह दवाई लेने काउंटर पर पहुंची तो पता चला की पांच में से एक दवाई उपलब्ध नहीं है, जबकि हॉस्पिटल के मेडिसिन चार्ट बोर्ड के अनुसार वह उपलब्ध थी। हालांकि जब अस्पताल मैनेजर पूजा कुमारी से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि कुछ दवाई, जांच कीट उपलब्ध नहीं है जिसके बारे में ऊपर लिखा गया है। मेडिसिन चार्ट बोर्ड पर दवाई उपलब्ध रहने के बारे मे पूछने पर उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मी को बोर्ड पर दवाई उपलब्ध नहीं रहने का टिक लगाने को कहा।

# मंत्री से बोरना पंचायत सरकार भवन की बाधाओं को दूर करने की मांग



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जदयू के जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश तथा रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा से शिष्टाचार मुलाकात कर खगड़िया जिले की विभिन्न जनसमस्याओं से उन्हें अवगत कराया तथा उनके त्वरित समाधान की दिशा में आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। इस दौरान आचार्य शास्त्री ने विशेष रूप से गोगरी प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बोरना में प्रस्तावित पंचायत सरकार भवन निर्माण का मामला प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पंचायत सरकार भवन निर्माण योजना को स्वीकृति दी जा चुकी है तथा जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक एनओसी भी निर्गत किया जा चुका है। तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस महत्वाकांक्षी योजना का शिलान्यास भी कर चुके हैं लेकिन भवन निर्माण हेतु चिह्नित सरकारी भूमि के अतिक्रमित होने के कारण आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप पंचायत क्षेत्र की हजारों की आबादी राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित है तथा पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों के संचालन में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शास्त्री ने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्री की सकारात्मक एवं संवेदनशील पहल से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# कन्या मध्य विद्यालय में बच्चों के खेलने का मैदान भी नहीं

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के कन्या मध्य विद्यालय की बदहाली शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है। जहां आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर में 20 क्लासरूम और बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह है, वहीं महज कुछ दूरी पर स्थित कन्या मध्य विद्यालय में सिर्फ 7 क्लासरूम हैं। खेलने के लिए ग्राउंड नहीं है और बच्चों के बैठने तक की जगह कम पड़ रही है।

स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर को पीएम श्री योजना के तहत गांधी इंटर विद्यालय में मर्ज कर दिया गया। जबकि कन्या मध्य विद्यालय छात्र-छात्राओं को बैठने तक के लिए जगह पर्याप्त नहीं है। वहीं दूसरी और आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर में छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए पर्याप्त जगह है। स्कूल में 20 वर्ग रूम बने हुए हैं। बच्चे आराम से पढ़ाई कर पाते हैं। खेल-कूद के लिए भी जगह उपलब्ध है। वहीं कन्या मध्य विद्यालय की स्थिति बिल्कुल उलट है। यहां मात्र 7 वर्ग रूम हैं। इतनी कम जगह में बड़ी संख्या में छात्राओं को एडजस्ट करना पड़ रहा है। कई क्लासों को एक साथ एक ही कमरे में बैठाना पड़ता है। शोर-शराबे के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कन्या मध्य विद्यालय की सबसे बड़ी समस्या ये है कि यहां खेलने के लिए ग्राउंड तक नहीं है। बच्चियां लंच पीरियड में भी क्लास के अंदर या बरामदे में ही बैठने को मजबूर कई बच्चियां जमीन पर बैठकर पढ़ाई करती। बरसात के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। अभिभावकों का कहना है कि बेटियों को पढ़ाने के लिए कन्या विद्यालय ही सुरक्षित विकल्प है, लेकिन यहां की सुविधाएं देखकर मन दुखी हो जाता है। एक अभिभावक ने कहा आदर्श स्कूल में सबकुछ है, लेकिन हमारी बेटियों वाले स्कूल में बुनियादी सुविधा तक नहीं। सरकार बेटी बचाओं और बेटी पढ़ाओ की बात कहती है, लेकिन पढ़ने की जगह ही नहीं दे रही। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि सीमित संसाधनों में बच्चों को पढ़ाना चुनौती बन गया है। 7 कमरों में 1 से 8 तक की क्लास चलानी पड़ती है। प्रार्थना सभा और अन्य गतिविधियों के लिए जगह न होने से अनुशासन भी प्रभावित होता है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि कन्या मध्य विद्यालय बेलदौर में तुरंत पीएम श्री योजना के तहत गांधी इंटर विद्यालय में मर्ज कर दिया जाए। ताकि बेटियों को भी आदर्श स्कूल जैसी सुविधा मिल सके। इस संबंध में बीईओ मनोहर कुमार से बात करने पर बताया कि स्थलीय जांच कर कन्या मध्य विद्यालय का प्रस्ताव मर्ज करने के लिए वरीय पदाधिकारी को दिया गया।




**यहां बच्चों को पठन-पाठन में होती है काफी परेशानी**

# 15 वर्षीया अगवा नाबालिग बरामद

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** वीराघाट गवास से 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को पुलिस ने बरामद किया है। पीड़िता की मां रीता देवी ने बेलदौर थाने में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि एक युवक उनकी बेटी को बाइक पर बैठाकर जबरन ले गया। नाबालिग पुत्री सामान खरीदने के लिए घर से बाहर निकली थी। उसी दौरान अपहरण कर लिया। पीड़ित की मां के अनुसार बेटी के गायब होने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मां को डर था कि उनकी नाबालिग बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो जाय। बच्ची की मां ने प्रशासन से बेटी को सुरक्षित बरामद करने की गुहार लगाई थी। पीड़िता के आवेदन पर बेलदौर थाने में सनहा संख्या 226 /1 जुलाई 2026 दर्ज किया गया था। बेलदौर पुलिस एवं साइबर टीम के सहयोग से अपहरण की गई नाबालिग लडकी को सकुशल बरामद कर लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रोड रेज में ऑटो चालक पर चाकू से जानलेवा हमला

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना गुमटी के समीप गुरुवार को रोड रेज की घटना ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद एक अटो चालक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। वारदात के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर वाहन निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच पहले तीखी नोकझोंक हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने चाकू निकालकर अटो चालक पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया।

### ठनका गिरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)**। पंडारक प्रखंड के चकजलाल गांव में गुरुवार को आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, दोनों व्यक्ति गांव के समीप खेत की ओर गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ ठनका गिर गया। इसकी चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल उन्हें इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### थाने से पीड़ित का आवेदन गायब होने का आरोप, विपक्षी के आवेदन पर दर्ज हो गई प्राथमिकी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)**। बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र के एक थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे एक व्यक्ति ने गंभीर आरोप लगाया है कि उसका दिया गया आवेदन थाना अभिलेख से गायब हो गया, जबकि उसी विवाद में विपक्षी पक्ष के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली। अब पीड़ित का दावा है कि वह दोबारा आवेदन देने के बाद भी कार्रवाई की उम्मीद में लगातार थाने का चक्कर लगाने को विवश है। पीड़ित के अनुसार, घटना के तुरंत बाद उसने लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन बाद में जानकारी मिली कि उसका आवेदन उपलब्ध नहीं है। वहीं, दूसरे पक्ष के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया। इसके बाद उसने पुनः आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और अपनी शिकायत पर भी विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी चर्चा का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि किसी शिकायतकर्ता का आवेदन वास्तव में अभिलेख से गायब हुआ है, तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि पुलिस व्यवस्था में आमजन का विश्वास बना रहे। हालांकि, इस संबंध में पुलिस का आधिकारिक पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि आवेदन प्राप्त होने और उसके निस्तारण को लेकर कोई शिकायत है, तो उसकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित ने वरीय पुलिस अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराते हुए उसके आवेदन पर भी विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

### पेट्रोल के माइलेज को लेकर उपभोक्ताओं में बढ़ी चिंता

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)**। बाढ़ सहित आसपास के कई क्षेत्रों में इन दिनों वाहन चालकों के बीच पेट्रोल के माइलेज को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अनेक उपभोक्ताओं का दावा है कि हाल के दिनों में उनकी बाइक और कार का माइलेज पहले की तुलना में कम हो गया है। कुछ लोगों ने आशंका जताई है कि पेट्रोल में इथेनल की मात्रा अधिक होने के कारण ऐसा हो सकता है। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। वाहन चालकों का कहना है कि पहले जहां एक निश्चित मात्रा में अधिक दूरी तय हो जाती थी, वहीं अब उतनी ही मात्रा में पेट्रोल भराने पर वाहन अपेक्षात कम दूरी तय कर रहे हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि पेट्रोल में इथेनल की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक हो सकती है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक रिपोर्ट या जांच सामने नहीं आई है। जानकारों का कहना है कि वाहन का माइलेज केवल ईंधन की गुणवत्ता पर ही निर्भर नहीं करता, बल्कि इंजन की स्थिति, टायरों में हवा का दबाव, सड़क की स्थिति, ट्रैफिक, ड्राइविंग शैली तथा वाहन के रखरखाव जैसे कई अन्य कारण भी माइलेज को प्रभावित करते हैं।

# विश्व डाक्टर दिवस पर लायंस क्लब ने आठ चिकित्सकों को किया सम्मानित

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)**। विश्व डक्टर दिवस के अवसर पर जमालपुर के वार्ड संख्या-12 स्थित बड़ी दरियापुर के शर्मा निवास में लायंस क्लब की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाज के प्रति उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा, समर्पण और मानवीय योगदान के लिए क्षेत्र के आठ चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। समारोह में डा. संजय, डा. राधाकृष्णन, डा. मुकेश चौरसिया, डा. राजीव गुप्ता, डा. प्रिंस कुमार, डा. प्रज्ञा, डा. मर्लिन लाल एवं डा. कविता आर लाल को अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चित्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने सभी चिकित्सकों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि डक्टर केवल मरीजों का इलाज ही नहीं करते, बल्कि कठिन परिस्थितियों में मानवता की सेवा का भी उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।कार्यक्रम को





डक्टर दिवस मानते लाइंस क्लब।

संबोधित करते हुए लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि डक्टर समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी निष्ठा, सेवा भावना और कर्तव्यपरायणता के कारण ही लोग स्वस्थ जीवन जी पाते हैं। क्लब की ओर से ऐसे सम्मान समारोह आयोजित करने का उद्देश्य चिकित्सकों के प्रति समाज में सम्मान और आभार की भावना को और मजबूत करना है।इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष सुमन शर्मा, सचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार एवं पूर्व अध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने सभी सम्मानित चिकित्सकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सेवा कार्य की कामना की। उन्होंने कहा कि डक्टरों का योगदान किसी भी समाज की प्रगति और खुशहाली का आधार होता है। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य पंकज श्रीवास्तव, रजनी कुमारी, ज्योति श्रीवास्तव, मंजू बरनवाल, सरिता शर्मा, मनीष कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने चिकित्सकों के सम्मान में तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया और समाज के प्रति उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बुरहानपुर के जिलाध्यक्ष शकील खान के जन्मदिन पर लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सोनपुर (एनएसबी)** समाज सेवा और पत्रकारिता का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हुए इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बुरहानपुर के जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी शकील खान ने अपने जन्मदिन को जनसेवा के लिए समर्पित कर एक प्रेरणादायक मिसाल कायम की। उनके जन्मदिवस के अवसर पर बुरहानपुर जिले के ग्राम भावसा स्थित ग्राम पंचायत परिसर में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण अंचलों



जांच शिविर में भाग लेते लोग।

से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस जनहितकारी शिविर का संचालन प्रिशियस लाइफ केयर अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा किया गया। शिविर में आए मरीजों का आधुनिक उपकरणों के माध्यम से रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर), नेत्र रोग, सामान्य रोगों सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की निशुल्क जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श देने के साथ-साथ उनकी आवश्यकता के अनुसार मुफ्त दवाइयों का वितरण भी किया। ग्रामीणों ने इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक हैं, क्योंकि दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले अनेक लोग आर्थिक एवं अन्य कारणों से समय पर स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते। शिविर के माध्यम से उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं निःशुल्क प्राप्त हुईं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शकील खान ने कहा कि जन्मदिन केवल व्यक्तिगत खुशी का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का भी दिन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम के आयोजक गफ्फार मसूरी ने बताया कि शकील खान ने अपने जन्मदिन को सेवा और मानवता के नाम समर्पित कर समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपने विशेष अवसरों को जनहित और सामाजिक कल्याण से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। शकील खान के जन्मदिवस पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। सभी ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद पहल बताया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन के लिए प्रिशियस लाइफ केयर अस्पताल की चिकित्सकीय टीम, आयोजकों तथा इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बुरहानपुर के जिलाध्यक्ष शकील खान का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमेश तायडे, जिला महासचिव राहुल इंगले, जिला प्रवक्ता मनोज मिश्रा, जिला संगठन सचिव रमजान सिकंदर, जिला मीडिया प्रभारी आजाद तड़वी, जिला सचिव अनसीग मोरे, जिला कोषाध्यक्ष सुलेमान शादाब, जिला कार्यालय सचिव संजेश परी वाले सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पत्रकार साथी, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीपीओ प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग

**जमालपुर (मुंगेर)**। राजद के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रमंडल प्रभारी राजेश रमन उर्फ राजू यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जमालपुर रेल इंजन कारखाना में हाल ही में सामने आए लकड़ी बरामी प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है।उन्होंने कहा



जानकारी देते राजेश नेता राजेश रमन।

कि दो दिन पहले कारखाना के डिप्टी सीपीओ बालष्ण राय पर आरोप लगा कि उनकी सरकारी गाड़ी से कारखाना परिसर में रखी लकड़ी की सिल्ली बाहर ले जाई जा रही थी। कारखाना गेट संख्या-1 पर तैनात आरपीएफ ने जांच के दौरान गाड़ी को रोककर लकड़ी जब्त कर ली। लेकिन पूरे मामले में कार्रवाई केवल चालक के खिलाफ की गई। चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि संबंधित अधिकारी को सेवानिवृत्त कर दिया गया।राजेश रमन ने आरोप लगाया कि इस मामले में वास्तविक जिम्मेदारी तय करने के बजाय पूरा दोष चालक पर डाल दिया गया। उन्होंने इसकी तुलना पूर्व में चर्चित वैगन घोटाले से करते हुए कहा कि उस समय भी वरिष्ठ अधिकारी को बचा लिया गया था और कार्रवाई अधीनस्थ कर्मचारियों पर हुई थी।उन्होंने कहा कि वर्तमान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीडब्ल्यूएम) विनय बरनवाल से उन्हें उम्मीद है कि वे पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराएंगे, ताकि दोषी व्यक्ति के विरुद्ध उचित कार्रवाई हो सके और किसी निर्दोष को सजा न मिले।

## लायंस क्लब ऑफ जमालपुर आदर्श ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

**जमालपुर( मुंगेर)**। लायंस क्लब अफ जमालपुर आदर्श द्वारा 1 जुलाई को डी-डे (डक्टर्स डे) के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रति चिकित्सकों की उत्ष्ट सेवाओं को सम्मान देते हुए कई डक्टरों को मोमेंटो एवं बुके भेंट कर



रेल चिकित्सक को सम्मानित करते शिवलाल रजक।

सम्मानित किया गया।इस अवसर पर ड. जे. के प्रसाद, ड़ राहुल, ड़ पाठक एवं ड़ सुमन रजा को उनके चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न ड़ बी़ सी़ रय के जीवन, आदर्शो और चिकित्सा सेवा में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि डक्टर समाज के लिए सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल हैं तथा उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। समारोह में ड़ पूजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सैली बर्गी, मधु सिंह, सोनी रजा, शिवलाल, राजेश जी, उमेश कुमार, आलोक बोस, बाबू चौधरी, अजय कुमार, प्रदीप, सुमन, अपर्णा सिंह तथा मनोज कुमार जूडा सहित लायंस क्लब के अनेक सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

# मकान में 1.25 लाख की चोरी, थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबसी)**। जमालपुर थाना क्षेत्र के शिवपुरी कलोनी स्थित एक निर्माणाधीन मकान में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के लोहे व अन्य निर्माण सामग्री की चोरी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित गृहस्वामी ने जमालपुर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।आवेदन के अनुसार सिकंदरी कलोनी निवासी रंजीत कुमार, पिता जीवन प्रसाद, 28 जून से 30 जून तक परिवार के साथ घर से बाहर थे। इसी दौरान उनके निर्माणाधीन मकान को चोरों ने निशाना बनाया। 1 जुलाई की शाम करीब छह बजे जब वे लौटे तो मकान का गेट खुला मिला और निर्माण सामग्री गायब थी।पीड़ित ने आवेदन में बताया है कि चोरों ने करीब 8 से 10 मीटर लंबा 12 एमएम का सरिया, 16



चोरी के मामले में जांच करते पुलिस।

एमएम का लगभग 10 से 12 फीट लंबा सरिया, ढाई टिल लोहे की छड़, दो कुंडल छड़, लोहे का ताला, लोहे वाली टंकी, वाइब्रेटर मशीन का पैनल तथा 50 से 52 फीट वायर सहित अन्य निर्माण सामग्री चोरी कर ली। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 125 लाख रुपये बताई गई है।घटना के बाद पीड़ित ने जमालपुर थाना में आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच, प्राथमिकी दर्ज करने तथा चोरी गए सामान की बरामी की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई है कि चोरों ने सुनसान निर्माणाधीन मकान का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया।वहीं पुलिस ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके के लोगों में भी दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। छोटी की घटना के बारे में थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने 112 की पुलिस घटनास्थल का जांच की है दिए गए आवेदन कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा में सनसनीखेज वारदात, मध्य रात्रि खान-पान के दौरान युवक की गोली मारकर हत्या

**फतुहा** ।थाना क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां बुधवार की मध्य रात्रि को एक युवक की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना फतुहा थाना क्षेत्र के फैक्ट्री मोड़ के पास, ट्रेंड शोरूम के सामने स्थित मस्जिद के एक खाली प्लट पर घटी। मृतक की पहचान नया टोला दरियापुर निवासी नवीन कुमार के रूप में हुई है, जो श्रवन पासवान का पुत्र था। ग्रामीणों के अनुसार, नवीन बुधवार की रात अपने कुछ परिचितों के साथ उक्त खाली प्लट पर मौजूद था। घटनास्थल पर मिले कुछ खान-पान के बर्तनों और सामानों से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वहां कुछ लोग किसी बात को लेकर एकत्रित हुए थे। इसी दौरान विवाद बढ़ने पर अपराधियों ने बेहद करीब से नवीन के गले में गोली दाग दी। गोली लगने के बाद नवीन लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग और परिजन घायल नवीन को लेकर फतुहा अस्पताल पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद डक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत पीएमसीएच रेफर कर दिया। परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे पारस अस्पताल भी लेकर गए, लेकिन डक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए फतुहा पुलिस की टीम ने रात में ही घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। इस पूरे मामले पर फतुहा थाना अध्यक्ष श्रीमंत सुमन के अनुसार, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष का कहना है कि पुलिस आपसी रंजिश समेत तमाम बिंदुओं पर सघन जांच कर संदिग्धों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। फिलहाल हत्या के स्पष्ट कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी से 25 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार फतुहा एसडीपीओ ने किया खुलासा

**फतुहा**। घमिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त हुए एक जवान से रंगदारी मांगने और उनके पोते के अपहरण की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को दबोच लिया है। गुरुवार को फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने नदी थाने पर आयोजित एक प्रेस कन्फ्रेंस में इस पूरे मामले का भंडाफोड़ किया और पुलिस की इस कामयाबी की जानकारी साझा की। घ्एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि नदी थाना क्षेत्र के जेठुली ग्राम निवासी शिवचंद्र राय करीब एक महीने पहले ही मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें मिले सेवानिवृत्ति के एक करोड़ रुपये में से अपराधियों द्वारा 25 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की जा रही थी। रंगदारी की रकम न देने पर शिवचंद्र राय की हत्या करने तथा उनके पोते को स्कूल जाने के क्रम में अपहरण कर जान से मारने की धमकी लगातार दी जा रही थी। घ्यह धमकी शिवचंद्र राय के पुत्र राजन कुमार के मोबाइल पर 22 जून और पुनः 1 जुलाई 2026 को व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से दी गई थी। बदमाशों ने अगले दिन तक पैसे नहीं मिलने पर पोते का अपहरण कर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने की बात कही थी। धमकी मिलने के बाद पीड़ित परिवार द्वारा नदी थाने में 1 जुलाई 2026 को कांड संख्या 265घ्2026 दर्ज कराई गई। मामला दर्ज होते ही नदी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान का सहारा लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और घटना में शामिल मुख्य आरोपी संजीव कुमार राय (उम्र 39 वर्ष, पिता- शिवशंकर राय, निवासी- जेठुली, नदी थाना) को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही इस अपराध में संलिप्त एक विधि-विरुद्ध बालक (नाबालिग) को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने अपराधियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन और धमकी देने के लिए इस्तेमाल किया गया एयरटेल कंपनी का सिम कार्ड भी बरामद कर लिया है। इस सफल छापेमारी दल में नदी थाना के थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन, ि विवेक कुमार, ि संतोष कुमार सहित नदी थाना के महिला सशस्त्र बल, गृह रक्षक एवं अन्य जिला बल के जवान शामिल थे। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

### जब डिग्रियां धूल खाएं और ढोंग दौलत कमाए, तो समझिए समाज बीमार है

#### मुखिया संघ अध्यक्ष शिवदयाल सिंह बोले शिक्षित युवाओं की बेरोजगारी केवल आर्थिक नहीं, सामाजिक मूल्यों के क्षरण का भी संकेत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)**। सुर्खियों में रहे बाढ़ प्रखंड के पंचायत राज राणा विगहा के मुखिया एवं मुखिया संघ के अध्यक्ष शिवदयाल सिंह ने वर्तमान सामाजिक व्यवस्था और युवाओं की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि किसी समाज में पढ़ा-लिखा युवक रोजगार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हो और दूसरी ओर दिखावा, पाखंड अथवा भ्रम फैलाकर लोग अपार संपन्नता अर्जित कर लें, तो यह केवल व्यवस्था की नहीं, बल्कि समाज की सोच और मूल्यों की भी गंभीर विफलता का संकेत है। उन्होंने कहा, ष्जब डिग्रियां धूल खाएं और ढोंग दौलत कमाए, तो समझिए समाज बीमार है।ष उनके अनुसार किसी भी राष्ट्र की वास्तविक पूंजी उसकी युवा शक्ति होती है। यदि शिक्षित और प्रतिभाशाली युवा वर्षो तक संघर्ष करने के बाद भी सम्मानजनक अवसरों से वंचित रह जाएं, तो इसका असर केवल उनके भविष्य पर नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रगति पर पड़ता है। शिवदयाल सिंह ने कहा कि आज लाखों युवा कठिन परिश्रम, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद रोजगार की अनिश्चितता से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर, समाज में कई बार प्रचार, दिखावा और भ्रम वास्तविक योग्यता पर भारी पड़ते दिखाई देते हैं। ऐसी परिस्थितियां युवाओं के मन में निराशा और व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देना है। यदि योग्य युवाओं को अवसर नहीं मिलेंगे और परिश्रम का उचित सम्मान नहीं होगा, तो समाज की बौद्धिक क्षमता कमजोर होती जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सफलता का मूल्यांकन व्यक्ति के वास्तविक योगदान, ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व के आधार पर होना चाहिए, न कि केवल उसकी लोकप्रियता या आर्थिक स्थिति के आधार पर। मुखिया संघ अध्यक्ष ने कहा कि समाज को अंधानुकरण के बजाय वैज्ञानिक ष्टिकोण, विवेक और तर्कशीलता को बढ़ावा देना होगा। युवाओं में कौशल, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ ऐसी नीतियां बनाई जानी चाहिए, जो प्रतिभा को अवसर और परिश्रम को सम्मान दिला सकें।उन्होंने कहा कि हर युग अपने आदर्श स्वयं तय करता है। यदि समाज ज्ञान, चरित्र, अनुसंधान और ईमानदारी को सम्मान देगा, तो नई पीढ़ी भी उसी दिशा में आगे बढ़ेगी। लेकिन यदि केवल दिखावा और प्रभाव ही सफलता का पैमाना बन जाए, तो प्रतिभा हतोत्साहित होगी और सामाजिक संतुलन भी प्रभावित होगा। अंत में शिवदयाल सिंह ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके शिक्षित, सक्षम और सपने देखने वाले युवाओं के हाथों में होता है। इसलिए आवश्यक है कि ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जहां योग्यता को अवसर, परिश्रम को सम्मान और ईमानदारी को पहचान मिले। तभी समाज वास्तविक अर्थो में प्रगतिशील, न्यायपूर्ण और सशक्त बन सकेगा।

### मुखिया का प्रभार संभाल रहे उपमुखिया शराब के नशे में गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)**। बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत भदौर पंचायत के चक जलाल में उस समय हड़कंप मच गया, जब वर्तमान में मुखिया का प्रभार संभाल रहे उपमुखिया को पुलिस ने शराब के नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया। जनप्रतिनिधि पर हुई इस कार्रवाई की पूरे क्षेत्र में व्यापक चर्चा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर नशे की हालत में मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद पहुंची पुलिस टीम ने संबंधित जनप्रतिनिधि को हिरासत में लिया और आवश्यक प्रक्रिया के तहत ब्रेथ एनालाइजर तथा चिकित्सीय जांच कराई। जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. महावीर प्रसाद और डॉ. रंजना वर्षा सम्मानित



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर शहर के हड्डी रोग विशेषज्ञ ड़ महावीर प्रसाद गुप्ता एवं एवंडेंटोफेसियल कस्मेटोलजिस्ट सह दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रंजना वर्षा को लोगों ने अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज को स्वास्थ्य एवं सुरक्षित रखने में चिकित्सकों की भूमिका सबसे बड़ी है।

### डक्टर्स डे पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के आनंद अस्पताल में भाजपा (चिकित्सा प्रकोष्ठ) की तरफ से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य चिकित्सक डॉ. केएन सिन्हा, डॉ. सागर आनंद एवं डॉ. सत्यम आनंद थे। शिविर में 60 से अधिक मरीजों को देखा गया एवं निःशुल्क जांच कर उन्हें उपलब्ध दवाइयां भी दी गई। फार्मा कंपनी के कर्मियों ने तीनों चिकित्सकों को सम्मानित किया। डॉ. सिन्हा ने कहा कि आज का दिन स्व. डॉ. विधान चंद्र राय की स्मृति में मनाया जाता है, जो डॉक्टर समाज के लिए आदर्श थे। इस अवसर डॉ. जीत शर्मा, डॉ. डीएन उपाध्याय, पूर्व डीएसपी अविनाश कुमार, अनीता सिंह, लल्लू भाई, दीपक, अनिल जीउत, अमरदीप जय, अजीत कुमार मिश्र, डॉ. संदीप कुमार सिन्हा एवं भाजपा उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### रोहित कुशवाहा के जिला अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरिष्ठ नेता जागा कुशवाहा ने रोहित कुशवाहा को पुनः राष्ट्रीय लोक मोर्चा, भोजपुर का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा तथा प्रदेश अध्यक्ष सह दिनारा विधायक आलोक कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया। जागा कुशवाहा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने रोहित कुशवाहा पर दोबारा भरोसा जताकर संगठन को मजबूत करने का सराहनीय निर्णय लिया है। बधाई देने वालों में पंकज कुशवाहा, सुनील पाठक, राजेश कुशवाहा, नगेंद्र यादव, नीतीश कुशवाहा, मुलायम, बिनीत कुशवाहा, पंचायत समिति सदस्य छोटन कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश कुशवाहा, संदीप, जयशंकर, मनोज, अजय कुशवाहा, डॉ. हेमराज सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल रहे।

### अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली तथा अंत्योदय चेतन मंडल भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में सत्यनारायण जियरस्वामी इंटरनेशनल हाई स्कूल, खजुआता में विश्व पर्यावरण संरक्षण विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहां कि आज अल नीनो के प्रभाव के कारण बिहार में वर्षा की कमी हो गई है। आने वाले दिन और चुनौतियों से भरे हैं। इसलिए हमको सामाजिक वानिकी के साथ अन्य वानिकी की विधाओं का प्रयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की आवश्यकता है। ड पारस ने कहा कि हमारे यहां प्राचीन काल से ही पंचतत्व की परिभाषा दी गई और उनके संतुलन को ही आज हम पर्यावरण संतुलन के रूप में जानते हैं। ड अंबरीश ने कहा कि पूरे देश में जल का संकट हो रहा है और यह जल संकट पर्यावरण में बदलाव के कारण हो रहा है। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि पानी बचाने के लिए घर से ही व्यवस्था करनी होगी छत एवं दरवाजे पर बह रहे पानी का संरक्षण करना होगा। राजेंद्र गुप्ता ने बच्चों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की सलाह दी। रामनाथ ठाकुर सचिव अंत्योदय चेतना मंडल ने कहा कि बच्चे ही हमारा भविष्य हैं और इनमें जागरूकता आएगी तब हम अपने कार्यक्रमों को सही तरह से धरातल पर उतरने में सफल होंगे। संचालन करते हुए रामनाथ ठाकुर ने उपस्थित समुदाय के साथ ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का संकल्प लिया। मौके पर सुनील कुमार, न्यूटन कुमार, सतीश राय चंदन कुमार सिंह, सोनाली कुमारी, चंचल कुमारी थीं। योग गुरु विक्रमादित्य पाल ने स्वस्थ शरीर के लिए योग के महत्व की जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन उदय नारायण ने किया।

# गवाही देकर लौट रहे चाचा-भतीजे को मारी गोली

दैनिक नवसंदेश

**सदर अस्पताल लाने के दौरान चाचा की मौत**



**पूर्व से चले आ रहे विवाद को बताया हमले का कारण**

**एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ दर्ज की गयी प्राथमिकी**

**आरा/कोईलवर।** कोईलवर थाने के धर्मपुर गांव के बधार के समीप बुधवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने कोर्ट से गवाही देकर लौट रहे चाचा-भतीजे को गोली मार दी। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान चाचा ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजन द्वारा पूर्व के विवाद में वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया जा रहा है। सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह, कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र एवं सर्किल इंस्पेक्टर आशीष कुमार साह पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली।

मृतक बबुरा थाना के इंग्लिशपुर गांव निवासी सहदेव राय का 45 वर्षीय पुत्र सूरज राय है। जख्मी उसी गांव के सुदर्शन राय का 22 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार है। मृतक और घायल रिश्ते में चाचा-भतीजा हैं। जख्मी दीपक कुमार ने बताया कि उसके चाचा सुदर्शन राय की शादी नहीं हुई थी, उन्होंने अपने हिस्से की जमीन अपने भाई सुदर्शन राय और कामता राय के बीच बांट दी थी। कामता राय ने अपने हिस्से की जमीन पर घर बना लिया ग्था। जब उसके पिता सुदर्शन अपने हिस्से की जमीन पर घर बनाने जा रहे थे, तो कामता राय विरोध करने लगा। इसको लेकर विवाद चल रहा था। इसी वर्ष 22 अप्रैल को उसके चाचा कामता राय ने अपने बेटों के साथ घर में घुसकर उन लोगों के साथ मारपीट की थी और उसका अपहरण कर लिया था। इस संबंध में उसने बबुरा थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। उसी केस में मंगलवार को वह अपने चाचा सूरज राय के साथ गवाही देने के लिए आरा कोर्ट आया था। लौटने के क्रम में वह पचैना गांव में अपनी बुआ पतासो देवी के घर रुक था। वहां चाचा सूरज राय ने बोला कि फुफेरे भाई विनोद राय को आने दो, उससे भेंट करने के बाद घर चलेंगे। मंगलवार की रात जब दोनों वापस गांव लौट रहे थे। इसी बीच हथियारबंद बदमाशों ने धर्मपुर गांव स्थित बधार के समीप चाचा सूरज राय और उसे गोली मार दी। स्थानीय पुलिस द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने चाचा सूरज राय को मृत घोषित कर दिया। दीपक कुमार के बयान पर इंग्लिशपुर गांव निवासी कामता राय के पुत्र मनीष कुमार को नामजद एवं तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## ‘उद्‌गम’ से शिक्षकों व विद्यार्थियों को मिल रहा मंच



मासिक पत्रिका के 16वें अंक का विमोचन करते जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र कुमार राय व अन्य।

**डीईओ ने किया पत्रिका के 16वें अंक का विमोचन**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला शिक्षा विभाग, भोजपुर द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका ‘उद्‌गम’ के 16वें अंक का विमोचन गुरुवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र कुमार राय ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में किया।

इस बार पत्रिका का प्रकाशन ‘पर्यटन विशेषांक’ के रूप में किया गया है। विमोचन के बाद डीईओ मानवेन्द्र कुमार राय एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शारिक अशरफ ने कहा कि बिहार सहित देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को परिचित कराना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस विशेषांक का प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि भोजपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों से प्राप्त रचनाओं एवं प्रकाशन सामग्री का संकलन कर पत्रिका तैयार की जाती है। उन्होंने कहा कि ‘उद्‌गम‘ शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को अपनी लेखन प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान कर रही है। यह शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायक और अभिनव पहल है, जिससे विद्यार्थियों में सृजनात्मक लेखन एवं बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर उद्‌गम टीम के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार एवं पुस्तकालयाध्यक्ष शंभु शरण सिंह, हिमांशु मिश्र, नीरज कुमार सिंह, वरीय शिक्षक मंजीव कुमार सिंह, प्रीति पुतुल, सुनीता एवं दीपाली शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित गोवर्धन को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** कतीरा स्थित उषा अस्पताल के सभाकक्ष में भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट पद के लिए चयनित जगदेव नगर निवासी विश्वक सेन सिंह के पुत्र गोवर्धन को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अस्पताल में आयोजित समारोह में डॉ. सन्नी सिंह और डॉ. निधि प्रभाकर ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। डॉ. सन्नी ने कहा कि सेना में उच्च पद पर चयनित होना पूरे भोजपुर जिले के लिए गौरव की बात है। डॉ. निधि प्रभाकर ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और शारीरिक क्षमता के कारण ही गोवर्धन का चयन सेना में संभव हो सका है। समारोह में पूर्व प्राचार्य बीरेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुक्तेश्वर उपाध्याय, रामजी राय, सियासरण तिवारी, डॉ. बीरेन्द्र यादव, प्रो. जनेश्वर राय, प्रो. गजेन्द्र राय, पूर्व प्राचार्य सुरेन्द्र राय, कमलेश मौआर, ललन चौधरी, हिमांशु शेखर, मंटू चौधरी, सत्यनारायण राय, चितरंजन सिंह, गोलू जी और हरदेव सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।




## नगर निकायों एवं पंचायत की योजनाओं को लेकर बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जूम मीटिंग के माध्यम से नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के अंतर्गत संचालित योजनाओं, जैसे एमआर.एफ़ एवं कंपोस्ट पिट आदि की प्रगति तथा भूमि उपलब्धता की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों से योजनाओं हेतु भूमि चयन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि जिले के सभी नगर निकायों में एमआर.एफ़ एवं कंपोस्ट पिट के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही, शाहपुर नगर परिषद एवं नगर निगम, आरा में निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा नगर परिषद, जगदीशपुर में भी कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि उपलब्ध भूमि का प्रस्ताव अविलंब विभाग को भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

बैठक में नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अपर नगर आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा, सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी, आरा, कोईलवर, गड़हनी, पीरो, जगदीशपुर, शाहपुर एवं बिहिया तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भोजपुर में 100 से अधिक स्थानों पर लगाए जाएंगे हाइट बैरियर

**सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने लिया फैसला**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जूम मीटिंग के माध्यम से सड़कों पर हाइट बैरियर लगाए जाने के संबंध में ‘सड़क सुरक्षा हेतु उच्च स्तरीय बैठक‘ आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले के विभिन्न अनुमंडलों के चिन्हित 100 से अधिक संवेदनशील स्थानों पर शीघ्र हाइट बैरियर स्थापित किए जाएं। इन बैरियरों के माध्यम से घनी आबादी वाले क्षेत्रों एवं प्रतिबंधित मार्गो पर भारी वाहनों के अनधिकृत प्रवेश को सख्ती से रोका जाएगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और स्थानीय यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित हो सकेगी।

इसी क्रम में आरा सदर, जगदीशपुर एवं पीरो अनुमंडलों के विभिन्न संवेदनशील मार्गो की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र हाइट बैरियर स्थापित करने का कड़ा निर्देश दिया। सुल्तानिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन को भी स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि प्रतिबंधित मार्गो पर नियमों का उल्लंघन कर प्रवेश करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त एवं दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने सभी बैरियर पर रात्रि के समय स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले रिलेक्टिव (चमकदार) स्टिकर लगाने का निर्देश दिया, ताकि वाहन चालकों को दूर से ही बैरियर की जानकारी प्राप्त हो सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा, निदेशक जिला खनिज विकास पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग आरा, पीरो एवं जगदीशपुर के कार्यपालक अभियंता तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महायज्ञ के चौथे दिन रामकथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा सदर प्रखंड के गंगहर गांव में आयोजित श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता जानकी प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे दिन प्रातःकाल वैदिक पूजा-अर्चना के उपरांत संध्या बेला में भव्य रामकथा का आयोजन हुआ।

वृंदावन से पधारे रामकथा वाचक श्री सत्यम जी महाराज ने संगीतमय रामकथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, सेवा एवं धर्म के संदेश को सरल और प्रेरणादायी शैली में प्रस्तुत किया। उनकी मधुर वाणी और भक्ति रस से ओत-प्रोत कथा ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इससे पूर्व वाराणसी से पधारी मानस बाल विदुषी शिखा तिवारी ने श्रीराम के आदर्श चरित्र, माता-पिता के प्रति समर्पण, गुरु भक्ति तथा लोककल्याण के संदेश पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं से श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। महायज्ञ के यज्ञाधीश घाघर मठ के पीठाधीश्वर स्वामी बैकुंठ नाथ जी महाराज हैं तथा मुख्य आचार्य शिव कुमार दुबे हैं।

कार्यक्रम में यज्ञ समिति के अध्यक्ष रिटायर्ड कैप्टन महेंद्र सिंह, जयंत सिंह, विजय सिंह, विनय सिंह, पैक्स अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, राज किशोर सिंह, संजय सिंह, जियुत तिवारी, वीरेंद्र यादव, बेची दुबे, सरोज महतो, तीर्थनाथ शाह, दीपक सिंह, अनिल यादव, रामजी यादव, फते यादव, छोटे लाल दुबे, राजू सिंह, तेज नारायण पाण्डेय, ओंकार पाण्डेय सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की सराहनीय सहभागिता रही।

## रेड रन बिहार में जैन कॉलेज की बबिता तीसरे स्थान पर



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य एड्स कंट्रोल समिति के तत्वावधान में गुरुवार को महाराजा कलेज परिसर में ‘रेड रन बिहार‘ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं के बीच एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में एच़ डी. जैन कलेज, आरा के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के 10 स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए जैन कलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्रा बबिता कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. जगनारायण मिश्र प्रतिभागियों के साथ उपस्थित रहे। वहीं, सहयोगी के रूप में डॉ. माधवी प्रसाद केशरी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। बबिता कुमारी की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. जगनारायण मिश्र ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डॉ. माधवी प्रसाद केशरी ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह और अनुशासन की भी सराहना की।

## छेड़खानी के विवाद में दुकानदार पर ताना तमंचा, कई लोगों पर एफआईआर दर्ज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** संदेश थाना के कोरी गांव में मंगलवार को छेड़खानी के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष द्वारा तमंचा तान दिया गया। इसी बीच दूसरे पक्ष के लोगो द्वारा मौका देख युवक के हाथ से तमंचा छीन लिया गया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उक्त हथियार को जब्त कर लिया। संदेश थाना क्षेत्र के कोरी गांव निवासी भुक्तभोगी द्वारा अपने ही गांव के सुनील कुमार केसरी के पुत्र पवन कुमार एवं आकाश कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गांव में इस तरह की वारदात होने से लोगों में दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस गश्त नहीं होने से असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ा हुआ है। ग्रामीणों ने इलाके में पुलिस गश्त बढाने की मांग की है।

### आग लगने से सिलेंडर फटा वृद्धा गंभीर रूप से झुलसी

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर थाना क्षेत्र के मानाचक गांव में बुधवार की देर रात एक झोपड़ीनुमा घर में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। आग की चपेट में आने के बाद घर में रखा एलपीजी गैस सिलेंडर फट गया, जिससे झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। हादसे में एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से झुलस गई, जबकि घर में रखा सारा सामान नष्ट हो गया। मानाचक गांव निवासी गोवर्धन राय अपनी पत्नी संझारो देवी के साथ झोपड़ीनुमा घर में सो रहे थे। रात करीब साढ़े नौ से दस बजे के बीच अचानक घर में आग लग गई। आग लगते ही सिलेंडर फट गया जिससे वृद्धा को घर से निकलने का मौका भी नहीं मिला।

## राजद के स्थापना दिवस को लेकर बैठक



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल, भोजपुर द्वारा आगामी 05 जुलाई को आयोजित होने वाले पार्टी के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आज आरा सर्किट हाउस के कन्फ्रेंस हल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्थापना दिवस समारोह को भव्य, ऐतिहासिक एवं सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। राजद जिलाध्यक्ष वीरबल यादव, विधान पार्षद सोनू राय, पूर्व विधायक विजयेंद्र यादव, पूर्व प्रत्याशी रामबाबू सिंह एवं पूर्व विधायक भाई दिनेश ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा। तय हुआ कि आगामी 05 जुलाई को ग्रैंड रिजर्ट, धनुपरा में दोपहर यह कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल होंगे। समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठन के सभी प्रकोष्ठों एवं प्रखंड इकाइयों को सक्रिय रूप से जुटने का आह्वान किया गया है।

बैठक में विधान पार्षद सोनू राय, पूर्व विधायक विजयेंद्र यादव, भाई दिनेश, जिलाध्यक्ष वीरबल यादव, प्रधान महासचिव रामबाबू पासवान, पूर्व प्रत्याशी रामबाबू सिंह, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह, प्रवक्ता आलोक रंजन, हाकिम प्रसाद, मंटू शर्मा, एकराम आलम, नन्द किशोर सिंह, विनोद चन्द्रवंशी, शैलेंद्र कुमार, मनु राठौर, राम तपस्या राय, सेराज अंसारी, शिव प्रसन्न यादव, भोला खान, अनूप मौर्य, नंदजी, अमित ठाकुर, मुन्ना सम्राट, अनुज यादव आदि उपस्थित रहे।

## असलहा और कारतूस के साथ युवक गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** तरारी पुलिस द्वारा बुधवार को करथ गांव में छापेमारी की। इस दौरान एक घर से एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से एक युवक को गिरतार किया।

वह तरारी थाना क्षेत्र के करथ गांव निवासी स्व विजय तिवारी का पुत्र नीरज तिवारी है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि तरारी थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की करथ गांव निवासी नीरज तिवारी अपने घर में अवैध हथियार छुपा के रखा हुआ है।

सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस ने बुधवार को उसके घर पर छापेमारी कर नीरज तिवारी को गिरतार कर लिया। इस दौरान उसके कमरे से एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया।

## छात्र कल्याण अध्यक्ष को आइसा ने सौंपा ज्ञापन

**वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय**



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत कलेजों में हो रहे ातक सत्र 2026-2030 की नामांकन की तिथि को बढ़ाने की गई मांग , वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा समर्थ पोर्टल के तहत किया जा रहा है नामांकन प्रथम मेगा सूची 30़06़2026 को जारी किया गया जिसमें चयनित छात्रों को अंतिम नामांकन की तिथि 02़07़2026 तक दिया गया , समर्थ पोर्टल के द्वारा कराए जा रहे नामांकन में कई त्रुटि सामने आ रही है जैसे में चयनित छात्रों के ईमेल पर अफर लेटर नहीं भेजा गया और जिन छात्रों का अपर लेटर पोर्टल पर शो कर रहा है उनका अफर लेटर निर्गत नहीं हो रहा है, जिससे छात्र परेशानी में है छात्र संगठन आइसा जल्द इन समस्याओं को ठीक करने सहित नामाकंन प्रक्रिया को सरल करने का मांग करता है। छात्र संगठन आइसा के द्वारा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय के सहायक को ल संकाय हेतु डीन की नियुक्ति के संबंध में ज्ञापन दिया गया। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाराजा ल कलेज आरा, जननायक कर्पूरी ठाकुर विधि महाविद्यालय बक्सर, रोहतास विधि महाविद्यालय सासाराम, में है इन तीनों महाविद्यालय को मिलाकर एक ल डीन होना चाहिए जो नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### जगदेव स्मारक महाविद्यालय के पास से अपाची बाइक चोरी

**कुर्था(एनएसबी)** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदेव स्मारक महाविद्यालय के समीप से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशुनिविघा गांव निवासी मिथलेश कुमार के पुत्र गोविंदा कुमार अपनी अपाची बाइक महाविद्यालय के समीप खड़ी कर किसी कार्य से गए थे। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। वे काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने घटना की सूचना स्थानीय लोगों को दी तथा पुलिस से बाइक बरामद करने की गुहार लगाई। घटना के बाद क्षेत्र में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सहकारिता विभाग की दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**मेहंदिया (एनएसबी)** दक्षिणी कलेर पैक्स परिसर में आयोजित एक बैठक के दौरान सहकारिता पदाधिकारी ष्ण मुरारी ने उपस्थित सदस्यों को पैक्स की कार्यप्रणाली एवं इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पैक्स की स्थापना वर्ष 1906 ईस्वी में हुई थी और तब से लेकर अब तक सहकारी व्यवस्था ने काफी विस्तार किया है। वर्तमान में दक्षिणी कलेर पैक्स भी लगभग 2 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर कारोबार के साथ निरंतर प्रगति कर रहा है। ष्ण मुरारी ने कहा कि पैक्स के माध्यम से किसानों एवं सदस्यों को कस्टम हायरिंग सिस्टम, कोल्ड स्टोरेज तथा प्रोसेसिंग यूनिट जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे षि कार्यों में सहूलियत और आय दोनों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने पैक्स के लाभ को बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि सदस्यों को सकल लाभ, शुद्ध लाभ एवं संचित लाभ की सही समझ होनी चाहिए, ताकि संस्था को और अधिक सशक्त एवं लाभकारी बनाया जा सके। उन्होंने प्रबंधन को पारदर्शिता और सहभागिता के साथ कार्य करने की सलाह दी।बैठक में उपस्थित सदस्यों में ब्रजेन्द्र कुमार सिंह, जय रंजन कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, जितेन्द्र यादव, संजय प्रसाद गुप्ता, ललिता देवी, नीलम सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। सभी ने पैक्स की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए इसके विकास में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया।

### महिला के साथ दुष्कर्म प्राथमिकी दर्ज

**अरवल (एनएसबी)**जिले के एक महिला के साथ कथित यौन शोषण किए जाने का मामला सामने आया है इस मामले में महिला थाने में पीड़िता के द्वारा आरोपी के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाने की मांग की गई है मामला टाउन थाना क्षेत्र के वासिलपुर मोहल्ले में रह रही एक किराए के मकान में महिला ने 2 सालों से यौन शोषण का आरोप लगाया है तत्काल पुलिस के द्वारा महिला को सदर अस्पताल में मेडिकल कराया जाने के उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया है महिला ने आरोप लगाया है कि सकरि गांव के रहने अमृत होटल के संचालक राजेश कुमार सिंह के द्वारा जमीन खरीद बिक्री को लेकर के उनसे संबंधित गहरे होते चले गए। जिसमें उसके किराए के मकान में लगातार उनका आना-जाना भी लग रहा और उनके पति से उनकी दोस्ती हो गई ।इसी बीच राजेश कुमार सिंह के द्वारा कई जगहों पर ले जाकर उनके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई भी कर रही है। परासी थाना क्षेत्र के रामपुर वेना गांव से किराए के मकान में अरवल टाउन में रहती थी। महिला द्वारा उसे जान मारने की धमकी की भी शिकायत की गई है जिसकी जांच पुलिस के द्वारा किया जा रहा है ।महिला थाना अध्यक्ष नीलमणि ने जानकारी देते हुए कहा कि महिला के बयान पर राजेश कुमार सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराई गई है और महिला का मेडिकल जांच करने के उपरांत उन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है मौके पर फरेंसिक जांच टीम भी पहुंचकर कई बिंदुओं पर छानबीन भी किया है।

# बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का होगा आयोजन

**अरवल (एनएसबी)** बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन, 02 से 08 जुलाई तक होगा। विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में अरवल जिले में 02 जुलाई 2026 से 08 जुलाई 2026 तक बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा आदेश जारी करते हुए संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि सप्ताह के दौरान भ्रष्टाचार के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, प्रशासन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को प्रोत्साहित करने तथा आम नागरिकों को सतर्कता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दिनांक 03 जुलाई 2026 को समाहरणालय, अरवल के सभा कक्ष में



बैठक करते डीएम।

प्रातः 11रू30 बजे सतर्कता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यालय प्रधान एवं कर्मी भाग लेंगे। दिनांक 04 जुलाई 2026 को सभी प्रखंड, अंचल, थाना एवं पंचायत स्तर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों पर फ्लैक्स बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार तथा सतर्कता रैली का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। दिनांक 05 जुलाई 2026 को विद्यालयों में सतर्कता विषयक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। 06 जुलाई 2026 को सतर्कता विषय पर पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता तथा 07 जुलाई 2026 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में ईमानदारी, नैतिकता एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। जिला पंचायत राज पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी, जिला निगरानी कोषांग को संपूर्ण कार्यक्रमों के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन, अरवल ने सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं सरकारी कर्मियों से बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की है।

## भरत तिवारी का एनकाउंटर फर्जी, गरीबों की आवाज दबाने की साजिश : जनकदेव सिंह

**कुर्था (एसएनबी)** भारतीय किसान मजदूर विकास संगठन के प्रदेश महासचिव जनकदेव सिंह उर्फ गांधी जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भरत तिवारी के पुलिस एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीब, शोषित और वंचित वर्ग की आवाज उठाने वालों को दबाने के लिए फर्जी एनकाउंटर का सहारा ले रही है। जनकदेव सिंह ने कहा कि भरत तिवारी यदि किसी अपराध में संलिप्त थे, तो पुलिस को उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का एनकाउंटर करना न्यायसंगत नहीं है। उनका आरोप है कि यह पूरी घटना सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दी गई है ताकि गरीबों की आवाज उठाने वालों में भय का माहौल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है और गरीबों की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है। उन्होंने भरत तिवारी को गरीब, शोषित और वंचित वर्ग का पक्षधर बताते हुए कहा कि उनकी आवाज को हमेशा के लिए दबाने की कोशिश की गई है। प्रदेश महासचिव ने इस दौरान नागमणि पर भी निशाना साधते हुए कहा कि ष्उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है और उन्हें इलाज कराने की आवश्यकता है।ष वही युवा तुर्क नेता मो़ सिब्बी ने भरत तिवारी के बारे में कहा कि वो आजादी के बाद वर्तमान समय के मंगल पांडे थे जिन्होंने आजादी के बाद भृस्टाचार के विरोध में आवाज उठाए जिन्हें फर्जी एनकाउंटर में शहीद हो गए हम मांग करते हैं कि उन्हें सरकार शहीद का दर्जा मिलने चाहिए।



पीसी करते जनक देव सिंह।

## टीबी मुक्त अरवल को लेकर वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम ने की बैठक

**अरवल (एनएसबी)**टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं टीबी मुक्त अरवल के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से आज जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष से वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में टीबी स्क्रीनिंग अभियान को और अधिक गति देने, संभावित मरीजों की समय पर पहचान सुनिश्चित करने तथा उपचार की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील समूहों में विशेष स्क्रीनिंग अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि टीबी उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, उद्योगों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से टीबी मरीजों को पोषण सहयोग (फूड बास्केट) उपलब्ध कराने की व्यवस्था को और सुढ़ बनाने का निर्देश दिया। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि टीबी स्क्रीनिंग, समयबद्ध उपचार, नियमित फलो-अप एवं पोषण सहयोग से संबंधित सभी गतिविधियों का मिशन मोड में शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि अरवल को शीघ्र ही टीबी मुक्त जिला बनाया जा सके।



)बैठक करते डीएम।

## विकसित भारतजी राम जी योजना का राष्ट्रीय शुभारंभ, जहानाबाद में लाइव प्रसारण के माध्यम से जुड़े अधिकारी व लाभुक

### ग्रामीण विकास एवं रोजगार सृजन की दिशा में ऐतिहासिक पहल : डीएम

**जहानाबाद।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी शविकसित भारतजी राम जी योजना का राष्ट्रीय शुभारंभ गुरुवार को आंध्र प्रदेश के मुक्कावारिपल्ली से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर जहानाबाद समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया तथा केंद्रीय मंत्री का संबोधन सुना। जिला पदाधिकारी ने कहा कि देश के ग्रामीण विकास एवं रोजगार सृजन के क्षेत्र में यह योजना एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो को नई गति मिलेगी तथा रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा, जिससे आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य साकार होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की यह पहल गांवों के समग्र विकास, आधारभूत संरचनाओं के सुढ़ीकरण तथा ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान लाइव प्रसारण में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने योजना के उद्देश्यों एवं इसके प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी और ग्रामीण विकास से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से पूरी निष्ठा के साथ योजना को धरातल पर सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए, निदेशक एनईपी, डीपीओ मनरेगा सहायक अभियंता, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत रोजगार सेवक, डीआरडीए के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा मनरेगा के सभी प्रखंडों के लाभुक उपस्थित रहे।



बैठक करते अधिकारी।

## बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ, 8 जुलाई तक होंगे विविध जनजागरूकता कार्यक्रम

**जहानाबाद।** बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस के अवसर पर गुरुवार को ज्ञान भवन, गांधी मैदान, पटना से माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस एवं बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह (2 से 8 जुलाई, 2026) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जहानाबाद समाहरणालय से वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की शपथ ली। शपथ के दौरान अधिकारियों ने अपने सभी कार्यो का निष्पादन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करने, जनहित को सर्वोपरि रखने, कानून एवं नियमों का पालन करने तथा किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार में सहभागी नहीं बनने और उसका समर्थन नहीं करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान जिले में विभिन्न रचनात्मक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि आम नागरिकों में ईमानदारी, पारदर्शिता और सुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ करने का आह्वान किया। जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 3 जुलाई को जिला स्तर पर शपथ ग्रहण समारोह, 4 जुलाई को सभी प्रखंड, अंचल, थाना एवं पंचायत स्तर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 5 जुलाई को सतर्कता विषयक व्याख्यान, 6 जुलाई को पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता तथा 7 जुलाई को निबंध प्रतियोगिता आयोजित होगी। 8 जुलाई को जागरूकता सप्ताह का समापन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने कहा कि बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस भ्रष्टाचार मुक्त शासन, ईमानदार कार्यसंस्ति तथा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को सुढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक भ्रष्टाचार के प्रति सजग रहेगा, तभी भ्रष्टाचार मुक्त समाज का सपना साकार हो सकेगा।



अधिकारियों ने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की शपथ ली।

# भाकपा माले का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

**मेहंदिया (एनएसबी)** प्रखंड मुख्यालय परिसर मे गुरुवार को भाकपा माले द्वारा एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना की अध्यक्षता भाकपा माले कलेर प्रखंड सचिव उमेश पासवान ने की। धरना-प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 9 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। मुख्य मांगों में कमर तोड़ महंगाई पर रोक लगाने, राशन कार्ड में हो रही कटौती को बंद करने, बकाया वृद्धा पेंशन का शीघ्र भुगतान करने, भूमिहीन गरीबों को वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक भूमिहीन परिवार को 5 डिसमिल जमीन देने की मांग शामिल रही।इसके अलावा मनरेगा मजदूरों को 200 दिन काम एवं 1000 रुपये दैनिक मजदूरी देने, बंद पड़े नल-जल योजनाओं को शीघ्र चालू कराने, तथा कामता आहार क्षेत्र में बिना अनुमति पोपलेन द्वारा की जा रही मिट्टी कटाई पर रोक लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग भी की गई।धरना को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव जितेंद्र यादव ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में नागरिकता को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को देसी-विदेशी के नाम पर योजनाओं से वंचित करने की साजिश कर रही है। उन्होंने विपक्षी जनप्रतिनिधियों पर ईडी, सीबीआई और धनबल के माध्यम से दबाव बनाने का भी आरोप लगाया।
जितेंद्र यादव ने आगे कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है तथा सरकार की नीतियों के कारण गरीब और कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठित होकर आंदोलन तेज करने की अपील की।इस मौके पर उमेश कुमार, चन्द्रप्रभा देवी, रामविनेश यादव, रामकुमार पासवान, सूर्णनाथ वर्मा, रमेश कुशवाहा, सुऐब आलम सहित भाकपा माले प्रखंड कमिटी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



धरना में शामिल भाकपा माले कार्यकर्ता।

## संक्षिप्त खबरें

### हर दिल अजीज सैयद मुख्तार हुसैन बिक्कन को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

#### होटल राजदरबार में उमड़ा जनसैलाब, पूर्व केंद्रीय मंत्री शकील अहमद व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**जहानाबाद।** जहानाबाद के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय फिदा हुसैन साहब के एकमात्र पुत्र, समाजसेवी एवं लोकप्रिय नेता स्वर्गीय सैयद मुख्तार हुसैन उर्फ शबिक्कनश की स्मृति में गुरुवार को शहर के होटल राजदरबार में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि 23 जून को पटना एम्स में उपचार के दौरान उनका आकस्मिक निधन हो गया था। श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ हुसैन परिवार एवं कांग्रेस नेता सैयद कामरान हुसैन ने स्वर्गीय मुख्तार हुसैन के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के प्रांतीय नेता अशोक कुमार प्रियदर्शी ने किया। सभा में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों, कलाकारों, व्यवसायियों तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उपस्थित होकर नम आँखों से श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय सैयद मुख्तार हुसैन अत्यंत सरल, मृदुभाषी, मिलनसार एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। वे अपने पिता स्वर्गीय फिदा हुसैन की तरह सदैव आमजन के सुख-दुख में सहभागी बनते थे। जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर उन्होंने सभी लोगों को समान सम्मान दिया। सादा जीवन, उच्च विचार और जनसेवा उनके जीवन की पहचान थी। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी फिदा हुसैन साहब की धरती पर आना उनके लिए गौरव का विषय है, लेकिन उनके पुत्र स्वर्गीय सैयद मुख्तार हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मन अत्यंत व्यथित है। उन्होंने कहा कि मुख्तार हुसैन साी, सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रतीक थे। श्रद्धांजलि सभा को भारत सरकार के पूर्व मंत्री शकील अहमद, पूर्व मंत्री अवधेश सिंह, पूर्व सांसद ड. जगदीश शर्मा, पूर्व सांसद ड़ अरुण कुमार, बिहार राज्य स्वतंत्रता सेनानी संगठन एवं उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. कुमार पटेल, ड़ वीरेन्द्र कुमार सिंह, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी मिन्नत रहमानी, प्रेमचंद्र सिंह, जिला प्रभारी खालिद अमीन, पंकज यादव सहित अनेक गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश नेता विमलेश तिवारी, सुदय शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रो़ संजीव कुमार, जदयू जिलाध्यक्ष सुशील सिन्हा, नगर अध्यक्ष सरवर सलीम, भूषण कुमार शर्मा, मो़ अजहरुद्दीन, ड़ रोहित राज, प्रो़ ष्ण मुरारी, ड़ अनवर हुसैन, सुधाकर राजेन्द्र, वरिष्ठ पत्रकार अनिल गुप्ता, अजय विश्वकर्मा, सूरज यादव, राकेश शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, कमलेश कुशवाहा, मो़ शफी, गायत्री देवी, चिंता देवी, अंजु देवी, कौशर आलम सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय सैयद मुख्तार हुसैन शबिक्कनश को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए सेवा, सद्भाव और मानवीय मूल्यों के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

### लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत डीएम ने की अपीलीय मामलों की सुनवाई

#### तीन मामलों की हुई सुनवाई, दो का ऑन द स्पॉट निष्पादन शेष मामले में मापी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश

**जहानाबाद, ।** जिले में पारदर्शी, जवाबदेह एवं समयबद्ध प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की। इस दौरान कुल तीन मामलों की समीक्षा की गई, जिनमें दो मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया। सुनवाई के दौरान पर्चा वितरण एवं अतिक्रमण से संबंधित मामलों पर संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिला पदाधिकारी ने अतिक्रमण से संबंधित अंचल अधिकारी, मोदनगंज के एक मामले तथा पर्चा वितरण से संबंधित अंचल अधिकारी, जहानाबाद सदर के एक मामले का मौके पर ही निष्पादन सुनिश्चित किया। वहीं अतिक्रमण से जुड़े शेष एक मामले में अंचल अधिकारी, मखदुमपुर को संबंधित रास्ते की विधिवत मापी कर आवश्यक तथ्यों एवं साक्ष्यों के साथ अगली सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि लोक शिकायतों के निष्पादन में गुणवत्ता, निष्पक्षता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर न्याय और राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शिकायतों का निपटारा करना ही नहीं, बल्कि लोगों का विश्वास भी मजबूत करना है। किसी भी मामले में लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।



कार्यकम में उपस्थित लोग।

### डीएम ने की जिला भू-अर्जन कार्यालय की योजनाओं की समीक्षा

**जहानाबाद, ।** जिले में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला भू-अर्जन कार्यालय के कार्यो एवं विभिन्न योजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि विभाग की कुल नौ परियोजनाएं संचालित हैं। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि इनमें दो परियोजनाओं में स्थल जांच एवं दर निर्धारण की कार्रवाई चल रही है, जबकि शेष परियोजनाओं में जनसुनवाई तथा सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट (ै।) की प्रक्रिया जारी है। समीक्षा के दौरान एनएच-119डी परियोजना के अंतर्गत मौजा बेरका में लगभग 200 मीटर क्षेत्र में अवरोध की जानकारी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), गया के प्रतिनिधि द्वारा दी गई। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि इस परियोजना से प्रभावित सभी 13 रैयतों को भूमि राशि पोर्टल के माध्यम से मुआवजा भुगतान किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी, मखदुमपुर को अवरोध हटाकर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने का निर्देश दिया। बैठक में मंडई वीयर परियोजना की भी विस्तार से समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शेष प्रभावित रैयतों को अविलंब मुआवजा भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि परियोजना के कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।